फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -207, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 2

एक नजर

सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने दिया बेटे को जन्म

बठिंडा। लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के घर रविवार को एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की मां चरण कौर ने एक बालक को जन्म दिया है। पंजाब के मानसा जिले में करीब दो साल पहले मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है।

सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूइटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जैसा पहले घोषित किया था उसी के अनुसार 15 मई से 31 मई के बीच सीयूईटी-यूजी का आयोजन करेगी।

आठ लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगल में पुलिस के एक संयुक्त दल ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगलों में डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम की कल नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमे पुलिस दल को एक बार फिर बड़ी सफ़लता हाथ लगी। जवानों ने नक्सलियों के मिलिट्री कंपनी पांच के प्लाटून कमांडर मनखेर को मार गिराया। इस पर शासन ने आठ लाख रुपये का इनाम घोषित का रखा था। मौके से भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार बरामद किए गए हैं।

दत्तात्रेय होसबोले फिर चुने गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी में पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सह सरकार्यवाह आलोक कुमार अभी तक अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख तथा अतुल लिमये पश्चिम क्षेत्र प्रचारक का दायित्व देख रहे थे।

इसके साथ ही दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव



संघ के उत्तर क्षेत्र में हुए यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने

संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।

चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

- निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों और आईपीसी धारा 120बी के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही सेक्टर-20 थाने की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। पुलिस ने पूर्व में उनसे पूछताछ की थी। मामले में सेक्टर-49 थाने के प्रभारी उप निरीक्षक को हटा दिया गया था जहां प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह मामला पशु अधिकार समूह 'पीपल फॉर एनिमल्स' के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

- सांप के जहर के इस्तेमाल का मामला

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर
- छह हजार करोड़ रुपये का है पूरा मामला, ईडी कर रही जांच

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

अरुणाचल, सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। अरुणाचल में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापसी की तिथि 30 मार्च तय है। मतगणना दो जून को होगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। मतगणना दो जून को होगी।

- विधानसभा के कार्यकाल को देखते हुए किया गया बदलाव

नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं। पार्टी पांच न्याय - भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कर चुके हैं।

- लोकसभा चुनाव : पार्टी की सीईसी की बैठक होने की भी संभावना

ईडी ने केजरीवाल को फिर भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। अधिकारियों के अनुसार केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। केजरीवाल इस मामले में अब तक आठ समन को अवैध बताते हुए पेश नहीं हुए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड मामला

- पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया
- आबकारी नीति मामले में 9वें समन पर 21 मार्च को तलब

यह चुनाव प्रचार से रोकने की बैकअप योजना : आप

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कार्रवाई के मकसद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि यह किसी भी तरह केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उन्हें लोकसभा चुनाव प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना है।

ठेके में भ्रष्टाचार माध्यम से प्राप्त धन आप को दिया गया

डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेका में अनियमितताओं का आरोप है।

100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस
- बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

अमृत विचार : सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गई है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।

योजना में पेच | शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसद घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिन्हित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। कुल प्रगति की बात करें तो अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति सुधारते हुए शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।

88,637
राजस्व ग्रामों में 16,902 चिन्हित व 5,545 प्रमाणित

100
फीसद कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

सबसे खराब प्रगति

- उन्नाव - 21.33 फीसद
- फिरोजाबाद - 27.37 फीसद
- आगरा - 30.53 फीसद
- मथुरा - 32.33 फीसद
- बलिया - 33.17 फीसद

9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को भूमि

9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर योजना से आच्छादित कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है। इसका जिलाधिकारी स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

पापा का सपना बना अराइजीत की प्रेरणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली, लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सका और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।

अराइजीत ने कहा कि अगर मैं ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी । मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिए सर्वाधिक चार गोल किये थे। उन्होंने कहा कि पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं।

नीदरलैंड के पोल को भारत ने किया गोलकीपिंग कोच नियुक्त

नई दिल्ली। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ काम करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है।

अश्विन ने चुनौतियों को प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने कहा कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया। मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। द्रविड़ ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।

रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर

चेन्नई। सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। उन्होंने कहा कि यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट लेने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ की। वह 2015 तक इसी फ्रेंचाइजी के साथ रहे और दो खिताब जीते। सीएसके का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स का है और श्रीनिवासन कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

खेल डायरी

अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी

वेलिंग्टन, एजेंसी। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

सोनीपत, एजेंसी। दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी। भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

आईपीएल के लिए लौटे विराट आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

कोहली ने बेटे के जन्म के लिए भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से हटने का किया था फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट कोहली लौट आए हैं। रेड किंग भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसमें लिखा था, किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।

आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। अय्यर मुंबई से रणजी के क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे।

चोटिल मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

ढाका। श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने के बाद बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह वन डे से तो बाहर हो गए हैं।

विश्व कप में लगी चोट, टखने से निकाला गया खून: पंड्या

- पिछले विश्व कप में फिटनेस पाने के लिए लगवाएं कई इंजेक्शन
- बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय टखना हुआ था चोटिल

मुंबई, एजेंसी

हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले विश्व कप के लिए फिटनेस पाने की बेताबी में कई इंजेक्शन लगवाए और टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया, लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ा।

विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने एड़ी पर तीन अलग-अलग जगह पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं पूरा प्रयास करता हूं। पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।

पंड्या ने कहा कि जब मैं अपनी ओर से कोशिश कर रहा था तो यह चोट फिर से उबर गई और यह ऐसी चोट में तब्दील हो गई, जिससे उबरने में 3 महीने लग लए। मैं चलने में सक्षम नहीं था, लेकिन मैं उस समय दौड़ने की कोशिश कर रहा था। इस खिलाड़ी को पांच दिनों में टीम में वापसी का भरोसा था लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ।

गुलवीर ने 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकेंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही।

मैनचेस्टर सिटी छठी बार सेमीफाइनल में

एफए कप

लंदन, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। इस बीच दूसरी श्रेणी की टीम कोवेंट्री ने स्टॉपेज टाइम में दो गोल करके वॉल्वरहैम्पटन को 3-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोवेंट्री ने तब खिताब जीता था। एलिस सिम्स ने 10 मिनट के अतिरिक्त समय में पहला गोल करके कोवेंट्री को बराबरी दिलाई जबकि अमेरिका के स्ट्राइकर हाजी राइट ने उसकी तरफ से विजयी गोल दागा।

बॉलीवुड हलचल

मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं, वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज

मुंबई, एजेंसी। नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

होली का चढ़ने लगा रंग, घरों में बनने लगे चिप्स और पापड़

महिलाएं बोलीं-बाजार के चिप्स-पापड़ महंगे व हानिकारक इसलिए घर में बना रहे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। रंगों के त्योहार होली की तैयारी को लेकर नगर से गांव तक महिलाएं आलू के चिप्स, पापड़ सहित कई तरह के पकवान मेहमानों के लिए बनाने में जुट गई हैं। गृहणियों का कहना है कि बाजार में मिलने वाले चिप्स महंगे होने के साथ अच्छी क्वालिटी के नहीं होते। इसीलिए घर में ही चिप्स पापड़ बना रही हैं।

आगामी 24 मार्च को होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंग-गुलाल खेला जाएगा। इसे लेकर बाजारों में रंग, पिचकारी, चिप्स व पापड़ की बिक्री शुरू हो गई है। वहीं मौसम में उलटफेर से चिप्स, पापड़ बनाने की धीमी गति धूप खिलते ही तेज हो गई है। अधिकतर घरों में महिलाएं दूसरे काम छोड़ छतों पर पूरे दिन पर्व की तैयारियों में जुटी नजर आ रहीं हैं।

छतों पर हंसी-ठिठोली के बीच माहौल खुशनुमा हो जा रहा है।

होली की तैयारी को लेकर घर में पापड़ बनाती युवती। अमृत विचार

विभिन्नता देने के लिए चावल के आटे के पापड़, सूजी के पापड़, साबूदाना के पापड़, आलू के पापड़ बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में रेडीमेड पापड़ व चिप्स के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं बाजार में आलू 15 से 20 रुपये किलो में बिक रहा है। ऐसे में आलू के पापड़ बनाए जाने पर महिलाएं अधिक जोर दे रही है।

गुझिया बनाने की हो रही तैयारी

जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे लगभग सभी घरों में गुझिया बनाने की खुशबू आ रही है। होली का पर्व मेहमाननवाजी के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से खोवा, चीनी, सूजी, मैदा, मेवे आदि से तैयार गुझिया सबकी पहली पंसद होती हैं। घरों में महिलाएं तो स्वादिष्ट गुझिया तैयार करने में जी जान से लगी हैं।

त्योहार पर खोवा का रेट 300 रुपये पार

एक सप्ताह पहले तक खोवा बाजार में ढाई सौ रुपये प्रति किलो बिक रहा था, लेकिन होली के चलते खोवा की मांग बढ़ने पर इसका भाव भी ज्यादा हो गया। रविवार को अकबरपुर की साप्ताहिक बाजार में खोवा थोक में 300 रुपये व फुटकर में 350 रुपये किलो तक बिका। जबकि अभी होली में अभी एक सप्ताह है। ऐसे में रेट चार सौ रुपये से भी ज्यादा होने की उम्मीद है।

होली पर मिलावटखोर भी हुए सक्रिय

होली का त्योहार नजदीक आते ही जिले भर में मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। होली पर सबसे ज्यादा खोवा से बनी मिठाइयां और गुझिया तैयार की जाती हैं। मिलावटी खोवा ग्रामीण इलाकों में दूधियों द्वारा तैयार किया जाता है। इस पर रोक लगाने में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। जबकि विभाग ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नकली दूध, मावा और मिठाई के कारोबारियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं, लेकिन यह टीम क्षेत्र में जाकर महज औपचारिकता निभाकर लौट आती है। आरोप है कि इनके साठगांठ से ही यह धंधा फल-फूल रहा है। मिलावटी मिठाई और खोवा के साथ ही मिलावटी कचरी, पापड़ और नमकीन बनाए जाने का काम भी तेज हो गया है।

मिट्टी का टीला धंसने से महिला दबी, गई जान

संवाददाता संदलपुर

अमृत विचार। होली त्योहार को लेकर घर में लिपाई-पुताई के लिए हथूमा गांव में महिला टीले से मिट्टी खोदने गई थी। तभी टीला धंसने से मलबे में दबकर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की है।

पप्पी देवी।

डेरापुर थाना क्षेत्र के हाथूमा गांव निवासी राजेश कुमार की पत्नी पप्पी देवी (40) होली त्योहार को लेकर लिपाई-पुताई करने के लिए घर से कुछ दूरी पर रविवार सुबह टीले से मिट्टी लेने गई थी। जब वह मिट्टी खोदाई कर रही थी। तभी अचानक मिट्टी का टीला धंस गया और पप्पी देवी मलबे में दब गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाकर पप्पी देवी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतका का पति राजेश, पुत्र गोलू, अभिषेक, पुत्री नेहा, निशु समेत अन्य रोते-बिलखते रहे। वहीं होली त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

टीला धंसने से महिला की मौत पर जानकारी लेती पुलिस व लोगों की भीड़।

सार-संक्षेप

सुनवाई करतीं एसओ व टीम की सदस्य। अमृत विचार

प्रोजेक्ट नई किरण : तीन मामलों में आपसी समझौता

कानपुर देहात। रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 30 मामले रखे गए। नई किरण के सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, हेड कांस्टेबल राममूर्ति देवी, कांस्टेबल आरती, इन्दू, रामा देवी, रागिनी, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

सादाब बने सपा लोहिया वाहिनी के नगर अध्यक्ष

राजपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन पर जनपद की समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बीरु कुशवाहा ने कस्बा राजपुर के मो. सादाब को नगर पंचायत राजपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं मुलायम सिंह यूथ विग्रेड के जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने राजपुर के आसिफ राईन को नगर अध्यक्ष और राहुल चंदेल को जिला सचिव मनोनीत किया है। जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सपा के जिला सचिव अनवार खां मुन्ना व सपा नेता जावेद खां पठान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी ने युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। जिससे युवा कार्यकर्ताओं में पार्टी के लिए कार्य करने की एक नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं मो. सादाब ने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा दिखाया है उस पर वह खरा उतरने की कोशिश करेंगे। साथ ही संगठन को मजबूत कर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक देंगे।

सपा लोहिया वाहिनी के राजपुर नगर अध्यक्ष मो. सादाब।

चौकी प्रभारी को विदाई देते साथी पुलिसकर्मी। अमृत विचार

स्थानांतरण पर चौकी प्रभारी को दी विदाई

संदलपुर। जिले के पुलिस महकमे में पिछले दिनों चली तबादला एक्सप्रेस में 23 इंस्पेक्टर व उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। इसी क्रम में मंगलपुर को थाना क्षेत्र की संदलपुर चौकी प्रभारी अवनीश कुमार वर्मा को भोगनीपुर थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात किया है। इस पर रविवार को संदलपुर चौकी परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। लोगों ने स्थानांतरित उपनिरीक्षक को पुष्प माला व अंग वस्त्र भेंट कर विदाई दी। साथ ही अमरौधा से आए संदलपुर चौकी प्रभारी के तौर पर आए उपनिरीक्षक कौशल कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कॅरियर काउंसिलिंग शिविर में मौजूद युवा। अमृत विचार

पढ़ाई की निरंतरता से हासिल होगा लक्ष्य

मंगलपुर। कस्बे में रविवार को ग्रामीण शिक्षा उत्थान एवं मानव सेवा समिति की ओर से कैरियर काउंसिलिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कानपुर से आए विशेषज्ञों ने व्यवसायिक, मेडिकल, प्रोफेशनल व तकनीकी पाठ्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम चयन के लिए मार्गदर्शन किया। इस दौरान छात्रों में अपने भविष्य को लेकर प्रश्न पूछने की होड़ रही। ग्रामीण अंचल के छात्र इंटरमीडिएट के बाद जानकारी के अभाव में पाठ्यक्रम का सही से निर्धारण नहीं कर पाते हैं। वह दूसरों का अनुकुरण करते हुए ही कोर्स का चयन कर लेते हैं। जिससे ग्रामीण अंचल के ज्यादातर छात्र बेरोजगार रह जाते है। जिसको देखते हुए कैरियर काउंसलिंग के लिए ग्रामीण शिक्षा उत्थान समिति के तत्वावधान में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डेढ़ सैकड़ा से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। कानपुर से कई संस्थाओं के आए विशेषज्ञों ने छात्रों की इच्छा अनुसार उन्हें व्यावसायिक व तकनीकी पाठ्यक्रम चुनने की जानकारी दी। विशेषज्ञ विवेक कुशवाहा ने कहा कि बच्चों को अपनी क्षमता औऱ योग्यता के अनुसार आधुनिक विषयों का चयन करना चाहिए। जिससे पढ़ाई की निरंतरता बनी रहे और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। वहीं अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक कटियार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्किल्ड होना बहुत जरूरी है। गौरव राजपूत ने कहा कि ट्रेडिशनल पढ़ाई का क्षेत्र सीमित हो गया है। अब छात्रों को टेक्निकल पढ़ाई की ओर बढ़ना चाहिए। इस मौके पर समिति संचालक महेंद्र वर्मा, विवेक कुशवाहा, रामदुलारे पाल, ज्ञानेश सक्सेना, डॉ राजेंद्र वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, दीपक कटियार, गौरव राजपूत, प्रदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 1347 मरीजों का उपचार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों में 1347 मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। वहीं 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भव के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेले में मरीजों को परामर्श देकर इलाज किया गया। इस दौरान सीएमओ समेत अन्य अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लेते रहे।

संदलपुर क्षेत्र हवसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित आयुष्मान भवः मेले में कुल 15 मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। वहीं डेरापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेले के दौरान 50 मरीजों का उपचार किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने लोगों को बीमारी से बचाव के महत्त्वपूर्ण टिप्स भी दिए। बताया कि प्रत्येक रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है।

शिवली पीएचसी में आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. एके सिंह।

हवासपुर सीएचसी में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

- **जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगे आरोग्य मेले**

उन्होंने मौसम परिवर्तन के चलते लोगों को बीमारी के प्रति एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि रात्रि के समय में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क कर जांच के बाद दवा का सेवन करें। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक हवासपुर डॉक्टर मुनीश, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. वैभव कटियार, डॉक्टर गौरव पाल, डॉक्टर धर्मेंद्र, शुभम कुमार, हरिओम मिश्रा, डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर अनुपम कुमार, डॉक्टर अंकित शुक्ला समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

वहीं सीएमओ डॉ. एके सिंह ने पीएचसी मैथा व शिवली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची और चिकित्सकों को निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी-जुकाम व बुखार के 197 मरीज, त्वचा रोग के 181 मरीज, पेट व दस्त के 115 मरीज समेत कुल 1347 मरीजों का उपचार किया गया है।

कार की खिड़की से टकराकर बाइक सवार दो किशोर घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जीजीआईसी रोड पर अचानक कार की खिड़की खुलने से बाइक सवार दो किशोर टकरा कर घायल हो गए। चौकी गांव निवासी अरविंद यादव ने बताया कि उनका पुत्र मयंक (17) व गोपाल (16) बाइक में सवार होकर जीजीआईसी रोड से इंटर कालेज मैदान के पास सिलिंडर लेकर गैस भराने के लिए जा रहे थे। तभी जीजीआईसी रोड पर खड़ी कार में बैठे युवक ने अचानक खिड़की खोल दी। जिससे बाइक सवार दोनों किशोर खुली खिड़की में टकराकर घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. राजवीर ने प्राथमिक उपचार किया। इधर, यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क हादसों से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना यकीनी बनाएं।

रमऊ में राशन मॉडल शॉप शुरू

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमऊ में शासन के निर्देशन पर नव निर्मित राशन मॉडल शॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश चंद्र मिश्रा ने फीता काटकर किया।

उन्होंने ग्राम प्रधान सैय्यद जमाल अहमद द्वारा ग्राम पंचायत रमऊ में कराए गए विकास कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि अभी तक राशन डीलर अपने घर या फिर निजी जगह पर दुकान बनाकर राशन का वितरण करते हैं। तहसील क्षेत्र के कई गांवों में यह व्यवस्था बदलने जा रही है। अब गांवों में भी मॉडल शॉप की तर्ज पर राशन की दुकानें बनेंगी।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में राशन की दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इनके बनने के बाद राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए डीलर के घर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसकी शुरुआत राजपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रमऊ से हो गई है।

मॉडल शॉप के उद्घाटन पर संबोधित करते प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव व अन्य।

- **राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव ने किया उद्घाटन**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा सबका साथ, सबका विकास के तर्ज पर अपनी टीम के साथ गांव में कराए गए कार्यों की सराहना की। राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इस्लाम कुरैशी, पीतमपुर प्रधान शहनाज आरफा, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष व सिलहरा प्रधान रामवली सिंह कठेरिया आदि मौजूद रहे।

रैली से दिया गौरैया संरक्षण का संदेश

कानपुर देहात। इस समय गौरैया का प्रजनन और संवर्धन समय चल रहा है। इसके लिए दाना-पानी रख कर इसकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। यह बात गौरैया संरक्षण अभियान के तहत ज्वालादेवी ज्ञानदा कालेज कुंतलिया के एनसीसी कैडेट की जागरूकता रैली में लेफ्टिनेंट वीर सिंह पाल ने कही।

प्रति वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। रविवार को जागरुकता रैली के दौरान डॉ. अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रकृति का सौंदर्य अचरज और जैव विविधताओं से भरा हुआ। जिसका उदाहरण घरेलू पक्षी गौरैया भी है। यह मानव का सहगामी अण्डयुज पक्षी सोलह सेंटीमीटर लंबी और बत्तीस ग्राम तक वजनी होती है। पर्यावरण मित्र एवं राज्य अध्यापक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि एक-दूसरे के कंधों पर सिर रखकर सोने वाली प्यारी गौरैया और अन्य पक्षी फसलों में कीटनाशक के छिड़काव से मर रहे हैं।

प्रति विद्यालय 700 रुपये का शासन से मिला बजट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मध्याह्न भोजन योजना के तहत अब रसोइये सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पकाएंगे। एप्रन, ग्लब्स सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए बजट आवंटित हो गया है। प्रत्येक विद्यालय को सात सौ रुपये का बजट मिला है। इससे जिले के 1925 परिषदीय विद्यालयों को फायदा मिलेगा।

परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों को एमडीएम दिया जाता है। भोजन पकाने की जिम्मेदारी रसोइयों की होती है। कई बार औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोइया बिना सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पका रही हैं। अब रसोइयों को ग्लब्स, एप्रन, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री खरीदने के लिए बजट दिया गया है। यह बजट सीधे विद्यालय प्रबंध समिति के खातों में भेजा जाएगा।

- **रसोइयों के लिए खरीदे जाएंगे एप्रन-ग्लब्स व अन्य सामग्री**

प्रधानाध्यापक बजट को निकालकर मार्च में खर्च करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बीईओ को उपभोग प्रमाण पत्र भी मुहैय्या कराएंगे। यह बजट किसी दूसरे मद पर खर्च नहीं किया जाएगा। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से मिडडे-मील के लिए करोड़ों रुपये जारी कर दिए हैं। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि मिडडे-मील वितरित करने वाले जिले के सभी विद्यालयों के लिए प्रति विद्यालय 700 रुपये की दर से यह लिमिट जारी की गई है। इस राशि का प्रयोग रसोइयों के लिए एप्रन, ग्लब्स, हेड कवर, हाथ धोने का साबुन, लेखन सामग्री आदि के लिए किया जा सकता है।

जिले की चार सीटों पर चौथे और पांचवें चरण में मतदान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। जिले में चौथे व पांचवें चरण में मतदान होगा।

बता दें कि जनपद की चार विधानसभाएं अलग-अलग चार लोकसभा क्षेत्रों में आती हैं। इनमें अकबरपुर-रनियां विधानसभा सीट, अकबरपुर लोकसभा, रसूलाबाद विधानसभा सीट कन्नौज लोकसभा, सिकंदरा विधानसभा सीट इटावा लोकसभा व भोगनीपुर विधानसभा सीट जालौन-गरौठा लोकसभा क्षेत्र में आती है। लोकसभा सीट अकबरपुर, इटावा व कन्नौज में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान किया जाएगा। जबकि जालौन-गरौठा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि चौथे चरण के लिए निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल को होगी। 25 अप्रैल को नामांकन, 29 को नाम वापसी व 13 मई को मतदान होगा। जबकि जालौन-गरौठा लोकसभा के लिए भोगनीपुर में 26 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगा।

- **जिले में चार विधानसभा क्षेत्र हैं और लोकसभा क्षेत्र भी चार हैं**

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

श्रीमद्भागवत कथा

तिलक नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन, अंतिम दिन श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया

सखा सुदामा को श्रीकृष्ण ने लगाया गले

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। कस्बा के तिलक नगर में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य ने प्रभु श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

रविवार को आचार्य संदीप कृष्ण वशिष्ठ ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहते हैं कि सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचते हैं। वह द्वारिकाधीश के महल का पता पूछकर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई ब्रह्मण उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है।

जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। इसके बाद श्रीकृष्ण जी सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। परीक्षित शिवम गौड़, सुप्रिया, दीपिका गुप्ता, साधना देवी, संगीता, पूजा गौड़, जगदीश द्विवेदी, अंशू गौड़, संदीप गौड़, प्रदीप गौड़, रिंकू बाजपेई, संजय गुप्ता, विवेक मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा सुनतीं श्रद्धालु। अमृत विचार

संकट मोचन हनुमान मंदिर में कथा सुनाते आचार्य संदीप कृष्ण। अमृत विचार

श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राप्त होती सदबुद्धि

पुखरायां। परीक्षित जी ने एक बार सारंगी ऋषि के गले में सर्प डाल दिया। जिससे क्रोधित होकर उन्होंने परीक्षित को श्राप दिया कि सातवें दिन उनकी सांप काटने से मृत्यु हो जाएगी। साथ ही श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से इस पाप का नाश होगा। यह बात श्रीधाम वृंदावन से आई कथा वाचिका देवी पूजा किशोरी ने पुखरायां के श्याम नगर में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब-जब देवी-देवताओं पर असुरों ने हमला किया है और उनके यज्ञ खंडित किए हैं। तब-तब उनको इसका दुष्परिणाम भोगने को मिला है। जब-जब अधर्म का धर्म पर बोलबाला बढ़ा है। सत्य पर असत्य हावी हुआ है। तब मानव शरीर धारण कर परमात्मा ईश्वर उनका संहार करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से लोगों के सारे कष्ट दूर होते हैं और मानव को सद्बुद्धि प्राप्त होती है। तन-मन व धन की खुशियां प्राप्त होती है। श्रीमद्भागवत कथा मात्र सुनने से भक्त करोड़ों यज्ञ के बराबर पुण्य प्राप्त करता है। इस अवसर पर परीक्षित रमेश चंद्र यादव व अन्य भक्त उपस्थित थे।

कथा सुनातीं देवी पूजा किशोरी।

अब आसानी से बनाया जा सकेगा लोटस सिल्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अब 'लोटस सिल्क' को बनाना आसान हो गया है। सीएसए विवि की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रितु पांडेय ने एक ऐसा उपकरण तैयार किया है, जिससे कमल के तने से आसानी से रेशे निकाले जा सकते हैं। उपकरण को भारत सरकार की ओर से पेटेंट प्रमाण पत्र भी दे दिया है। उपकरण की सहायता से कामगारों को भी कमल के तने से रेशे निकालने में आसानी हो सकेगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व डीन कम्युनिटी साइंस डॉ मुक्ता गर्ग ने डॉ रितु पांडे को शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. रितु पांडेय को प्रमाण पत्र सौंपते हुए कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह। अमृत विचार

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रितु पांडेय ने बताया कि इस शोध को उन्होंने वर्ष 2016 में शुरू किया था। कमल के तने से निकलने वाले रेशों की कीमत फिलहाल 32 डॉलर प्रति सौ ग्राम है। मणिपुर सहित कई स्थानों पर इसका बड़े स्तर पर कारोबार होता है। अभी तक कोई उपकरण न होने से कमल के तने से रेशे हाथ से ही निकाले जाते हैं। इससे बहुत अधिक मात्रा में रेशे खराब हो जाते हैं। अब उपकरण के आने से 'लोटस सिल्क' का कारोबार करने वाले किसानों के रेशे खराब नहीं होंगे।

- सीएसए की प्रोफेसर ने बनाया कमल के तने से रेशे निकालने का उपकरण
- भारत सरकार की ओर से किया गया पेटेंट, कारीगरों को होगी आसानी

मशीन की खासियत

डॉ. रितु पांडेय ने बताया कि छोटे आकार की मशीन को आसानी से एक हाथ से चलाया जा सकता है। मशीन को चलाने के लिए बिजली की जरूरत होती है। इस मशीन से सिर्फ तीन मिनट में ही सौ ग्राम रेशे आसानी से निकाले जा सकते हैं।

ऐसे होता है कारोबार

उन्होंने बताया कि कमल के तने से धागा निकालने व उससे कपड़ा बनाने की प्रक्रिया केमिकल से रहित है। कमल के तने से रेशे निकालने का कार्य भारत, म्यांमार व कंबोडिया में होता है। लोटस सिल्क वस्त्रों की डिमांड यूरोपीय देशों में ज्यादा है।

सड़क ध्वस्त, आवागमन मुश्किल

संवाददाता रसूलाबाद

अमृत विचार। क्षेत्र के बादशाहपुर से मुर्री को जाने वाली सड़क दो दशक पहले बनी थी। जो अब जगह-जगह टूट गई है। ऐसे में आए दिन लोग गिरकर चुटहिल होते हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

रसूलाबाद विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरिगौ के मजरा बादशाहपुर से मुर्री को जाने वाली खड़ंजा सड़क लगभग दो दशक पूर्व बनी थी, जो अब जगह-जगह टूट गई है। जिसा वाहन सवार गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। गांव निवासी पंकज कुशवाहा, प्रदीप, सतीश, रमाकांत यादव, शैलेश यादव, महेंद्र, वीरेंद्र यादव, लाल सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बनी एक पुलिया के टूट गई है। जिसमें लोग वहीं पर ज्यादा गिरते हैं। स्कूली बच्चे भी कई बार गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्या निराकरण के लिए अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। जिससे आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। इस बावत खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की जांच कर समाधान किया जाएगा।

बादशाहपुर से मुर्री जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त है।

एक नजर

कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर पर दर्ज कराएं शिकायत

कानपुर देहात। रविवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. ने बताया कि संचालित गौशालाओं व निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, सिंचाई, बिजली समस्या, बीज वितरण, खाद वितरण से संबंधित शिकायतों के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिस पर लोग अपनी शिकायतें एवं सुझाव दर्ज करा सकते हैं। जिनका संज्ञान लेकर 24 घंटे के अंतराल में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 18002701988 व 7068185751 पर संपर्क किया जा सकता है।

दुकान खाली न करने पर छेड़छाड़, रिपोर्ट

कानपुर। गुजैनी निवासी एक महिला ने एक युवक व उसके साथियों पर दुकान न खाली करने पर बेटी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गुजैनी निवासी एक महिला के अनुसार उनकी सिलाई की दुकान है। क्षेत्र का विवेक पांडेय अपने बेटे व साथियों के साथ आकर दुकान खाली करने की धमकी देने लगा। विरोध पर बेटी को अगवा व जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपी के बेटे नितिन पांडे ने अपने साथियों के साथ मिलकर 13 मार्च को बेटी से छेड़छाड़ की। आरोपी उनको व बेटी को परेशान कर रहे हैं।

बिजली व्यवस्था चकाचक करने के लिए 27 करोड़ रुपये और मिले

केस्को बोर्ड की वर्चुअल बैठक में चेयरमैन ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहरवासियों को गर्मी में बिजली का सितम न झेलना पड़े, इसलिए यूपीपीसीएल ने केस्को के बिजनेस प्लान में 27.75 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की है। केस्को अब इस साल 40 करोड़ रुपये के बजाय 67.75 करोड़ रुपये खर्च कर सकेगा। केस्को आठ सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि करेगा। इन सबस्टेशनों में लगे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मरों की जगह 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। साथ ही जर्जर व्यवस्थाओं में भी सुधार करेगा।

शहर में केस्को के सात लाख उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं को वर्ष 2023 की गर्मी में बिजली के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। केस्को हर बार बजट कम होने की बात कहता था। मामले का इस बार यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल ने संज्ञान लिया। उन्होंने केस्को को शासन से मिलने वाले 40 करोड़ रुपये के बजट में 27.75 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि पहले यूपीपीसीएल से केस्को को बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 के कार्यों के लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब यह धनराशि बढ़ाकर 67.75 करोड़ रुपये कर दी गई है।

08 सबस्टेशनों की क्षमता में वृद्धि होगी

10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे

126 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे

11 केवी जर्जर कंडक्टर बदलने का निर्णय

इन सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि की जाएगी

इसमें दादा नगर उद्योग कुंज, हंसपुरम, महाबलीपुरम, किदवई नगर 40 दुकान, मालरोड, अफीमकोठी, केशवपुरम व जवाहरपुरम सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इन सभी सबस्टेशन में लगे पांच एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाया जाएगा। इनकी जगह दोगुनी क्षमता के यानि 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि होने का फायदा सबस्टेशन से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं को होगा।

10 सबस्टेशनों का बदलेगा जर्जर सिस्टम

केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक आठ सबस्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के साथ 10 अन्य सबस्टेशनों का जर्जर पॉवर सप्लाई सिस्टम भी बदला जाएगा। जिसमें नवाबगंज, सर्वोदय नगर, आरटीओ, नमक फैक्ट्री, कल्याणपुर, गंगाबैराज आदि सबस्टेशन शामिल है। इन सबस्टेशनों के जर्जर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर, करंट व ट्रांसफार्मरों का मरम्मत, रखरखाव आदि कार्य भी किया जाएगा। ताकि लोगों को पॉवर ट्रिपिंग की समस्या का सामना न करना पड़े।

ओवरलोडिंग की समस्या भी हो सकती हल

केस्को मीडिया प्रभारी ने बताया कि ओवरलोडिंग की समस्या हल करने के लिए कई जगहों पर 126 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। आठ ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि भी की जाएगी। साथ ही 9.2 करोड़ रुपये से 11 केवी जर्जर कंडक्टर व एबी केबिल बदली जाएगी।

उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार को हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अध्यक्षता उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने की।

सिविल लाइंस में हुई बैठक में लगभग 150 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें संरक्षक प्रमोद जायसवाल, चेयरमैन सुबोध चोपड़ा, अध्यक्ष शैल शुक्ला, महामंत्री अनूप तिवारी दक्षिण क्षेत्र, मोहम्मद कलीम उत्तर और अमर शंकर गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मनोनयन के साथ 11 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 40 उपाध्यक्ष, 30 मंत्री, 30 संगठन मंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 25 कार्यकारिणी के सदस्यों का मनोनयन किया गया। सभी पदाधिकारी शहर के विभिन्न बाजारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कानपुर ग्रामीण क्षेत्र का अध्यक्ष सदन तिवारी को नियुक्त किया गया है। कंछल ने कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के रूप में आयुष द्विवेदी को फिर मनोनीत किया और आशीष सचान को युवा उद्योग व्यापार मंडल का प्रभारी मनोनीत किया।

रोजा इफ्तार करते रोजेदार।

रोजा ही करेगा बंदे की खुदा से सिफारिश

संवाददाता राजपुर

- रमजान के छठवें रोजे पर नमाज अता कर मांगी दुआ

अमृत विचार। रमजान के पवित्र महीने में रोजेदार रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रमजान रहमतों का महीना है। रविवार को मुकददस रमजान के छठवें रोज़े में रोजदारों ने पांच वक्त की पाबंदी से नमाज और रोजा रखकर मुल्क की बेहतरी के लिए दुआ मांगी गई।

इमाम मौलाना सैयद अजमत अली।

सिकंदरा, राजपुर, जल्लापुर, सटटी, रमऊ, अफसरिया समेत क्षेत्र की सभी मस्जिदों में लोग रोजे की हालत में इबादत करने में जुटे रहे। नौजवानों के अलावा बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं भी रोजा रखकर खुदा से गुनाहों से पनाह मांग रहे हैं। मुकद्दस रमजान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए राजपुर की नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैयद अजमत अली ने बताया कि रोजा बुरे कामों से बचाकर रोजदार को नेक रास्ते पर ले जाने का जरिया है। उन्होंने कहा कि नवी का फरमान है कि रोजा और कुरान कयामत के दिन बंदे की अल्लाह से सिफारिश करेंगे। रोजा कहेगा ऐ मेरे रब मैंने उसे दिन में खाने पीने और शहवत के काम से रोका। लिहाजा बंदे की शफाअत कबूल फरमा। कुरान कहेगा कि ऐ मेरे रब मैंने उसे रात में सोने से रोका था। लिहाजा उसकी सिफारिश कुबूल फरमा। अल्लाह के रसूल ने फ़रमाया कि खुदा रोजा और कुरान की सिफारिश कुबूल करेंगे।

सेंट्रल स्टेशन पर डाली जा रहीं हाईस्पीड नेटवर्क केबिलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेंट्रल स्टेशन पर नेटवर्क और डाटा स्पीड की समस्या दूर करने के लिए सुरंग रास्ते से लेकर कार्यालयों तक नई डाटा केबिल डाली जा रही है। अब यात्री सुरंग रास्ते में बगैर नेटवर्क ब्रेक हुए आसानी से बात कर सकेंगे।

कर्मचारियों ने बताया कि इससे नेटवर्क ब्रेक की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। पहले सुरंग, कार्यालयों में बात करते हुए नेटवर्क गायब हो जाता था, फोन कट जाता था। कई बार बात नहीं हो पाती थी। इसके साथ ही डाटा स्पीड में भी समस्या आती थी। अब यह समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

इन दिनों पर सेंट्रल पर अमृत भारत योजना के तहत काफी काम चल रहा है। निर्माण कार्य के कारण कुछ लाइनें खराब हुई हैं। डिस्प्ले बोर्ड, रेलटेल, इलेक्ट्रिक की भी नई लाइनें डाली जा रही हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि वाईफाई की सुविधा भी अब होगी। यह तभी संभव है जब हाईस्पीड नेटवर्क का उच्चीकरण होगा। उसी दिशा में काम हो रहा है और केबिलें डाली जा रही हैं।



सुरंग के रास्ते पर केबिल डालता कर्मचारी। अमृत विचार

- डाटा स्पीड बढ़ेगी, नेटवर्क समस्या दूर होगी

फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो की वायरल

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में आरोपियों ने युवती के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी और परिवार की अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चकेरी निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि बीते कई माह से इंस्टाग्राम समेत अन्य प्लेटफार्म पर उसके नाम से फर्जी अकाउंट बनाए गए। आरोपियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उसके व परिवार के लोगों की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। आरोपियों ने परिवार के मोबाइल नंबर के साथ एक चैट लिखी जिसमें बहुत ही अश्लील बातें लिखी गईं। जिसके बाद से उसके पास अंजान नंबरों से बदतमीजी की कॉल आने लगीं।

आईआईटी के अनुबंध कर्मी की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर निकला आईआईटी के प्रोजेक्ट में अनुबंध कर्मी रावतपुर मेट्रो स्टेशन के पास पड़ा मिला। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

देवेश शुक्ला।

मूलरूप से बिल्हौर के गांव गढ़ का रहने वाला 24 वर्षीय देवेश शुक्ला कल्याणपुर थानाक्षेत्र में अवधपुरी इलाके में रहता था। मां मनोरमा ने बताया कि बेटा आईआईटी के प्रोजेक्ट में अनुबंध कर्मी था। पत्नी बीना सरकारी शिक्षिका हैं। ड्यूटी होने के कारण बाराबंकी में रहती है। आरोप लगाया कि उनका पारिवारिक लोगों से प्रापर्टी का विवाद चल रहा है। उनके मकान पर कब्जा भी कर चुके हैं। इन सभी तनाव के कारण वह शराब पीकर सूटरगंज रिश्तेदार के यहां चला गया। आरोप लगाया कि उन लोगों ने उसे जमकर मारापीटा। मां और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व वह बैंक से रुपये निकालकर रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर निकला था। फिर नहीं लौटा। रविवार काकादेव पुलिस ने घर आकर सूचना दी। उन लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शिनाख्त की। मां और बहन गरिमा शुक्ला का आरोप है, कि रिश्तेदारों ने कुछ खिला पिलाकर हत्या कर दी है।

महिला की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

विवाहिता ने फंदा लगा दे दी जान, केस दर्ज

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नारायणपुरवा गांव में एक महिला ने गृह कलह के चलते फंदा लगाकर जान दे दी। सिठमरा चौकी क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी सुशील की पत्नी प्रतिमा (27) ने गृह कलह पर शनिवार की रात में घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या करने आरोप लगाया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। दरोगा जसवीर सिंह ने बताया के आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रिसर्च शोध का मिल रहा लाभ, टीबी की दवा लंबी खुराक से आंखों की रोशनी होती कम

टीबी मरीजों की रोशनी लौटा रहे डॉ. परवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लंबे समय तक दवा चलने की वजह से कुछ टीबी मरीजों को कम दिखाई देने की समस्या हो जाती है। मरीजों को कौन सी दवा नुकसान कर रही और उनकी रोशनी कैसे लौटे, इस संबंध में जीएसवीएम के डॉ.परवेज खान ने करीब सात साल स्टडी की। बीते छह माह में 20 मरीजों की आंखों का 80 फीसदी विजन लौटा है। दावा है कि देश में ऐसा शोध पहली बार हुआ है।

टीबी की दवाओं में शामिल एक दवा मरीजों की आंखों की नसों पर असर करने लगती है। नस धीरे-धीरे सूखने लगती है और तब आंखों का विजन कम होने लगता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.परवेज खान ने बताया कि ओपीडी में एक माह में ऐसे करीब 30 से 35 मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे मरीजों का विजन को कैसे वापस लाएं, इस संबंध में सात साल स्टडी की, जिसमे अब जाकर सफलता मिली है।

शोध में डॉ. इंदु यादव ने कई तरह के मरीजों को शामिल किया। इसके बाद उन पर अलग-अलग दवा का प्रयोग किया गया, जिनमे पेंटॉक्सिफाइलाइन दवा का असर काफी अच्छा रहा। पिछले छह माह के अंदर 20 मरीजों की आंखों की रोशनी लौटी। यह शतप्रतिशत तो नहीं है, लेकिन 80 फीसदी विजन मरीजों का लौट आया है।

ओपीडी में मरीज को देखते नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.परवेज खान। अमृत विचार

पूरे देश में कहीं नहीं है इसका इलाज

डॉ.परवेज खान का दावा है कि इस बीमारी का अभी तक पूरे देश में कोई भी इलाज नहीं है, क्योंकि जब आंखों की नसें सूख जाती थी तो उस पर दवा का असर भी खत्म हो जाता है। लेकिन शोध में खोजी दवा टीबी मरीजों की आंखों के लिए रामबाण साबित हुई है। यह दवा सस्ती है पुरानी है। इस शोध को अब पब्लिश करने की तैयारी की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमा शंकर मिश्रा, निवासी– डी 832 ओमेक्स सिटी लखनऊ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2013 का अंतिम पृष्ठ अर्थात दफा 60। प्रवीण मिश्रा के नाम से क्रमांक 18710 और आवंटन पत्र खो गया है। संपत्ति का पता डी 734 ओमेक्स सिटी लखनऊ है। मैं आगे बताता हूं कि मैं एसबीआई बेहटा शाखा कोड 014895 से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर समतामूलक बंधक बनाना चाहता हूं। मूल विक्रय विलेख के अंतिम पृष्ठ के खो जाने के संबंध में एफआईआर संख्या– 20240000208992 दिनांक 17/03/2024 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यदि किसी पक्ष का उक्त प्रासंगिक संपत्ति पर कोई दावा है तो उसे इच्छुक पक्ष के साथ–साथ इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा में भी दर्ज कराया जाना चाहिए।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1731046 इण्टरमीडिएड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र 2012 वर्ष अनुक्रमांक 1257585 स्नातक के अंक पत्र 2016 वर्ष अनुक्रमांक 1220181149, बी.टी.सी अंकपत्र 2021 वर्ष अनुक्रमांक 19414900363 जो कि वास्तव में खो गये है। **राकेश कुमार पुत्र देशराज नि0 पंचमपुर नरैनी बॉदा**

सूचना

अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/22 धारा 5/27/30 आयुध अधि0 से सम्बधित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी कुण्डौरा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निरन्तर फरार चल रहा है। अभि0 के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 द0प्र0क्षे0 के अन्तर्गत हाजिर होने की उद्घोषणा दिनांक 9–2–24 को जारी की जा चुकी है। अभि0 मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह के हाजिर न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

उप निरीक्षक विजय बहादुर
थाना सुमेरपुर, हमीरपुर

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 933167 281627 मैं त्रुटिवस मेरा नाम मधु दीक्षित एवं मेरे पिता का नाम मधु दीक्षित अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम केशव राज दीक्षित वह मेरे पिता का नाम आशीष कुमार दीक्षित है मेरी सही जन्मतिथि 24/09/2005 है। **केशव राज दीक्षित पुत्र आशीष कुमार दीक्षित पता – 293 / 411 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम सन्जू से बदलकर संजय कुमार पुत्र रघुनाथ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी– ग्राम व पोस्ट–बभना, थाना– सफीपुर, उन्नाव**

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी

आवश्यकता है

प्रवक्ता पद हेतु

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार

नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

प्रबन्धक
प्रवीन कुमार सिंह
मो–9793367812

दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई

में आवश्यकता है

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद

योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।

आवेदन –
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

एक नजर

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, परिजन बेहाल

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ाहार के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 50 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव निवासी गिरजाशंकर तिवारी का पुत्र छैल बिहारी तिवारी शनिवार की शाम एनएच-2 किसी काम से आया था। वापस गांव लौटते समय जब वह बड़ाहार के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

13 पर शांतिभंग की कार्रवाई

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिंदकी कोतवाली प्रभारी चार, गाजीपुर तीन, हथगाम तीन, सदर कोतवाली प्रभारी दो तथा खखरेरू थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

एसएसबी के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

धाता फतेहपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धाता पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। मार्च पास्ट ने कसबे के अलावा अहमदपुर कुसुंभा, कबरहा, डेडासइ, नेन्दौरा गांव में भ्रमण किया। क्षेत्राधिकारी खागा ने फ्लैग मार्च की अगुवाई की। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। जिसमें फतेहपुर लोकसभा चुनाव 20 मई को होने हैं। चुनाव के मद्देनजर पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के जवान संयुक्त रूप से रूट व फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

जिले के 19.35 लाख मतदाता चुनेंगे दोआबा का सांसद, युवा उत्साहित

लोस क्षेत्र में छह विधानसभाएं शामिल, पांचवें चरण में होगी चुनावी प्रक्रिया

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना शनिवार को चुनाव आयोग ने जारी कर दी। यहां पांचवें चरण में मतदान होगा। तारीखों की घोषणा के साथ ही तैयारियां तेज हो गई हैं। मतदाता सूची पहले ही तैयार कर ली गई है। इस मतदाता सूची के अनुसार फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 19 लाख 35 हजार से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। उनके मतदान से जीतने वाला प्रत्याशी सांसद बनेगा।

लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिनमें सदर, खागा, हुसेनगंज, जहानबाद, बिंदकी विधानसभा और अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस पूरे क्षेत्र में कुल मिलाकर 19.35 लाख मतदाता हैं जो सांसद का चुनाव करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी करने में जिला प्रशासन जुटा हुआ है।



मतदान एवं मतदेय स्थलों पर नजर

जिले में कुल मतदान केंद्र : 1403
जिले में कुल मतदेय स्थल : 2143

मतदाताओं के आंकड़ों पर एक नजर

कुल मतदाता	19 .35 लाख
पुरुष मतदाता	10 .38 लाख
महिला मतदाता	08 .57 लाख
सौ वर्ष से ऊपर के मतदाता	93
85 वर्ष से अधिक के मतदाता	31,000
पहली बार मतदान करने वाले युवा	23,000

संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्र

संवेदनशील मतदान केंद्र : 244
संवेदनशील बूथ : 483
अति संवेदनशील मतदान केंद्र : 15
अति संवेदनशील बूथ : 35

26 अप्रैल से शुरू होंगे नामांकन

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण में चुनाव कराए जाएंगे। फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगी और 20 मई को मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरे जाने का काम 26 अप्रैल से शुरू हो जाएगा और 03 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 04 मई को की जाएगी और नाम वापसी के इच्छुक उम्मीदवार 06 मई तक अपने नाम वापस ले सकते है। इसके बाद 20 मई को मतदान कराया जाएगा।

चुनाव आयोग की ओर से कार्यक्रम जारी हो जाने के बाद चुनाव की तैयारी में तेजी आ गई है। इसके साथ ही राजनीतिक दल भी सक्रिय हो गए हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में भी उत्साह नजर आ रहा है।

पांचवें चरण के चुनाव का कार्यक्रम इस प्रकार है

- 26 अप्रैल से नामांकन शुरू
- 03 मई तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे।
- 04 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच होगी।
- 06 मई को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे।
- 20 मई को मतदान होगा।
- 04 जून को परिणाम घोषित होंगे।

महिला वोटरों पर सभी दलों की निगाहें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिले में 8.57 लाख है महिला मतदाताओं की संख्या
- महिलाओं का वोट निर्णायक भूमिका में होगा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही खासतौर पर महिला वोटरों को सक्रिय किया जा रहा है, जिनकी संख्या 8 लाख 57 हजार से अधिक है। महिला वोटरों पर सभी राजनीतिक दलों की निगाह है। क्योंकि उन्हें लग रहा है कि यह वर्ग ऐसा है कि जिसका झुकाव चुनाव में खासा मददगार साबित हो सकता है।

आखिरकार वह घड़ी आ गई जिसका सभी को इंतजार था। सियासी दलों की इम्तिहान की घड़ी में लोकसभा क्षेत्र के 19.35 लाख मतदाता भाग्य विधाता बनेंगे। लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं में महिला मतदाताओं की संख्या 08.57 लाख से अधिक है। आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रशासनिक स्तर से हलचल तेज हो गई हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव की आहट पहले से ही महसूस की जा रही थी। इसके आधार पर ही लगभग सभी आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली गईं। अतिसंवेदनशील, क्रिटिकल, बर्नेबल आदि बूथों को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसके साथ ही सेक्टर और जोनल की व्यवस्था भी निर्धारित की जा चुकी है। लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की ओर से जो गणित बैठायी जा रही है उसमें महिला वोटरों को अपने पाले में करने को है। इस बार प्रशासन की ओर से महिला वोटर बनवाए जाने को लेकर खासी गंभीरता दिखायी गई। लोकसभा क्षेत्र में महिला वोटरों का आंकड़ा देखें तो महिला मतदाता की संख्या अच्छी खासी है।

प्रशासन रखेगा जुलूसों पर नजर

निर्वाचन आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता का पालन कराने को कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत जुलूस, सभाओं पर प्रशासन की नजर रहेगी। जारी की गई आचार संहिता में स्पष्ट किया गया कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नही होगा, जिससे जाति, धर्म और भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़ें। मत प्राप्त करने को जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्च, मंदिर और अन्य पूजा के स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। सभी दल और अभ्यर्थी मतदाताओ को घूस देने, डराने, धमकाने का काम नहीं करेंगे।

बिना अनुमति के नहीं होंगे कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से सुनिश्चित करेंगे कि क्या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है। यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं तो कड़ाई से पालन किया जाएगा। प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकर या किसी अन्य सुविधा के उपयोग की अनुमति लेने की जरूरत है तो दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करेंगे। इसके अलावा भी कई प्रकार से राजनीतिक दलों को आचार संहिता के अनुपालन के लिए निर्देश दिए गए हैं।

जिलाध्यक्ष ने किया जीत का दावा

भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा है कि कार्यकर्ता सदैव जनता के बीच रहते हैं। पार्टी हाईकमान ने सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा कर दी है। सभी नेता व कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं में उत्साह है। फतेहपुर लोकसभा सीट पर हैट्रिक लगाई जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल

चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार

सपा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा है कि सपा सदैव सक्रिय रहती है और चुनाव की तैयारी काफी समय से चल रही थी। पार्टी ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए जुटेगा। इसके लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयार हैं।

जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव

पहला अशरा और हमारी जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रमजान महीने का पहला अशरा चल रहा है। इस महीने में दस-दस दिन के तीन अशरे होते हैं। पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत तथा तीसरा जहन्नम से निजात का होता है। रमज़ान के पहले 10 दिन को रहमत का अशरा कहते हैं।

जानकारों ने बताया कि रमजान एक बहुत ही मुबारक महीना है। जब यह महीना आता है तो अपने साथ हजारों नेमतों और बरकतों को लेकर आता है। इस महीने में दस-दस दिन के तीन अशरे होते हैं। पहला अशरह रहमत, दूसरा मगफिरत तथा तीसरा जहन्नम से निजात का होता है। रमज़ान के पहले 10 दिन को रहमत का अशरह कहते हैं।

उन्होंने बताया कि अभी रहमत वाला पहला अशरा चल रहा है। इसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर रहमतों की बारिश करता है और उनके हर छोटे-छोटे कामों पर भी बहुत ज्यादा सवाब देता है। इसलिए सभी मुसलमानों को चाहिए कि वह इस अशरे में ज्यादा से ज्यादा अच्छे काम करें और बेशुमार फायदे हासिल करें। इसके साथ ही उन्होंने इस अशरे में किए जाने वाले नेक कामों के बारे में बताते हुए कहा कि इस अशरे में सभी मुसलमान छोटे, बड़ों, मर्दों व औरतों को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा कुरआन पाक की तिलावत करें और पैगंबर साहब पर कसरत के साथ दुरूद शरीफ पढें कि ये एक बहुत ही मकबूल व महबूब इबादत है।

मस्जिद में नमाज अता करते नमाजी। अमृत विचार

अच्छी बातें ही बोलें

जानकार कहते हैं कि अपनी जुबानों की हिफाजत करना भी बहुत जरूरी है। लिहाजा जुबान से फिजूल बातें गाली गलौज और किसी की बुराई न करें, साथ ही अपनी आंखों की भी हिफाजत करें। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में आप लोग ज्यादा से ज्यादा सदका खैरात, जकात देकर गरीबों, मोहताजों तथा मजबूरों की मदद करें। यदि कोई इस महीने में एक रुपया सदका करता है तो अल्लाह तआला उसे सत्तर रुपया सदका करने का सवाब देता है।

बदली ने किसानों की फिर से बढ़ा दी धड़कन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बार-बार बदल रहा मौसम लोगों को कर रहा बीमार
- शनिवार की रात में छाए बादल दिन भर लुकाछिपी करते रहे

अमृत विचार। दोआबा में बार-बार बदल रहा मौसम जहां किसानों की धड़कनें बढ़ा रहा है। वहीं पारे में उतार चढ़ाव से बीमारियों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ा है। बुखार, खांसी, जुकाम, पीलिया आदि से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। शनिवार की रात को भी जहां बदली देख किसान सहमें दिखे। वहीं बड़ी संख्या में मरीजों के अस्पताल पहुंचने से लंबी लाइनें लगी दिखीं।

तापमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। शनिवार रात में पारा सामान्य से साढ़े तीन डिग्री नीचे गिरने के साथ ही ठंडी हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। शनिवार को बदली के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन आसमान में बदली व सूरज के बीच लुका छिपी जारी रही। इससे पारा सामान्य से सवा डिग्री नीचे गिर गया।

वहीं करीब चार किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली उत्तर पश्चिमी हवा दो पहिया वाहन चालकों को सर्दी का अहसास कराती रही। हालांकि रविवार की सुबह हल्के बादलों के साथ धूप निकली रही। इधर मौसम के बदले रुख से जुकाम, बुखार, खासी का प्रकोप तेज हो गया। जिला अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में पेट दर्द, खांसी, बुखार, पीलिया आदि से पीड़ित मरीजों की संख्या देखने को मिली। पिछले दिनों कई बार बारिश व ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान हुआ था। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी पांच दिन तक आसमान में बदली के साथ ही तेज हवा चलने की संभावना है। हालांकि बारिश होने की संभावना नहीं है।

युवक ने वृद्ध पर किया फायर

फतेहपुर। गेट खोलने से मना करने जैसी मामूली बात पर एक युवक ने बुजुर्ग पर तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि गोली से बुजुर्ग बाल-बाल बच गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास, गाली गलौज, धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

राधानगर थाना क्षेत्र के गंगानगर निवासी सावित्री शुक्ला ने बताया कि राधानगर का शिवम तिवारी परिवार से खुन्नस मानता है। वह रात दरवाजे पर आया। गेट को पीटकर खुलवाने की कोशिश करने लगा। उसके बुजुर्ग पति जमुना प्रसाद शुक्ला गेट पर पहुंचे। उसने गेट खोलने को कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया। इसके बाद उन्हें आरोपी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। गेट न खोलने पर पति पर तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली उनको नहीं लगी। धमकी देते हुए आरोपी वहां भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक आरके पटेल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा हैट्रिक के लिए तो सपा लगा रही वापसी का जोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

राजनीति

अमृत विचार। सांसद साध्वी निरंजन ज्योति के तीसरी बार चुनावी मैदान में आने से फतेहपुर लोकसभा सीट में हलचल बढ़ गई है। इस सीट पर भाजपा ने साध्वी पर भरोसा किया है तो समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के पत्ते अभी खुलने बाकी हैं। यहां भाजपा और सपा की सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है तो सपा वापसी के लिए दम लगा रही है।

हालांकि फतेहपुर सीट पर कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद अभी तक प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। पहले सबकी निगाहें भाजपा के टिकट पर थीं। तमाम अटकलों के बीच भाजपा ने एक बार फिर यहां की वर्तमान सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी घोषित कर मुकाबला दिलचस्प कर दिया है। सपा को जहां जातीय समीकरणों के साथ-साथ किसान संगठनों से मदद की उम्मीद है, वहीं भाजपा को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्य, प्रधानमंत्री मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के चेहरे और अपनी रणनीति पर पूरा भरोसा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

हाईकोर्ट के अधिवक्ता से लूट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भाई की ससुराल आए हाईकोर्ट के अधिवक्ता को रास्ते में रोक भूतपूर्व प्रधान ने हमला कर दिया। हवाई फायरिंग और लूटपाट की। पुलिस ने प्रधान व 13 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कौशांबी जिला तिल्हापुर दरहा निवासी सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि वह रात में भाई अमित की ससुराल धाता थाने के गोपालपुर गांव आया था। वह ससुर रामपूजन सिंह व सतीश सिंह के साथ कार से रात को गोपालपुर पुल पर पहुंचा था। पुल के पास गोपालपुर गांव के भूतपूर्व प्रधान रामनरायण शुक्ला व उसके साथी कौशांबी जिला के करारी थाना क्षेत्र के अरका महावीरपुर निवासी ज्ञान प्रकाश शुक्ला व 12 अन्य समर्थकों संग कार रोकवाई। कार से खींचकर उसे डंडे से पीटा।

रामनारायण शुक्ला ने तमंचे से हवाई फायरिंग की। उसकी जेब से 18 हजार रुपये, सोने की चेन लूटकर ले गए। थानाध्यक्ष वृंदावन राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

अभी से रुलाने लगा बिजली का संकट

फतेहपुर। गर्मी की शुरुआत होने से पहले ही बिजली आपूर्ति में होने वाली फाल्ट बाधा बनने लगी है। लगातार होने वाली फाल्ट के कारण घंटों आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय कर्मियों के तमाम प्रयासों के बावजूद फाल्टों में कमी नहीं आ पा रही, लोग आंखें खुलते ही पीने के पानी की व्यवस्था करने लगते हैं।

ज्वैलर्स को सिर कलम करने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- आरोपी दोनों भाइयों से ज्वैलर्स का लेनदेन का मामला

अमृत विचार। शहर के नामी गिरामी ज्वैलर्स को रविवार को सिर कलम कर देने की धमकी मिली है। उसके बाद से सराफा व्यवसाइयों में हड़कंप मच गया। मामला लेन देन का बताया जा रहा है। पीड़ित ज्वैलर्स ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

ज्वैलर्स आनंद स्वरूप की चौक बाजार में आनंद स्वरूप सर्राफ के नाम से ज्वैलर्स की दुकान है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि छींकन टोला मोहल्ला निवासी नौशाद व अल्ताफ पुत्र अब्दुल मजीद से व्यापारिक लेन देन का मामला था। जिसमें दोनों ने ज्वैलरी शाप आकर गाली गलौज करने के साथ ही सिर कलम करने की धमकी दी। पीड़ित ज्वैलर्स ने पुलिस से जान माल व परिवार की सुरक्षा करने की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। मामले पर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी समेत व्यापरियों ने सदर कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ज्वैलर्स से जानकारी लेने के साथ ही घटना का सीसीटीवी फुटेज देकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सर्राफा व्यवसायी के मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रकरण में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

सतर्कता जरूरी | बाजार में सिंथेटिक रंग की सज रहीं दुकानें, केमिकल युक्त रंगों से हो सकता चेहरा खराब

सिंथेटिक रंग कहीं खराब न कर दे त्वचा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रंगों के त्योहार होली के नजदीक आते ही चारो तरफ इसकी बहार है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों से सराबोर होने की अपने-अपने हिसाब से तैयारियों में जुटे हुए हैं। लेकिन रंगों के इस त्योहर पर थोड़ी सी लापरवाही आपके रंग में भंग डाल सकती है। शहर में सजी रंगों की दुकानों पर केमिकल रंगों की भरमार है। इसके इस्तेमाल से न सिर्फ त्वचा खराब हो सकती है, बल्कि आंखों के लिए भी यह बेहद खतरनाक है। विशेषज्ञों की मानें तो रंगों के त्योहार होली में सबसे अधिक खतरा केमिकल और सिंथेटिक रंगों से होता है।

मोदी-योगी के मुखौटों की बाजार में धूम: होली का बाजार सज चुका है। दुकानदारों को बेहतर खरीदारी होने की संभावनाएं दिख रही हैं। लेकिन महंगाई से लाल हुए होली के बाजार में अब तक रौनक न दिखाई देने से दुकानदारों की चिंताए बढ़ती जा रही हैं। हालांकि इस बाजार में मोदी-योगी मुखौटों के साथ ही एके-47 सी प्रतीत होने वाली पिचकारियां धूम मचाने को तैयार हैं। बाजार में इस बार भयानक मुखौटों के साथ ही मोदी-योगी के मुखौटे भी सजाए गए हैं। साथ ही तरह-तरह की छोटी बड़ी पिचकारियों से बाजार सजा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि हर सामान पर करीब 20 से 30 प्रतिशत महंगाई होने के कारण अब तक त्योहार की खरीदारी आम सालों की अपेक्षा शुरू नहीं हो सकी है।

हर्बल व प्राकृतिक रंगों का करें इस्तेमाल

तमाम दुष्प्रभावों के बावजूद शहर के बाजार में केमिकल और सिंथेटिक रंगों की भरमार है। ऐसे में विशेषज्ञों द्वारा लोगों को हर्बल और प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की सलाह भी दी जा रही है। सिंथेटिक व केमिकल युक्त रंग त्वचा को डैमेज कर सकता है, जिससे इसका प्रयोग न करने की लगातार सलाह दी जा रही है।

लोशन सहित करें नारियल तेल का प्रयोग

सिंथेटिक रंग में मिले केमिकल त्वचा की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे एलर्जी, दाग, चकत्ते सहित शरीर में चुनचुनाहट हो सकती है। इसके अलावा चर्म रोग होने की संभावनाओं को भी बल मिलता है। जिससे बचने के लिए माश्चर लोशन के साथ ही नारियल का तेल शरीर पर लगाकर ही होली के रंग में सराबोर हो। त्योहार होली में सबसे अधिक खतरा केमिकल और सिंथेटिक रंगों से होता है।

हाथ व चेहरे पर बार-बार न लगाएं साबुन

रंग छुड़ाने के लिए बार-बार साबुन का प्रयोग परेशानियां खड़ी कर सकता है। इससे त्वचा शुष्क हो जाती है तथा जख्म भी हो सकते हैं। साथ ही सिंथेटिक रंग आंखों में जाने से आंखों में खुजली होने के साथ ही आंख लाल होने व खुजली सहित दर्द भी होता है।

- छोटी-बड़ी पिचकारियों से सज गए बाजार, खरीददारी के लिए पहुंच रहे लोग

डॉक्टर की सलाह

सिंथेटिक रंगों के स्थान पर हर्बल रंगों का प्रयोग कर त्वचा रोग से बचा जा सकता है। इसके बावजूद भी यदि परेशानी होती है तो तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। केमिकल युक्त रंग त्वचा के साथ ही आंखों के लिए हानिकारक होता है।

-डॉ. रघुनाथ सिंह, फीजिशियन

कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं अन्य। अमृत विचार

पार्क द फन हाउस का उद्घाटन

फतेहपुर। शहर के खलील नगर में जिले का प्रथम टैंपोपोलाइन और सॉफ्ट खेलकूद पार्क द फन हाउस का उद्घाटन बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जेके उमराव द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ. उमराव ने नए प्रतिष्ठान को प्रगति की ओर अग्रसर होने की शुभकामनाएं दी। जिले में इस तरह के केंद्र खोलने के लिए केंद्र के डायरेक्टर मोहम्मद अमजद और जरीना अंजुम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे छोटी उम्र से ही मोबाइल फोन की वजह से खेलना भूलते जा रहे हैं और इससे उन्हें तरह-तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में द फन हाउस का फतेहपुर में उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अल्ट्रासाउंड को भटकीं महिलाएं

मरीज बोले- गायब रहते कर्मचारी तो कभी मशीन खराब होने का बनाया जा रहा बहाना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोगों को जिला अस्पताल में अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देने का शासन-प्रशासन दावा तो करता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। प्रत्येक दिन अस्पताल में अपने मरीजों के लिए तीमारदार सुविधा का लाभ पाने के लिए इधर से उधर भटकते देखे जा सकते हैं। जब उन्हें सफलता नहीं मिलती है तो वह प्राइवेट अस्पतालों के महंगा इलाज कराने को मजबूर हो जाते हैं। एक दिन पूर्व शनिवार को जिला महिला अस्पताल में कई महिलाएं पेट का अल्ट्रा साउंड कराने के लिए परेशान नजर आईं। जिनकी कोई सुनने वाला नहीं दिखा।

जिला अस्पताल में अक्सर अल्ट्रासाउंड व्यवस्था धड़ाम रहती है। अल्ट्रासाउंड के लिए आईं महिलाओं और पेट के मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। जिसमें ज्यादातर मरीज को अल्ट्रासाउंड कराने को बाहर के अल्ट्रासाउंड सेंटर का मजबूरी में सहारा लेना पड़ता है। जिला महिला अस्पताल प्रशासन भी इस दिशा में पूरी तरह से उदासीनता बरत रहा है। जिससे अल्ट्रासाउंड के लिए महिलाओं को रोजाना भटकना पड़ता है।

जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- प्राइवेट पैथोलॉजी में महंगा इलाज कराने को हैं मजबूर

शनिवार को जिला महिला अस्पताल में कई महिलाएं और पेट के मरीज अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आए थे, उन्हें निराश होकर मायूस लौटना पड़ा। शनिवार को अल्ट्रासाउंड कराने आई पूजा श्रीवास्तव, गौरांगी सविता, रामदेई आदि ने बताया कि महिला अस्पताल में तो अल्ट्रासाउंड होते ही नहीं है। कभी कोई बहाना बना दिया जाता है तो कभी मशीन खराब होने की बात कह दी जाती है। इधर-उधर भटकने के बाद अंत में कई महिलाओं के तीमारदारों ने निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों का रुख किया। इनका कहना रहा कि मरीज का इलाज तो कराना जरूरी है।

शांति कमेटी की बैठक में आपसी सौहार्द पर चर्चा

जाफरगंज। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जाफरगंज थाना परिसर में होली एवं रमज़ान को लेकर क्षेत्राधिकारी जाफरगंज के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आए संभ्रांत नागरिकों एवं ग्राम प्रधानों से हर वर्ष की भांति होली एवं ईद को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

जाफरगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में शांति बैठक का आयोजन हुआ। क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों को क्षेत्राधिकारी जाफरगंज ने ईद की मुबारकबाद देते हुए होली की शुभकामनाएं दी। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं होलिका दहन के रास्ते की समस्याओं को भी लोगों से जाना।

मलेशिया की 10 सदस्यीय टीम भिटौरा आई

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मलेशिया और भारत के बीच मैत्री संबंध मजबूत करने के लिए रविवार को प्रदीप कुकरेजा के नेतृत्व में 10 सदस्यों का एक दल ओमघाट भिटौरा पहुंचा। जिनका स्वामी विज्ञानानंद जी के मार्गदर्शन में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

समूह के सदस्यों ने बताया कि मलेशिया में रह रहे सभी हिंदुओं को आपस में संगठित कर हिंदुत्व व सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मलेशिया एक मुस्लिम देश है फिर भी आपसी सौहार्द और भाईचारा को बनाते हुए वहां पर 29 गुरुकुलों की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त दक्षिण अफ्रीका में भी गुरुकुल की स्थापना किया है। अयोध्या में भी भविष्य में हाईटेक गुरुकुल की स्थापना की सम्भावना तलाश की जा रही है। यह यात्रा 8 मार्च को कोलकाता से शुरू हुई थी। जो गया, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, ओमघाट, खजुराहो, मथुरा, ऋषिकेश, हरिद्वार, दिल्ली होते हुये मुंबई में समाप्त होगी।

ओमघाट में मलेशिया की टीम का स्वागत करते स्वामी विज्ञानानंद जी। अमृत विचार

सभी सदस्यों ने स्वामी विज्ञानानंद जी की उपस्थिति में गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से भी संवाद किया व बहुत प्रभावित हुए। साथ ही डॉ. अनुराग द्वारा भृगु वेद विद्यालय में अध्ययनरत 43 बच्चों, संतो व अध्यापकों को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर मोहन सिंह परमार्थ निकेतन, आचार्य श्रीराम व प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष बने विनोद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के स्काउट भवन में रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा का द्विवर्षीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन करते हुए सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। पूर्व में जिला मंत्री रहे विनोद श्रीवास्तव को इस बार जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकारिणी भी घोषित करते हुए सभी को माला पहनाकर शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय महामंत्री शिवबरन सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त एवं लेखाधिकारी सेवानिवृत्त हृदेश कुमार की मौजूदगी रही। वहीं जिला कार्यकारिणी को लेकर चुनाव अधिकारी हृदेश कुमार व सह चुनाव अधिकारी सरफराज हुसैन की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदों पर पदाधिकारियों को

- 11 सदस्यीय कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित

निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें यूपी एजूकेशन मिनिस्टीरियल आफीसर्स एसोसिएशन के विनोद कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष, राजस्व संग्रह अमीन संघ के श्याम प्रकाश तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अरूण कुमार मिश्रा, सिंचाई खंड निचली गंगा नहर के ब्रजेंद्र कुमार शुक्ला, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बाबूलाल, ट्यूबवेल टेक्नीशियन संघ के महेश जौहरी को उपाध्यक्ष, जललेखा सहायक संघ के अनुपम अवस्थी को मंत्री, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के शशि भूषण त्रिपाठी को संयुक्त मंत्री, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के रामबाबू कुशवाहा को संगठन मंत्री, ग्राम विकास अधिकारी संघ के कोषाध्यक्ष विनीत सिंह, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के दया प्रकाश को आडीटर बनाया गया।

सड़कें जर्जर होने पर जनप्रतिनिधियों के प्रति गुस्सा

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- ग्रामीणों ने चुनाव में सबक सिखाने का बनाया मूड
- खस्ताहाल सड़कों से परेशान हैं कई गांवों के लोग

अमृत विचार। विजयीपुर क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति गुस्सा है। जो लोकसभा चुनाव में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के लिए परेशानियां खड़ा कर सकता है। खराब सड़कों को लेकर क्षेत्रीय लोग लोकसभा चुनाव में सरकार को आईना दिखाना चाहते हैं।

क्षेत्र का यमुना तटवर्ती इलाका आज भी मजबूरियों का दंश झेल रहा है। क्षेत्र की जर्जर सड़कें शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक में रोड़ा बन रही हैं। क्षेत्र का किशनपुर से गुरुवल इकलौता मुख्य मार्ग है जो इस समय ध्वस्त पड़ा हुआ है। तो वहीं विजयीपुर से गाजीपुर मार्ग भी पूरी तरीके से खराब पड़ा है। इसी मार्ग को बनवाने के लिए पिछले दिनों बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय व सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने नरैनी चौराहे पर अनशन किया था। तो वहीं रायपुर भसरौल के कई मजरों को जोड़ने के लिए भी कोई पक्का मार्ग नहीं है। जिसकी वजह से यमुना तटवर्ती इलाके के नौनिहाल शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं। यदि कोई बीमार हो जाए तो उन तक एंबुलेंस सेवा भी नहीं पहुंच पाती है।

टूट चुकी किशनपुर- गुरुवल सड़क से गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार

शुरू हुआ विजयीपुर-गाजीपुर सड़क पर कार्य

दशकों से खराब पड़ा विजयीपुर से गाजीपुर मार्ग को बनवाने के लिए लोग निरंतर मांग करते रहे हैं। लेकिन हर बार जनप्रतिनिधि लोगों से झूठा वादा करते रहे। इस बार लोगों ने मतदान बहिष्कार का मन बना लिया तो जनप्रतिनिधियों को किरकिरी होने लगी। सत्ता पर बैठे जनप्रतिनिधि को लोकसभा चुनाव में जब हार का खतरा दिखाई देने लगा तो आनन-फानन में सड़क पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

जर्जर सड़कों को लेकर लोग मतदान बहिष्कार करने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा समस्या रायपुर भसरौल क्षेत्र के लोगों को उठानी पड़ती है। बरसात के दिनों में दर्जनों गांवों के लोग कोई पक्का मार्ग न होने से कैद हो जातें हैं। बरसात के पूरे चार महीने स्कूली छात्रों को घर में कैद होना पड़ता है। जिससे उनकी पढ़ाई का भी नुकसान होता है। बताया जा रहा है कि इस सड़क के निर्माण के लिए बजट भी पास हो चुका है। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी, जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को झेलना पड़ रहा है।

विभाग की लापरवाही

विभागीय लापरवाही के चलते कई सड़कों का बजट एकमुश्त होने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी। जिसकी वजह से सड़कों का निर्माण नहीं हो सका। सड़कों को दुरुस्त कराने के लिए सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया। इस बार लोक सभा चुनाव में जनता मजा चखाने को तैयार है।

–धर्मेंद्र दीक्षित, अध्यक्ष सड़क संघर्ष समिति

नाखुश लोगों को मनाने में जुटे सत्ताधारी

क्षेत्र के लोगों में सड़क को लेकर भारी गुस्सा है। सड़क निर्माण न होने से लोग इस बार जनप्रतिनिधि को बदलने का मूड़ बना रहे हैं। लेकिन सत्ताधारी नेता लोगों को मनाने के लिए जुटें हुए हैं। लोगों के घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं।

जैन धर्मगुरु ने शुरू किया चुनाव शुद्धि महाभियान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि रविवार की सुबह अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन करने के पश्चात कहा कि देश की अखंडता व शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। यह चुनाव देश का भाग्य बदलता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा की बात नहीं कर रहा हूं। सिर्फ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महाभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या श्रीराम व भगवान आदिनाथ की जन्मभूमि है। अयोध्या का महत्व केवल हिंदू या सनातन धर्म में नहीं है। जैन, बौद्ध, सिख समेत सभी धर्मों में अयोध्या का महत्व है। केवल रास्ते को बदलना पर्याप्त नहीं होता है। रास्ते को परिवर्तित करने वाले हाथ शुद्ध होने जरूरी है। इसलिए अयोध्या से चुनाव शुद्धि महाअभियान शुरू करने जा रहे हैं। यह अभियान देश के हर शहर, गांव व कस्बे में पहुंचेगा। सभी इससे जुड़िए। हम

रामलला का दर्शन करने पहुंचे जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि।

- रामलला का दर्शन कर लोकेश मुनि ने देश को मजबूत करने के लिए की घोषणा

सबको मिलकर लोकतंत्र व देश को मजबूत बनाना है। देश के बिना कोई वजूद नहीं है। सांस्कृतिक, कूटनीतिक, धार्मिक दृष्टि से दुनिया की नजरें हमारे देश पर लगी हैं। देश को मजबूत करने के लिए हम सब एक जुट हो जाएं। आगामी 25 वर्ष का कालखंड देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। चुनाव शुद्धि अभियान का मूल उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है।

इंटर की 15732 कॉपियां चेक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। बीते शनिवार से शहर के चार केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ था। पहले दिन मूल्यांकन की गति कुछ धीमी रही। लेकिन दूसरे दिन रविवार को सभी केंद्रों पर तेजी से मूल्यांकन शुरू हो गया। दो दिन में ही हाईस्कूल की 37425 तो इंटरमीडियट में 15732 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया गया। हालांकि अभी भी कई परीक्षक एवं उप परीक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं। जिनके ऊपर विभाग कार्रवाई कर सकता है।

दूसरे दिन रविवार को भी चारों

- दूसरे दिन कॉपी मूल्यांकन के कार्य में आई तेजी
- पहले दिन हुआ था 12 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

मूल्यांकन केंद्रों पर सुबह 10 से मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज में दूसरे दिन इंटरमीडियट की 5600 कॉपियां चेक की गईं। यहां पर अब तक 6334 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा चुका है। इसी तरह से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को इंटर की 9398 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य हुआ। यहां पर अब तक 9398 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है।

इस तरह से दोनों केंद्रों पर इंटरमीडियट की अब तक 15732 कापियां चेक हो चुकी हैं। इसी तरह से हाईस्कूल की कॉपियों के लिए निर्धारित केंद्र एएस इंटर कॉलेज में दूसरे दिन 8366 कॉपियां मूल्यांकित की गईं। इसी तरह से सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में दूसरे दिन हाईस्कूल की 20777 कॉपियां परीक्षकों ने चेक किया। यहां पर अब तक 22057 कॉपियों जांची जा चुकी हैं। हाईस्कूल में अब तक कुल 37425 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। मूल्यांकन कार्य को मात्र 13 दिन में ही पूरा किया जाना है। इसीलिए माध्यमिक शिक्षा विभाग तेजी से मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि जो उप प्रधान परीक्षक और परीक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं, उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा।

जान जोखिम में डालकर पार करते हैं रेलवे क्रॉसिंग

संवाददाता, फतेहपुर

- कार्य के चलते तीन दिन के लिए बंद कराया गया है शादीपुर रेलवे फाटक

अमृत विचार। लोगों में जल्दबाजी इतनी है कि जान की परवाह तक नहीं करते हैं। शहर स्थित शादीपुर रेलवे फाटक संख्या 49ए के बंद होने का संकेतक हूटर की आवाज सुनने के बावजूद वाहन सवार वहां से निकलने की जल्दबाजी करते हैं। इन दिनों क्रासिंग में चल रहे कार्य को लेकर तीन दिनों के लिए क्रासिंग बंद की गई है। बावजूद इसके लोग दो पहिया वाहन सवार निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं। कई बार वाहन बंद फाटक में फंस भी चुके हैं।

वैसे तो रेलवे द्वारा बंद फाटक पार करने के दौरान बकायदे कार्रवाई किए जाने का नियम हैं। इसके बावजूद वाहन सवार बंद रेलवे फाटक को पार करने से बाज नहीं आते। जब ट्रेन आने के समय फाटक को बंद किया जाता है उस दौरान या फिर बंद क्रासिंग को पार करने की होड़ जैसी दिखती है। इस दौरान कई बाइक सवार घायल भी हो चुके हैं। बावजूद इसके रेलवे कर्मी के साथ अभद्रता भी की जाती है।

ग्रामीणों को दर्द दे रही जर्जर सड़क

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। हसवां विकास खंड के करनपुर मजरे रामपुर थरियांव में विकास कार्य के नाम पर लोगों को छला जा रहा है। जर्जर सड़क एवं ध्वस्त नालियां ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पर भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास कार्यों में बंदरबाट के आए दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार गांव में ही विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। ग्रामीणों की मानें तो प्रधानमंत्री आवास योजना में सभी कार्यों को कागजों में बेहतर दिखाकर धन का बंदरबाट किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपए निकालने के बाद भी सड़क व ध्वस्त पड़ी नाली न बनवाने से गांव के लोग बड़ी मुसीबत उठाते हैं।

घर तक नहीं पहुंचती एंबुलेंस

ग्रामीणों ने बताया कि यदि गांव में कोई बीमार हो जाता है तो उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई जाती है जो कि गांव के अंदर नहीं पहुंच पाती है। बाहर खड़ी हो जाती है। मरीज को गांव के बाहर खड़ी एंबुलेंस तक ले जाना पड़ता है।

आश्वासन के बाद भी निदान नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के पहले ग्राम प्रधान संगीता देवी पत्नी अनूप सिंह यादव, सदर विधायक ने इंटर लाकिंग रोड व पक्की नाली बनवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक बनवाया नहीं है। रोड बनवाना तो दूर चुनाव जीतने के बाद गांव तक नहीं आए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई साल से पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। जिससे लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है।

क्या बोलीं ग्राम प्रधान

बहुत जल्द ही गांव के लोगों से किया गया अपना वादा निभाया जाएगा। टूटी सड़क व ध्वस्त नाली को बनवाया जायेगा। दोबारा बजट मिलने पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

–संगीता यादव, ग्राम प्रधान

सुविधा | बदनमऊ-मुजफ्फरपुर के बीच लघु सेतु का निर्माण कार्य शुरू

दो दर्जन गांव को रपटा पुल से मिलेगी निजात

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। ससुर खदेरी नदी नंबर-दो पर कुल्ली-बदनमऊ मार्ग के पास बने रपटा पुल से लोगों को निजात मिलने जा रही है। शासन द्वारा निर्गत बड़े पैमाने पर बनने वाला यह क्षेत्र का दूसरा पुल होगा। इससे पहले दरियापुर समीप कोट खागा मार्ग पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अब बदनमऊ मुजफ्फरपुर के बीच निकलने वाला इस दूसरे पुल का निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। यह मार्ग किशनपुर क्षेत्र के दो दर्जन गांव को आपस में जोड़ेगा। इससे स्थानीय लोगों में खुशी दिख रही है।

शासन ने इन दो पुलों के लिए करीब 5 करोड़ की धनराशि पिछले वर्ष स्वीकृत की थी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रतापगढ़ खंड को यह काम सौंपा गया है। जिसे संस्था द्वारा कार्य को तेजी से करते हुए दरियापुर ससुर खदेरी में बन रहे निर्माणाधीन पुल की छतें पड़ चुकी हैं। मात्र पुराई का काम बचा हुआ है, जो

लघु सेतु का चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

बारिश के मौसम में टूट जाता है गांवों से संपर्क

बारिश के दिनों में जैसे ही ससुर खदेरी नदी पर पानी बढ़ता तो नदी उफनाने लगती है। हर साल बारिश के दिनों में इन पुलों के ऊपर से पानी बहने लगता है। जिससे यमुना कटरी के गांवों से सम्पर्क टूट जाता है। पुल बनने से लगभग दो दर्जन गांव को राहत मिलने जा रही है। यह दोनों पुल बनवाने को लेकर खागा विधायक कृष्णा पासवान बीते पांच साल से प्रयास कर रहीं थी।

मई के महीने में पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाएगा। अब इसी संस्था ने बगल के गांव से निकलने वाला कुल्ली-बदनमऊ मार्ग में दूसरे पुल का निर्माण कार्य रविवार से शुरू कर दिया है। इन पुलों के निर्माण से बारिश के दिनों में कई गांवों के सम्पर्क टूटने की समस्या दूर होने जा रही है। यमुना कटरी का बड़ा भाग सीधे आवागमन की सुविधा पाएगा।

इन गांवों को मिलेगी राहत

इस पुल से क्षेत्र के कुल्ली बदनमऊ, मुजफ्फरपुर, कछरा, मलुकबारी, बरहा, भवानीपुर, भिकमपुर, अहमद गंज तिहार, महेशपुर मठेठा, गढ़ा चंदापुर समेत अन्य तमाम गांवों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

बोले जिम्मेदार

पुल निर्माण करा रहीं संस्था के मॉडर्न कंस्ट्रक्शन इंजीनियर ध्रुव तिवारी ने बताया की दरियापुर के समीप बन रहे पुल नंबर एक का निर्माण कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। मात्र पुराई का काम शेष है, अब दूसरे पुल का कार्य शुरू हो चुका है। इन दोनों की लागत 5 करोड़ बताई गई है।

आचार संहिता लगते ही प्रशासन की सख्ती शुरू, हटाई प्रचार सामग्री

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। चुनाव आयोग की ओर से चुनावी तारीखों का ऐलान करते ही आदर्श आचार संहिता लगने के साथ शनिवार की शाम नगर पंचायत के अतिक्रमण विरोधी दस्ता ने नगर में लगे राजनीतिक पार्टी व उनके जनप्रतिनिधियों के बैनर, पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया। जो छूट गए थे उन्हें दूसरे दिन रविवार को टीम क्षेत्र में राजनीतिक पार्टी के बैनर, पोस्टर हटाते नजर आए।

नगर पंचायत प्रशासन का कहना रहा कि अतिक्रमण टीम को प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए शनिवार की देर शाम तक जहां भी बैनर-पोस्टर मिलते जा रहे थे, उन्हें हटाने का काम किया गया है। यदा-कदा जो रह गए उन्हें रविवार को हटवाया गया है। अतिरिक्त प्रभार एसडीएम अमित कुमार गौड़, नगर पंचायत असोथर के अधिशाषी अधिकारी

नगर पंचायत क्षेत्र में अभियान के दौरान एसडीएम, ईओ और पुलिस बल।

- नेताओं के नाम वाले शिलालेखों पर चस्पा किए जाएंगे कागज

हरिगेंद्र प्रताप सिंह, लेखपाल धर्मेंद्र कुमार और थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य मय पुलिस फोर्स सहित नगर पंचायत कर्मचारियों को साथ लेकर चौराहों, गलियों में लगे बैनर, पोस्टर, होर्डिंग तथा वाल पेंटिंग को हटाते नजर आए।

टीम में शामिल अधिकारियों के मुताबिक कार्रवाई के बाद भी बड़े पैमाने में बैनर, पोस्टर बचे हुए है, ऐसे में आने वाले दिन में भी इन्हें हटाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे शिलालेख जिसमें राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधियों और नेताओं के नाम अंकित है, उस पर कागज चस्पा करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा

बांगरमऊ। हरदोई मार्ग स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास ई-रिक्शा पलट गया। इसमें नन्हक्के पुत्र कल्लू निवासी गांव दरौली सफीपुर व सुरेश पुत्र देवेश निवासी गांव गंगुवापुर थाना फतेहपुर चौरासी घायल हो गए।

ओरिजिनल प्रापर्टी पेपर खो जाने के सम्बन्ध में विशेष सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है की ओरिजिनल रिजिस्ट्री जो की आरजी पार्ट नंबर 2516/1 कस्बा फतेहपुर (शांति नगर) की है वह फतेहपुर रजिस्टार आफिस के बही नंबर 1 जिल्द नंबर 2644 पेज नंबर 393 से 408 के क्रमांक 6162 दिनांक 21/10/2003 पर दर्ज है। उपरोक्त प्रापर्टी कुंवर बहादुर सिंह से श्वेता सिंह पत्नी विजितेन्द्र कुंवर सिंह के द्वारा खरीदी गई थी। वह BYS हास्पिटल शांतिनगर फतेहपुर से गौतम नगर फतेहपुर आते समय बीच रास्ते पर अचानक कही पर गिर गई है। इस रजिस्ट्री का प्रयोग असंवैधानिक होगा जो की दंडनीय अपराध है। इस रजिस्ट्री को प्रोटियम फाइनेंस लिमिटेड शाखा कानपुर के द्वारा बंधक रखा जा रहा है। अगर किसी को आपत्ति हो वह व्यक्ति 7 दिन के अंदर दिए गए नंबर पर सम्पर्क करे। 7 दिन के बाद किसी भी व्यक्ति विशेष की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

प्रेषित –
अधिवक्ता भारत भटनागर,
मोबाइल नंबर : 9839034426
पता – चेम्बर नंबर 4 , फर्स्ट फ्लोर
मोतीलाल अधिवक्ता भवन
कोर्ट, कानपुर–20800

- जिले में बुजुर्ग समेत 1206 परीक्षार्थी पंजीकृत थे
- कई केंद्रों पर शिक्षक व अन्य स्टाफ भी गैरहाजिर रहा

बच्चों को लेकर घूंघट में परीक्षा देने पहुंचीं नवसाक्षर महिलाएं



परीक्षा देती महिला की गोद में बच्चा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले के परिषदीय स्कूलों में रविवार को नव साक्षर परीक्षा हुई। परीक्षा देने के लिए महिलाएं घूंघट में पहुंचीं। कई महिलाओं के साथ बच्चे व अन्य परिजन भी थे। इसके साथ ही उम्र के अंतिम पड़ाव में चल रहे कुछ बुजुर्गों ने इम्तिहान दिया।

आठों ब्लॉक क्षेत्र में कुल 1206 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। नवसाक्षर साक्षरता परीक्षा का समय सुबह 10 से शाम पांच बजे तक का रहा। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने 14 मार्च को पत्र जारी कर परीक्षा के लिए सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए थे। पत्र में ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र में 335, कन्नौज में 242, छिबरामऊ में 63, तालग्राम में 190, जलालाबाद में 75, गुगरापुर में 80, सौरिख में 110 व हसेरन में 111 परीक्षार्थी पंजीकृत बताए गए। खास बात यह है कि जिन परिषदीय विद्यालयों में नवसाक्षर परीक्षा हुई वहां कुछ स्थानों पर सभी शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित नहीं हुए।

विद्यालयों में घूंघट में परीक्षा देतीं महिलाएं। अमृत विचार

नव साक्षर परीक्षा देते किशोर व बच्चा लेकर आई महिला।

मजाक बनी नवसाक्षर परीक्षा

- जनपद में रविवार को आयोजित हुई नवसाक्षर परीक्षा मजाक बनकर रह गई। कितने केंद्रों में परीक्षा हुई और इसमें कितने नवसाक्षर शामिल हुए बेसिक शिक्षा विभाग को कोई जानकारी नहीं रही। कई नवसाक्षरों की परीक्षा उनके बेटे, बेटी, पौत्र समेत अन्य परिजनों ने दी। कुछ स्थानों पर तो पेपर हल कराने में शिक्षकों ने सहयोग किया।

सदर के ही 11 केंद्रों की सूची जारी हुई

- बीईओ सदर विपिन कुमार ने परीक्षा से एक दिन पहले 16 मार्च को ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र के 11 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की थी। इसमें कंपोजिट विद्यालय जलालपुर कटरी बांगर, भिदासिन, उदैतापुर, अड़ंगापुर, गदनापुर, महमूदपुर पैठ, नाहरघाटी, जुकइया, आंटी, तिखवा व प्राथमिक स्कूल फगुहा शामिल हैं।

एक नजर

सीएचसी की स्त्री रोग विशेषज्ञ की संविदा समाप्त

तालग्राम, कन्नौज। कस्बा की सीएचसी में संस्थागत स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर की तैनाती नहीं है। इससे महिला रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी तालग्राम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा सिंह की सविंदा पर तैनाती थी। कार्य में उनकी लापरवाही के कारण स्वास्थ्य विभाग ने उनकी रिपोर्ट डीएम शुभ्रांत शुक्ला को भेजी। डीएम की संस्तुति के बाद शासन ने सीएचसी तालग्राम से महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर की संविदा सेवाएं समाप्त कर दी। एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि पांच मार्च को डॉ. सीमा सिंह की संविदा सेवाएं समाप्त की जा चुकी है।

हादसे में युवक घायल

तालग्राम, कन्नौज। रविवार की दोपहर ग्राम नेकनामपुर निवासी जगत सिंह (18) बाइक से तालग्राम जा रहा था। तभी ग्राम रसूलाबाद-कूकापुर मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया।

तमंचा के साथ पकड़ा

तालग्राम, कन्नौज। रविवार को थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीपक चन्द्र ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अतरौली मोड़ पर छापेमारी की। पुलिस ने दिनेश निवासी ग्राम गुलरिया को तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद के 14 से अधिक प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने लगवाए कैमरे

33 कैमरे यातायात व्यवस्था तोड़ने वालों पर लगाएंगे ब्रेक

योगेंद्र मिश्रा, कन्नौज

अमृत विचार। जिले के प्रमुख चौराहों पर लगे 33 खास कैमरे यातायात व्यवस्था की निगरानी करेंगे। इन कैमरों की नजर में यातायात नियम तोड़ा तो चालान काट दिया जायेगा। वाहन के रजिस्ट्रेशन के साथ जुड़े मोबाइल नंबर पर चालान का मैसेज भेजा जायेगा। पुलिस लाइन में इन कैमरों का कंट्रोल रूम बनाया गया है। शुक्रवार को एसपी इस कंट्रोल रूम का उदघाटन करेंगे।

अब जिले के प्रमुखचौराहों व तिराहों पर यातायात नियमों को तोड़ने वालों की खैर नहीं होगी क्योंकि जिले के कस्बों व जिला मुख्यालय पर 33 खास कैमरे लगाये गये हैं। यह कैमरे यातायात नियम तोड़ने वालों की निगरानी करेंगे। यदि वाहन चालक ने यातायात नियम तोड़ा तो इन कैमरों में वाहन कैद हो जायेगा। इस के बाद कंट्रोल रूम में बैठा कर्मचारी निगरानी कर संबंधित वाहन का चालान काट देगा। खास बात यह होगी कि चालान कटने के बाद वाहन स्वामी का जो मोबाइल नंबर वाहन के रजिस्ट्रेशन में लगा होगा, उस पर मैसेज पहुंच जायेगा। यही नहीं यह चालान सीधे जिला एवं सत्र न्यायालय भेजे जायेंगे। इस व्यवस्था से यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालक अब किसी राजनीतिक व्यक्ति से पैरवी भी नहीं करा सकेंगे क्योंकि वाहन का चालान होने के बाद मैसेज पहुंचने पर ही वाहन स्वामी को इस की जानकारी हो सकेगी। पहले वाहन चालक को जैसे ही यातायात या सिविल पुलिस रोक कर चालान काटने का प्रयास करती तो संबंधित वाहन चालक किसी न किसी राजनैतिक व्यक्ति को फोन लगा कर अपने वाहन को चालान होने से बचा लेते थे। अब ऐसा नहीं हो सकेगा। यह कैमरे ऑनलाइन होंगे। इनमें किसी तरह का तार नहीं लगा होगा। यह सौर ऊर्जा प्लेट से जुड़े होंगे। कैमरे के निकट एक छोटी सी बैट्री लगी होगी। जो इन कैमरों को रात व दिन में चालू रखेंगी।

मकरंदनगर तिराहे पर लगे कैमरे। अमृत विचार

जिले के इन प्रमुख स्थानों पर लग चुके कैमरे

- जिले की यातायात व्यवस्था सुधारने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये जिला मुख्यालय पर मकरंदनगर तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड, पूर्वी ओवरब्रिज जीटी रोड, गोलकुआं, ओवर ब्रिज के निकट, पाल चौराहा, जलालपुर पनवारा वाईपास के अलावा गुरसहायगंज, तिर्वा, छिबरामऊ में कैमरे लग चुके हैं। अगले चरण में सौरिख, तालग्राम समेत अन्य प्रमुख कस्बों में इन कैमरों को लगाया जायेगा।

रात में नंबर प्लेट को कैद करेंगे खास कैमरे

- इन कैमरों की खासियत होगी कि रात के अधेरे में भी यह कैमरे वाहन की नंहर प्लेट को अपना कैद में ले लेंगे। नंबर की जांच होने के बाद कंट्रोल रूम में बैठा यातायात का सिपाही संबंधित वाहन का चालान काट देगा। यही नहीं इस कैमरे में वनाहन चालक भी स्पष्ट नजर आयेगा। इससे चालान कटने के बाद वाहन चालक यह भी नहीं कह सकेगा कि वह वाहन लेकर ही नहीं आया।

अपराधियों पर भी कसेगा इन कैमरों से शिकंजा

- एसपी अमित कुमार आनन्द के प्रयास से इन कैमरों को लगवाया गया है। इससे यातायात पुलिस को तो सहायता मिलेगी ही साथ ही अपराधों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। यह खास कैमरे अपराध होने पर यदि कोई अपराधी इन कैमरों के दायरे से होकर गुजरेगा तो वह कैद हो जायेगा। इसके बाद पुलिस फुटेज देखकर अपराधियों तक पहुंच जायेगी। इसीलिये यह कैमरे खास मायने रखते हैं।

जिले की यातायात व्यवस्था व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये एसपी अमित कुमार आनन्द ने 14 लाख 66 हजार रुपये के विशेष कैमरों की खरीद कराने के बाद इनको स्थापित कराया है। इन कैमरों से पुलिस को दोहरा फायदा होगा।

-आफाक खां, यातायात प्रभारी कन्नौज

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

तिर्वा। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत हो गई, एक गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस तीनो को मेडिकल कालेज लाई, जहां डाक्टरों ने उपचार किया। पुलिस ने पंचनामा भरकर दोनों शवों को मॉर्च्युरी मे रखवा दिया है।

रविवार की शाम को कोतवाली के भुलभुलियापुर गांव निवासी 30 वर्षीय रोहित पुत्र कमलेश, 25 वर्षीय गोलू पुत्र लंकुश दोस्त 22 वर्षीय शेर सिंह पुत्र केदारनाथ के साथ बाइक पर सवार होकर कस्वे मे एक रिश्तेदारी मे आए थे। वहां से रविवार की शाम को घर जा रहे थे। जैसे ही वह इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव के पास पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रक बाइक को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। घटना होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस घायल शेर सिंह को मेडिकल कालेज ले आई। जहां डाक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। मौत की जानकारी होते ही मौके पर पंहुचे परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया। थानाध्यक्ष आनद कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया गया है। छानाध्यक्ष के अनुसार तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाध्यक्ष बनने पर अभिषेक पांडेय का माल्यार्पण करते पदाधिकारी व अन्य।

चौथी बार भाजपा आईटी सेल के जिलाध्यक्ष बने अभिषेक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आईटी सेल की कार्यसमिति की घोषणा की गई

अमृत विचार। भाजपा आईटी सेल के अभिषेक पाण्डेय आजाद को चौथी वार जिलाध्यक्ष का ताज पहनाया गया है। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई।

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने आईटी सेल के साईबर योद्धाओं को कन्नौज में जिले से लेकर बूथ तक मजबूत करने का काम किया है। इसे मजबूती प्रदान करने वाले आईटी सेल के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय को चौथी बार प्रमुख घोषित किया है। लोकसभा संयोजक नरेंद्र सिंह राजपूत, सांसद सुब्रत पाठक एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री समाज कल्याण सदर विधायक असीम अरुण, विधायक अर्चना पाण्डेय, कैलाश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई। इस दौरान जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने आईटी सेल कन्नौज की जिला टीम की भी घोषणा कर दी है। इस में हर्षित कटियार, श्याम दुबे, राज भदौरिया, शिवम मिश्रा को सह संयोजक एवं निहाल गुप्ता, ब्रह्मानंदन गौतम, राघव पाल, अंशू राजपूत, पारस कटियार, सचिन ठाकुर, शौर्य प्रताप सिंह, अभिषेक दीक्षित, ज्ञानेश चर्तुवेदी, अर्पित शुक्ला को जिला कार्यसमिति सदस्य की ज़िम्मेदारी मिली है। जिला अध्यक्ष ने साइबर योद्धाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से कोने-कोने में पहुचाएं।

नशेबाज सफाई कर्मचारी को ओडीएफ के कमांड रूम में मिली 'पनाह'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायती राज विभाग के अधीन कार्यालय में कई घंटे सोता रहा
- अफसर व अन्य कर्मचारी रहे शांत होती रहीं विकास भवन में चर्चाएं

अमृत विचार। पंचायती राज विभाग इन दिनों चर्चाओं में है। शनिवार को विकास भवन में तेजी से चर्चा होने लगी की ओडीएफ कमांड रूम में नशेड़ी सफाईकर्मी आकर सो गया। बताया गया है कि उसे कार्यालय के कर्मियों ने न तो घुसने से रोका और न ही उठाया।

बताया गया है कि पंचायती राज ग्रामीण सफाईकर्मचारी संघ का पूर्व में जिलाध्यक्ष रहा एक कर्मी शनिवार को दोपहर विकास भवन पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक व नशे में था। कुछ देर में वह पहली मंजिल में स्थित ओडीएफ कमांड कक्ष में पहुंच गया। वहां दरवाजे के सामने काउंटर के निकट जमीन पर ही सो गया। बताया तो यहां तक गया है कि उस दौरान कई जिम्मेदार मौके पर थे, लेकिन किसी ने न तो रोका और न ही टोका। कई घंटे तक वह खर्राटे मारकर सोता रहा। नियम मुताबिक ड्यूटी वाले समय और सरकारी कार्यालय में प्रवेश करने के दौरान अल्कोहल का सेवन नहीं करना चाहिए।

पंचायतीराज के ओडीएफ कमांड रूम में नशे में सोता सफाईकर्मी।

सगे भाइयों में मारपीट, चाची भतीजी घायल

कन्नौज। करनपुर गांव में घर का पानी निकालने को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार पस में भिड़ गये। इसे दौरान चले लाठी-डंडों में चाची-भतीजी घायल हो गई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी सागर व हरिओम सगे भाई हैं। दोनों के मकान निकट में हैं। रविवार को प्रेम सागर की पुत्री गोल्डी कुशवाहा घर से निकली नाली को साफ कर रही थी। इसी दौरान उसके चाचा ने विरोध जताया। इसी पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसी बीच गोल्डी की चाची मनीषा घर से निकल कर गाली गलौज करने लगी। मारपीट शुरू हो गई। मारपीट से गोल्डी व दूसरे पक्ष से मनीषा घायल हो गईं।

निजी अस्पताल में भ्रूण हत्या के नाम पर मांगा गया धन

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- ठठिया क्षेत्र की बताई जा रही है क्लीनिक, वीडियो वायरल

अमृत विचार। निजी हास्पिटल के एक डाक्टर का भ्रूण हत्या करने की डील का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक निडी डाक्टर युवक से गर्भपात करने के एवज में तीन हजार रुपये रेट बताता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चर्चा आम हो रही है। लोग स्वास्थ्य विभाग को दुहाई दे रहे हैं। अमृत विचार इस तरह के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

स्वास्थ्य विभाग के रहमोंकरम पर जिले में कई क्लीनिक व निजी अस्पताल गैर कानूनी तरह से संचालित हो रहे हैं। इसी तरह की एक क्लीनिक पर मरीज देख रहे डाक्टर के पास एक युवक पहुंचता है। वह डाक्टर से गर्भपात कराने की बात करता है, तो डाक्टर उससे महिला को लाने की बात करता है। जब वह बताता है कि वह युवती है, जिसकी शादी नहीं हुई है। वह गर्भवती है तो डाक्टर उससे तीन हजार रुपये की मांग करता है और गर्भपात कर देने की बात कहता है। बाद में खुद का विजिटिंग कार्ड निकाल कर देते हुए कहता है कि जब आना तो फोन से जानकारी दे देना। इसके बाद वह युवक विजटिंग कार्ड लेकर चला गया। डील ठठिया क्षेत्र के एक क्लीनिक की बताई जा रही है। सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि इसकी जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

पुलिस ने दबोचे दो लुटेरे, लूट का माल बरामद

छिबरामऊ, कन्नौज। पुलिस ने लूट व धोखाधड़ी करने वाले दो लुटेरों को दबोच लिया। दोनों के पास से 31,500 रुपये, तीन एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन, एक कार व दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया है। सीओ ओमकारनाथ शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सभी संदिग्ध स्थानों पर वाहन की चेकिंग की जा रही थी, तभी गणेश शंकर धर्म कांटा जीटी रोड पर एक कार बैठे हुये अंकेश दिवाकर पुत्र सिपाहीलाल दिवाकर निवासी असालत नगर व संगराज जाटव पुत्र रतन सिंह निवासी रामपुर बैजू को गिरफ्तार किया गया। लुटेरों ने पुलिस को बताया कि वह कई जगहों पर लूट व धोखाधड़ी कर पैसों को हड़पने की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। वह लोग सीधे-साधे लोगों को टारगेट करते हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस दौरान उपनिरीक्षक अभिनेष कुमार समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तीन को गिरफ्तार किया

तालग्राम, कन्नौज। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में उप निरीक्षक ज्योति सिंह गौर ने रामलीला मैदान से कस्बा के मोहल्ला टीला निवासी रामशंकर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ शनिवार की देर शाम पकड़ लिया। जबकि उप निरीक्षक राजनरायन सिंह ने ग्राम निकवा निवासी अनिल गिहार को मुंडाला अंडर पास से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। इसी प्रकार उप निरीक्षक संतोष कुमार ने बेहटा खास निवासी अरुण कुमार को त्योर अंडर पास से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक दीपक चंद्र दुबे ने रोहली निवासी अरुण कुमार को 20 लीटर कच्ची शराब ले जाते अतरौली-रोहली संपर्क मार्ग से पकड़ कर कार्रवाई की है।

मायके आयीं तीन बहनों से भाई ने की मारपीट

छिबरामऊ, कन्नौज। मां की मृत्यु हो जाने के बाद शोक प्रकट करने आयीं तीन बहनों के साथ उसके भाई, भाभी व भतीजी ने मारपीट कर दी। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। बहवलपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम अतिराजपुर निवासी साधना पुत्री राममहेश शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे बहन पूनम व रानी के साथ मां का शोक प्रकट करने मायके अतिराजपुर आईं थी। घर पर मौजूद भाई, भाभी व भतीजी के अलावा दो अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में बहन रानी के गंभीर चोटें आयीं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

खेत पर काम कर रहे दंपति को मारपीट कर किया घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। चौकी सिकंदपुर के ग्राम चिलमिलैया निवासी मोरवती पत्नी रंजीत वर्मा ने बताया कि उसके खेत के पास ग्राम घुसुआपुर के एक युवक का खेत है। शनिवार की सुबह वह पति के साथ खेत पर काम कर रही थी। तभी दो वहां आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध जताने पर लाठी डंडों से मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। इसके बाद जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

लोकसभा चुनाव में 700 लोग पाबंद

तालग्राम, कन्नौज। थाना पुलिस ने शांतिभंग की आशंका पर लगभग 700 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान इनकी संलिप्तता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

शराब सहित युवक को पकड़ा

गुरसहायगंज, कन्नौज। रविवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में रामाश्रम चौकी प्रभारी चन्द्रभान सिंह, सराय प्रयाग चैकी प्रभारी राहुल कुमार, ओम सिंह चैहान कांस्टेबल विवेक ने अवैध शराब कारोबार के विरूद्ध अभियान चलाकर छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने सराय प्रयाग स्थित हाइवे अण्डर पास के निकट ग्राम रूपपुर निवासी फूल सिंह को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

विकास कार्यों की समीक्षा | मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के 7,112 आवेदन कर दिए अस्वीकृत, जनवरी के बाद फरवरी में कई योजनाओं की हालत हुई खस्ता

कन्या सुमंगला योजना, एंबुलेंस, गोवंश, दुग्ध समितियों ने गिराई रैंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मुख्यमंत्री डेशबोर्ड में विकास कार्यों (फरवरी) की समीक्षा में कन्नौज का सूबे में तीसरा स्थान है। इससे प्रदेश में जनपद का नाम हुआ है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति गिर गई है।

इसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना भी शामिल है। शासन ने योजना के तहत नए वित्तीय वर्ष से लाभार्थी का बजट 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार कर दिया गया है तो दूसरी ओर सुमंगला योजना के 7,112 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस, पशुपालन विभाग की गोवंश व सहकारी दुग्ध समितियों ने भी जनवरी के सापेक्ष फरवरी में निराशाजनक प्रदर्शन किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जिले की रैंक 58 आई है जो जनवरी में 32वें नंबर पर थी। रिपोर्ट कार्ड के मुताबिक कुल आवेदन 22,315 हैं। जिले से स्वीकृत 14,814 हुए और 7,112 अस्वीकृत कर दिए गए। लंबित आवेदनों की संख्या 389 है। भुगतान के लिए 14,690 आवेदन के बिल जनरेटेड हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग की नई सड़कों के निर्माण में जनवरी की रैंक 18वीं थी जो गिरकर 24वें स्थान पर पहुंच गई है। ओडीओपी वित्त पोषण योजना में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की रैंक 67वीं आई है।

जो जनवरी 74वीं थीं। इसी विभाग में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में पिछली रैंक 54 थी जो गिरकर 55 हो गई है। इसी तरह संरक्षित पशुपालन विभाग की निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी में पशुधन की रैंक 48 से गिरकर 59वें स्थान पर पहुंच गई है। पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान योजना में भी रैंक 55 नंबर पर पहुंची है जो जनवरी में 42 थी।

कन्नौज का नक्शा। अमृत विचार

व्यक्तिगत शौचालय में भी गिरावट

- पंचायती राज विभाग का एसबीएम ग्रामीण फेज-2 में व्यक्तिगत शौचालय में रैंक 40 से गिरकर 42 हो गई है। सहकारी दुग्ध समितियों में जिला सबसे नीचे के पांच जनपदों में शामिल है। पहले की तरह रैंक 73वें नंबर पर है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम में रैंक 22 से गिरकर 30 पर पहुंची है। एंबुलेंस नंबर 108 में रैंक नौ नंबर से गिरकर 22 पर आ गई है। एंबुलेंस 102 नंबर में एक नंबर से रैंक गिरकर 60 नंबर पर पहुंची जिससे बड़ी किरकरी हुई है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क निर्माण में रैंक 10 से 16 स्थान पर गिरी है। मनरेगा में भी रैंक में गिरावट दर्ज हुई है। 22 से 26वें स्थान पर रैंक आई है।

प्रगति बढ़ी पर रैंक ने निराश किया

- समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में लक्ष्य से अधिक शादियां कराई गईं हैं। उसके बाद भी रैंक में गिरावट हुई है। योजना में फरवरी की रैंक 14 आई है जो जनवरी में नौ नंबर पर थी। बताया गया है कि करीब 7.43 करोड़ रुपये खर्च कर 1467 जोड़ों की शादी कराई गई है। इसी तरह राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में पिछली रैंक 13 थी जो अब 36 पर पहुंच गई है। योजना में 1031 आवेदन आए, जिसमें 739 का अनुमोदन हो गया। 44 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। समय सीमा में 129 आवेदन लंबित हैं। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान में रैंक 53 आई है जो जनवरी में 40 नंबर पर थी।

जानिए प्रदेश में कन्नौज को

- जालौन 8.64 अंक के साथ पहले स्थान पर है।
- बरेली 8.52 अंक के साथ दूसरे नंबर पर है।
- कन्नौज 8.48 नंबर के साथ तीसरे स्थान पर है।

महिला की मौत पर हत्या का आरोप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। महिला का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने मारपीट के बाद हत्याकर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी।

सोनम।

थाना ठठिया के गयादीनपुर्वा गांव निवासी 35 वर्षीय सोनम पत्नी नीलू यादव अपने तीन बच्चों के साथ परिवार के साथ रहती थी। शनिवार की रात उसका शव संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटकते देखकर परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचा मृतका के परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को देखकर उसकी मारपीट कर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता कानपुर के तकीपुर गांव निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि ससुरालीजन उसकी पुत्री का उत्पीड़न करते थे, तीन बच्चों के बाद भी उसका पति आए दिन मारपीट करता रहता था। शनिवार की रात को उसने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और हत्या छिपाने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि मृतक के परिजन हत्या के बाद शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगा रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

गमगीन खड़े सोनम के बच्चे व बैठे परिजन। अमृत विचार

थाने गेट के पास से सोनम को ले गया था पति

पति के उत्पीड़न की शिकायत करने शनिवार को सोनम थाने आई थी। उसका पति व देवर थाने गेट से समझा-बुझाकर वापस ले गया था। उन्हें गेट पर समझाते हुए कई लोगों ने देखा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि वह थाने नही आई थी, अगर वह शिकायत करती तो कार्रवाई की जाती।

एक्सप्रेस वे पर हुई दुर्घटना में चालक व हेल्पर घायल

तालग्राम, कन्नौज। फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज नगला ग्वालियर निवासी चालक मनोज कुमार (35) हेल्पर संदीप कुमार (25) के साथ सिरसागंज से डीसीएम में आलू लादकर ग्राम तेराजाकेट आ रहा था। शनिवार की देर रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी 165 ग्राम बेहटा के निकट आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे डीसीएम वाहन में पीछे से टक्कर हो गई और चालक व हेल्पर घायल गए।

सूचना पर पहुचें यूपीडा कर्मियों ने घायलों को सीएचसी तालग्राम भर्ती कराया। जहां हेल्पर संदीप कुमार को मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया। जबकि यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त डीसीएम को क्रेन की मदद से निकवा टोल प्लाजा पर पहुंचाया।

1965 के परिसीमन में कन्नौज सीट का उदय

अतीत के झरोखे से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिस समय देश में कांग्रेस का बोलबाला था, उस समय कांग्रेस का खुलेआम विरोध करने वाले प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया थे। वह फर्रुखाबाद से सांसद थे, लेकिन क्षेत्र बड़ा होने के कारण उन्होंने चुनाव आयोग से कन्नौज लोकसभा सीट को बनाने की मांग की थी। 1965 में हुए परिसीमन में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया और डॉ. लोहिया को यहां से पहले सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ।

डॉ. राममनोहर लोहिया कांग्रेस को अधिनायकवादी मानते थे और प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रखर विरोधी थे। देसी अंदाज में वह कांग्रेस की बखिया उधेड़ते थे तो लोग तालियां बजा देते थे। 1967 के आम चुनाव में डॉ. लोहिया के सामने कांग्रेस ने हाईकोर्ट इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण मिश्र को मैदान में उतारा, लेकिन वह हार गए।

डॉ. लोहिया के आकस्मिक निधन के बाद पिछले चुनाव में उपविजेता रहे सत्यनारायण मिश्र 1971 में जीते और 1977 तक सांसद रहे। वकालत में व्यस्त रहने के कारण वह जनता को समय नहीं दे पाए और 1977 में यहां भारतीय लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी भारी मतों से चुनाव जीत कर पहले स्थानीय सांसद बन गए। 1984 में कांग्रेस ने शीला दीक्षित को मैदान में उतारा तो एक बार फिर कांग्रेस के हाथ बाजी लग गई और 1989 तक सांसद रहीं। इसके बाद कांग्रेस यहां से सदा के लिए विदा हो गई और फिर किसी भी चुनाव में कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मुकाबले में नहीं आया।

1996 में भाजपा ने यहां खाता खोला तो 1998 में सपा ने कब्जा कर लिया, जो 2019 तक बरकरार रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा से सुब्रत पाठक ने सपाई किले को ध्वस्त कर दिया और यह सीट फिर से भाजपा की झोली में डाल दी।

डॉ. राममनोहर लोहिया।

- **प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया बने थे गैर कांग्रेसी सांसद**
- **सत्यनारायण मिश्र और शीला दीक्षित रह चुके एक बार कांग्रेस से सांसद**

इस बार सपा-कांग्रेस में गठबंधन

कन्नौज सीट पर इस बार भी कांग्रेस से कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं होगा। इसका मूल कारण है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन है, जिसके चलते यहां सपा से ही कोई प्रत्याशी मैदान में उतरेगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अभी तक घोषणा नहीं की है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक पर ही दांव लगाया है तो बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी अकील अहमद पट्टा को मैदान में उतारकर सपा को पशोपेश में डाल दिया है।

कन्नौज क्षेत्र के उम्मीदवार का भाग्य लिखेंगे 18 लाख मतदाता

पहली बार मतदाता बने 43,222 युवक-युवतियां निभाएंगे निर्णायक भूमिका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है और राजनीतिक दल अपनी बिसात बिछाने में जुट गए हैं। चुनाव का पूरा दारोमदार मतदाताओं के ऊपर है। इसमें कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के 18 लाख से अधिक मतदाता प्रत्याशियों का भाग्य लिखेंगे, जिसमें 43 हजार से अधिक युवा मतदाता निर्णायक की भूमिका में होंगे, जिन्हें पहली बार मतदाता बनने का अवसर मिला है। वोटरों को लुभाने के लिए सत्तापक्ष सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को गिना रहा है तो विपक्षी दल कई मुद्दों पर सरकार को घेर कर चुनावी वैतरणी को पार करने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

चुनाव कोई भी हो, उसमें प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला तो मतदाता ही करते हैं। इस बार चुनाव से पहले विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें 16054 मतदाता बढ़े हैं। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें रसूलाबाद कानपुर देहात और विधूना औरैया जिले के अंतर्गत हैं। इन पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 18,08,886 है, जिसमें सबसे अधिक मतदाता 4,76,207 छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में हैं। वहीं, रसूलाबाद में सबसे कम मतदाता 3,23,836 हैं। नए वोटरों की बात की जाए तो सबसे अधिक छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में ही 19,318 युवा वोटर हैं, जबकि कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र में 11,922 युवाओं को पहली बार मतदान करने का अवसर मिलेगा। देखना है कि लोस चुनाव में मतदाता किसके सिर पर ताज रखते हैं।

- **पोलिंग बूथों पर दिखेगा नारी शक्ति का 'वंदन', महिलाओं की बढ़ी भागीदारी**

लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की स्थिति

विधानसभा क्षेत्र	मतदाता	पुरुष	महिला	अन्य
छिबरामऊ	476207	253093	223095	19
तिर्वा	380814	204061	176729	24
कन्नौज सदर	429763	228125	201438	14
रसूलाबाद	323836	173437	150381	18
विधूना	365084	199184	165888	12
योग	1808886	1000035	808799	87

पोलिंग बूथों पर दिखेगा नारी शक्ति का 'वंदन'

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में जेंडर रेशियो 63 .73 प्रतिशत है, अर्थात प्रति एक हजार पुरुषों के सापेक्ष 878 महिलाएं हैं। इस तरह पूरी लोकसभा में 10,00,035 पुरुषों पर 8,08,799 मतदाता महिलाएं हैं। 13 मई को जब वोटिंग होगी तो पोलिंग बूथों पर नारी शक्ति का वंदन दिखाई देगा। चुनाव आयोग की माने तो महिलाएं बूथों पर कम वोट डालने जातीं थीं, लेकिन पिछले चुनाव से यह मिथक टूटा है और महिलाएं मतदान में अधिक भाग ले रहीं हैं।

2019 में नोटा को पड़े थे 0.72 फीसदी वोट

पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की यदि बात की जाए तो यहां सांसद सुब्रत पाठक को 5,63,087 वोट मिले थे, जो कुल वोटिंग का 49.37 प्रतिशत है। वहीं, सपा की डिंपल यादव को 5,50,734 वोट मिले थे, जो 48.29 प्रतिशत थे। इसी प्रकार नोटा में 8165 वोट निकले थे, जो कुल मतदान का 0.72 प्रतिशत थे। यानि नोटा में कई प्रत्याशियों से अधिक वोट पड़े थे, जिसके अनुसार आनंद विक्रम सिंह को 4922 (0.43 प्रतिशत) और सुनील भारती को 4143 (0.36 प्रतिशत) वोट मिले थे। इसका अर्थ यह है कि नोटा में जितने वोट पड़े थे, उनको कोई भी प्रत्याशी पसंद नहीं आ रहा है। इस बार देखना है कि लोस चुनाव में मतदाता किसके सिर पर ताज रखते हैं।

शिविर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर दिया गया जोर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- **राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस का हुआ आयोजन**

अमृत विचार। रविवार को नेहरू कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी स्वयंसेवकों ने लक्ष्यगीत तथा ध्येय गीत गाकर किया। सभी वालंटियर्सों ने योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वालंटियर अंबर दुबे ने भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर वार करते हुए अपनी कविता अब तो बेटी से प्यार करो प्रस्तुत की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को भारत सरकार की योजना 'डिजिटल इंडिया' तथा उसके अंतर्गत आने वाली समस्त कार्यप्रणाली को विस्तार पूर्वक समझाया। आपने स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चैट जीपीटी तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के उपयोगों और दुरुपयोगों से अवगत कराते हुए कहा की हमें शिक्षित होने के साथ-साथ डिजिटल रूप से समझदार होने की भी जरूरत है।

समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. उदयपाल सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए किस प्रकार उच्च एवं बेहतर शिक्षा प्राप्त की जा सकती है इस बात पर प्रकाश डाला। सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम कमालपुर में फसलों का निरीक्षण किया तथा उनमें होने वाले कुछ सामान्य रोगों जैसे कीड़ा लगना व कण्डुआ आदि की जानकारी की तथा ग्राम में एक सर्वेक्षण किया, जिसमें ग्रामवासियों तक पहुचने वाली सरकारी योजनाओं के आंकड़े इकट्ठे किए।

कार्यक्रम में अनुशासक धर्मवीर सिंह, खण्डेलवाल इंटर कॉलेज के अध्यापक अनुज दुबे, मुनीश कुमार जी, बृजेश कुमार व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जीवन में नफरत नहीं प्रेम को स्थान दें

गुरसहायगंज-कन्नौज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा अशोक कुमार गुप्ता ने होली के पर्व को हर्षोल्लास से मनाने की बात कही। कहा कि यह पर्व और विशेष इसलिए हो जाता है क्योकि इस दिन लोग अपने बैर, भाव, बुराइयों और दूरियों को मिटाकर गले मिलते है।

होली पर गले मिलने वालों की संख्या घटती जा रही है। उसकी एक बड़ी वजह ये भी है कि हमे निंदा, चुगली में रस आने लगा है और जहां प्रेम की बात आती है। वहां हमें जम्हाई आने लगती है। यदि हमे जीवन में ऊंचाईयां चाहिए तो प्रेम को ही जीवन में स्थान देना होगा न कि नफरत को। सदगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज ने कहा था कि होली सो होली, अब आगे सोचो क्या करना है। बीते हुए वक्त को बदला नहीं जा सकता है लेकिन बीते हुए वक्त से सीख कर आने वाले वक्त को सुधारा जरूर जा सकता है। सत्संग में विपिन कुमार, शिवा, ईश्वर दयाल, सुरेंद्र, आकाश, विश्राम सागर, योगेंद्र, आरती, सुनीता, सेजल, पूनम, पारुल, दिशा, आदि सत्संगी मौजूद रहे।

बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- **दो लोगों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर**

अमृत विचार। ग्राम बहवलपुर के पास दो बाइकों की हुई भिड़ंत में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉ भीमराव राम जी अंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया गया।

भोजपुर निगोह निवासी मनोज कुमार मैकेनिक का कार्य करता है। रविवार को वह तालग्राम में किसी मशीन को देखने के लिए गया था। वहां से वापस आते समय ग्राम बहवलपुर के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा पर लदे किसी सामान से अचानक वह टकरा गया, जिससे उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रहे दूसरी बाइक पर सवार नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रशांत यादव पुत्र शैलेंद्र सिंह अपनी मौसी शशि पत्नी सुरजीत सिंह को तिर्वा लेकर जा रहा था। दोनों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस द्वारा उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद शशि और प्रशांत को डॉ भीमराव राम जी अंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय (तिर्वा मेडिकल कॉलेज) के लिए रेफर कर दिया गया।

नेत्र शिविर में 108 मरीजों का परीक्षण

तिर्वा, कन्नौज। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 108 मरीजों का परीक्षण कर 48 के आंखों में दिक्कत देख उन्हें भर्ती कर आपरेशन के लिए कानपुर भेज दिया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में चौधरी राम मोहन लाल गहोई की स्मृति में आंख समेत अन्य रोग के लिए रविवार को आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ समाजसेवी नरेश गुप्ता एवं विवेक गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। निशुल्क नेत्र शिविर में कानपुर के शंकरा आई हास्पिटल से डाक्टरों द्वारा 108 लोगो की आंखों की जांच की गई। आयोजक अंशुल गुप्ता, उमेश चन्द्र गुप्ता, अंशुल गुप्ता ओमप्रकाश यादव, आसू गुप्ता शैलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

आचार संहिता के बाद भी लगे स्वागत द्वार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सड़क पर लगे स्वागत द्वार पर लगी भाजपा व सपा के नेताओं की फोटो आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है, जिसे देखकर भी प्रशासन अजान बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही लगी आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। कस्बे के बाहर तिर्वा-ठठिया मार्ग पर विधानसभा क्षेत्र की सीमा के पास सड़क पर लगे स्वागत द्वार पर भाजपा व सपा के नेताओं की फोटो व नाम आने जाने वाले मतदाताओं को पार्टी की याद दिला रहे हैं। मुख्यमार्ग पर लगे स्वागत द्वार पर लगी राजनैतिक दलो के नेताओ की फोटो देखकर भी प्रशासन अनजान बना हुआ है। आदर्श आचार संहिता लगे 24 घंटे बीतने के बाद भी सडक पर लगे स्वागत द्वार बंद नही किए गए हैं।

सड़क पर लगा भाजपा का स्वागत बोर्ड। अमृत विचार

लगा सपा का स्वागत द्वार। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो लोग घायल

तालग्राम। ग्राम महानगर निवासी अंकित कुमार (25) अपने चचेरे भाई विवेक कुमार जाटव (17) के साथ शनिवार की देर शाम बाइक से गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन से रिश्तेदार को लेने आ रहा था। तालग्राम-तेराजाकेट मार्ग स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निकवा कट पर तेराजाकेट की ओर से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

सद्गुरु से मिलती सही दिशा, भ्रम का होता अंत

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवम में सौरिख से आईं महात्मा रिंकी यादव ने कहा सद्गुरु से सही दिशा मिलती है। भ्रम का अंधकार छट जाता है। उन्होंने कहा किसी भी मनुष्य को अंहकार नहीं करना चाहिए, क्योकि ईश्वर की भक्ति में ही शक्ति होती है। मनुष्य जब किसी विपरीत परिस्थितियों से गुजरता हैं तो वो ईश्वर को याद करता है। उससे उसको शांति तो मिलती है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 40 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

तेराजाकेट। ग्राम सराय प्रयाग स्थित विमला देवी ब्रज मोहन सिंह इंटर कॉलेज में रविवार को कृष्णा कंप्यूटर एजूकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी सराय दौलत द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें पंजीकृत 380 छात्र-छात्राओं में से 340 ने प्रतिभाग किया। केंद्र डायरेक्टर शिवेंद्र कुशवाहा में बताया कि सफल हुए बच्चों को मासिक छात्रवृत्ति के साथ-साथ निशुल्क अथवा न्यूनतम फीस में कंप्यूटर शिक्षा संस्था की ओर से दी जाएगी। इससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में न सिर्फ सहयोग मिलेगा बल्कि सफलता प्राप्त करने के लिए भी मानसिक रूप से सक्षम हो सकेंगे। प्रबंधक विनय प्रताप सिंह (पूर्व प्रधान) ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से बच्चों की मानसिक क्षमता का आंकलन होता है। इस दौरान डायरेक्टर विवेक पाल, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र सिंह देव, प्रभारी वीरेंद्र सिंह, डीपी सिंह, सुनील कुमार, मयूर राठौर, संकल्प कटियार, अंजली यादव, शिखा कुशवाहा, आकर्ष कुशवाहा, अभिषेक, अंशिका, आलोक यादव, अमर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

जंगली कुत्तों ने 10 बकरियों को मार डाला

सौरिख। सकरावा थाना क्षेत्र के नगला खेमकरन में समरपाल पुत्र मौजीलाल के पास करीब एक दर्जन बकरियां हैं। शुक्रवार की रात करीब एक बजे घर के बाहर छप्पर में बंधी बकरियों पर आवारा जंगली कुत्तों के झुंड ने हमला कर दस बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी होने पर समरपाल ने कुत्तों को खदेड़ा बकरियों पर हमले से गांव में हड़कंप मच गया। समरपाल मेहनत मजदूरी व बकरी पालन कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

संविधान का दमन कर रही भाजपा : प्रो. वर्मा

छिबरामऊ। नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित लोकभारती इण्टर कालेज में आयोजित चार जनपदीय कार्यकर्ता सम्मलेन में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रो. रामबख्श वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का दमन कर रही है। भारत में सभी लोगों को समान अधिकार मिलना चाहिए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुभाषचंद्र लहरी ने कहा कि बाबा साहब के संविधान को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या मजबूत करने का काम कर रहे हैं। पूर्व मंत्री भगवती प्रसाद सागर ने कहा बाबा साहब का मिशन था जिससे संघर्ष हो, उससे समझौता नहीं करना चाहिए। इस दौरान पार्टी के सरंक्षक साहब सिंह धनगर, राष्ट्रीय महासचिव आलोक वर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतर सिंह पाल, संजीव कुमार शाक्य, डॉ. सी.वी सिंह, रामगोपाल राजपूत, प्रेमपाल वर्मा, रामसेवक वर्मा, वंशीलाल वर्मा, मो. साबिर मौजूद रहे।

घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, मारपीट

तिर्वा। कस्बा के एक मोहल्ला निवासी पीड़िता ने बताया कि मोहल्ले में ही किराये की दुकान किए हुए है। दो दिन पहले शाम को पति घर मौजूद नही थे, इसी दौरान कस्बा के मंडीबाजार मोहल्ला निवासी रहीश आया और कुछ सामान की खरीदारी की। सामान का पैसा मांगने पर रहीश आग बबूला हो गया और गालीगलौज करते हुए अपने भाई शहीद को भी बुला लिया। कहा कि दोनों भाइयों ने मिलकर लाठी-डंडों से दुकान में तोड़फोड़ कर दी। विरोध करने पर घर में घुसकर अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट कर लहुलूहान कर दिया।

लापरवाही | बोर्ड परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन केंद्रों पर 1802 परीक्षकों में 984 नहीं आए

50 फीसदी से ज्यादा परीक्षक, डीएचई चल रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शहर के दो इंटर कॉलेजों में चल रहा है। दूसरे दिन भी 50 फीसदी से अधिक परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक (डीएचई) गैरहाजिर रहे। कुल 1802 परीक्षकों व डीएचई में 984 ड्यूटी पर नहीं पहुंचे।

शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। उप नियंत्रक/प्रधानाचार्य एके शर्मा ने बताया कि रविवार को 12,965 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। कुल 628 परीक्षकों में 256 ही उपस्थित हुए। 69 डीएचई में 65 ने ड्यूटी की। कुल 697 में 321 परीक्षक व डीएचई उपस्थित हुए। इसी तरह एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि उनके केंद्र पर हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। यहां पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन डीएचई की संख्या बढ़ाकर 83 कर दी गई, जिसमें 63 केंद्र पर मौजूद रहे। 1022 परीक्षकों में से 434 ने मूल्यांकन कार्य किया। कुल 1105 में 497 परीक्षक व डीएचई उपस्थित हुए। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि एसबीएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की दो लाख 16 हजार 594 कॉपियों के सापेक्ष एक लाख 97 हजार 681 उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त हुईं हैं। केके इंटर कॉलेज केंद्र पर एक लाख 51 हजार 942 कॉपियों का आवंटन मिला है, उसके सापेक्ष एक लाख 42 हजार 776 उत्तरपुस्तिकाएं आईं हैं। दो दिनों में 30,256 कॉपियां जांची गईं।

शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त करते परीक्षक। अमृत विचार

एसबीएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियां जांचते परीक्षक व डीएचई।

- **एसबीएस व केके इंटर कॉलेज में जांची जा रहीं हैं कापियां**

यूपी बोर्ड ने मांगी परीक्षकों की हाजिरी

डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव ने मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों व डीएचई की सूचना 18 मार्च दोपहर एक बजे तक मांगी है। जो गैरहाजिर रहेंगे उनकी भी रिपोर्ट भेजी जाएगी। कहा जा रहा है कि ड्यूटी से नदारद परीक्षकों पर कार्रवाई की जा सकती है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

गुरसहायगंज। भाजपा द्वारा ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। जिसमें नगर निवासी वरिष्ठ व्यापारी व प्रजापति समाज सहित पिछड़ा वर्ग में अलग पहचान रखने वाले विजय प्रजापति को गुरसहायगंज मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि तालग्राम से साहिल पटेल, तेराजाकेट से कल्पेन्द्र वर्मा, जलालाबाद से ज्ञान प्रकाश कुशवाहा को भी मण्डल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को पदाधिकारियों के मनोनयन पर स्थानीय लोगों, समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर मिष्ठान वितरण किया। गुरसहायगंज में भाजपा नेता संजीव गुप्ता संजू, पूर्व नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश कौशल, मानव गुप्ता, कपूर गुप्ता, भूरा कठेरिया आदि ने मिष्ठान खिलाकर व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

एक नजर

गर्भवती महिलाओं को वितरित किये फल

कायमगंज फर्रुखाबाद। सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर प्रसव पूर्व 72 गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच की गई। जांच के बाद 14 हाईरिस्स प्रेगनेंसी की पाई गई। वही 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने केला संतरे आदि फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया।

दो नाबालिग बहनों से दुष्कर्म का आरोप

कायमगंज। फर्रुखाबाद कंपिल क्षेत्र में एक महिला ने उसकी दो नाबालिग नातिन के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए है। कंपिल क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है, 27 फरवरी को 12 बजे उसकी दो नाबालिग नातिन एक नर्सरी में घास छील रही थीं, तभी गांव के चार आरोपित आए और दोनों नातिन का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। जब उन्होंने चीखपुकार मचाई तो आरोपित गाली गलौज व धमकी देकर भाग गए। जब उसकी पुत्रबधू घर पर शिकायत करने गई तो आरोपित के परिजनों ने गाली-गालौज कर मारपीट की। 1 मार्च को कंपिल थाने में शिकायत की तो न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई न ही कोई कार्रवाई हुई। महिला की शिकायत पर तहसील में एसडीएम ने पुलिस को विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए।

कॉपियों के मूल्यांकन में लगे 286 परीक्षक अनुपस्थित

फर्रुखाबाद। यूपी बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य में रविवार को दूसरे दिन 286 परीक्षकों ने भाग नहीं लिया। अब तक इंटरमीडिएट की 15399 व हाईस्कूल की 18367 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। रविवार को दूसरे दिन मूल्यांकन केंद्र जीआईसी में 519 में 277, जीजीआईसी फतेहगढ़ में 483 में 299 और रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद मूल्यांकन केंद्र पर 550 में 290 परीक्षकों ने मूल्यांकन ड्यूटी की। जीआईसी में हाईस्कूल की 89566 उत्तर पुस्तिकाओं में 8834 व जीजीआईसी फतेहगढ़ में हाईस्कूल की 80131 कॉपियों में 9533 कॉपियों को जांचा गया। वहीं मूल्यांकन केंद्र रस्तोगी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 111625 उत्तर पुस्तिकाओं में 15399 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। अभी भी हाईस्कूल की 151330 व इंटरमीडिएट की 96226 कॉपियां जांचा जाना बाकी है। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एपी सिंह ने बताया कि परीक्षकों को सख्त हिदायत दी जाएगी कि वह लोग समय रहते मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने बताया कि रविवार को 286 परीक्षक अनुपस्थित रहे।

आग से नकदी जली, बाल बाल बचे मवेशी

कायमगंज, फर्रुखाबाद। अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। गांव के लोगों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। अंदर बंधे जानवरों को आग से बचाया है। आग से 5 हजार की नकदी, घरेलू सामान सहित हजारों रुपयों का नुकसान हो गया। राजस्व टीम को सूचना दी गई है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव गंगईया के निवासी राजवीर पुत्र जौहरीलाल के घर रविवार को संदिग्ध हालात में आग लग गई। राजवीर गांव में बैठे हुए थे। जानवर झोपड़ी के अंदर बंधे हुए थे। आग के विकराल रूप लेने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों के शोर मचाने पर गांव के लोगों ने उनको बाहर निकाला। इसके बाद जैसे तैसे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा पाया। मवेशियों को सकुशल बचा लिया गया। आग में 5 हजार की नकदी, गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गए। राजवीर ने बताया कि पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

19 जोन में बंटा लोकसभा क्षेत्र, बने 1400 मतदान केंद्र

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए लोकसभा क्षेत्र में 185 सेक्टर बनाए गए हैं

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में चौथे चरण में होने जा रहे सामान्य लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिले को 19 जोन और 185 सेक्टर में विभाजित कर उन पर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि 13 मई 2024 को होने जा रहे सामान्य लोकसभा चुनाव में कुल 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि इस दिन 13 मई को 18 से 19 वर्ष के 23473 मतदाता और 85 साल से ऊपर के 10784 मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 4875 मतदाता सर्विसमैन हैं। इन सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए पांचो विधानसभा क्षेत्र में 1400 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे 1922 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पांचो विधानसभा क्षेत्र को 19 जून में विभाजित करके उन पर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। इसी तरह से लोकसभा क्षेत्र को 185 सेक्टर में विभाजित करके उन पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। जिलाधिकारी बीके सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराया जाना है।

जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह समय से आकर मतदान करें और मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक पहुंचाएं। पहले मतदान इसके बाद अन्य काम को ध्यान में रखते हुए इस महा यज्ञ में आहुति देकर प्रत्यासी का चयन करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, जिला सूचना अधोकारी ओम वीर सिंह यादवसहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि नाम निर्देशन 25 अप्रैल बृहस्पतिवार को जमा किया जाएगा और नाम निर्देशन की जांच 26 अप्रैल शुक्रवार तथा नाम वापसी 29 अप्रैल सोमवार और मतदान 13 मई सोमवार को संपन्न कराया जाएगा। 4 जून मंगलवार को मतगणना कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सिंह ने बताया कि फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में 18,892 दिव्यांग मतदाता है। इनके मतदान के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले की प्रति विधानसभा में दो महिला बूथ की स्थापना की गई है। जिन पर मतदान स्टाफ के रूप में महिलाएं नियुक्त रहेगी। दिव्यांग बूथ प्रति विधानसभा क्षेत्र में एक युवा बूथ प्रति विधानसभा क्षेत्र में, एक मॉडल बूथ प्रति विधानसभा क्षेत्र में पांच स्थापित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सामान्य निर्वाचन 2024 में 464 मतदेय स्थलों पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेगा। जिनमें अति संवेदनशील मतदान केंद्र भी शामिल है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार को आचार संहिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए कुल 17 टीमों का गठन किया गया है। निर्वाचन से संबंधित नियंत्रित कच्छ कंट्रोल रूम खोल दिया गया है। जिसका फोन नंबर 1950 है डीएम ने कहा कि पूरी तरह से निष्पक्ष चुनाव कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सिंह ने बताया कि धांधली करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियम सबके लिए बराबर हैं।

लोकसभा में पहली बार वोट करेंगे 23.47 हजार युवा

चंद्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

- 100 साल के 115 मतदाता चुनेंगे जिले का सांसद
- जिले में 13 मई 2024 को होगा मतदान

अमृत विचार। जिले में 13 में मई 2024 को होने जा रही चुनावी महायज्ञ में जिले के 23, 473 युवा मतदाता पहली बार आहुति देकर नेता का चुनाव करेंगे। वही सबसे खास बात यह है कि 85 साल के ऊपर के यहां 10784 वरिष्ठ जन अपने मताधिकार का प्रयोग करके नेता का चयन करेंगे।

जिले की पांचो विधानसभा में नए और वरिष्ठ मतदाता बहुत ही भाग्यशाली है। जिनकी चर्चा प्रशासनिक अधिकारियों की जवान पर है। फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में आने वाली अलीगंज विधानसभा 18 साल से 19 साल के 5526 और कायमगंज में 5778 अमृतपुर में 3793 विधानसभा सदर में 4033 और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में 4435 युवा मतदाता पहली बार मतदान करके सांसद का चुनाव करेंगे। सबसे बड़ी बात तो यह है कि जहां लोगों की उम्र इस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन 70 साल तक ही आंक रहा है वहीं फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में 85 साल के ऊपर के 10784 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके सरकार का चयन करेंगे।

इन वरिष्ठ जनों की सूची देखकर जिलाधिकारी से लेकर निर्वाचन में लगा हर अधिकारी उनकी प्रशंसा के पुल बांध रहा है। मौजूदा समय में 85 साल की उम्र तक जीना बहुत बड़ी बात है। 85 साल से ऊपर के अलीगंज विधान सभा क्षेत्र में 2270 क़ायमगंज में 1929 अमृतपुर में2189 सदर विधान सभा मे 1961, भोजपुर में 1436 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे। बात यहीं खत्म नहीं होती फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में 100 साल से ज्यादा जी चुके 115 मतदाता 13 मई को मतदान करके अपने प्रत्याशी का चयन करेंगे।

100 साल की उम्र पार कर चुके लोगों के नाम मतदाता सूची में देख कर अधिकारी भी दांतों तले उंगली दवा रहे हैं।

काम नहीं करने वालों की सूची दें जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद। भोलेपुर स्थित कार्यालय में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव व फर्रुखाबाद लोकसभा प्रभारी ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष से खाली पड़े पदों व निष्क्रिय पदाधिकारियों की सूची मांगते हुए निर्देश दिए कि काम न करने वाले लोगों को बाहर करें। साथ ही उन्होंने तीन दिन में बीएलए सूची देने को भी कहा। बैठक के दौरान लोकसभा प्रभारी प्रकाश प्रधान ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी से कहा कि तीन दिन में खाली पड़े पदों व निष्क्रिय पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराएं। जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय होगा, उसे बाहर किया जाएगा। संगठन के लिए कार्य करने वाले लोग ही पार्टी में रहेंगे। साथ ही निर्देश दिए कि सोमवार तक जिला कांग्रेस कमेटी की सूची उपलब्ध करा दें। 18 मार्च तक बीएलए की सूची दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन की बैठक के लिए हर जनपद में कोआर्डिनेशन कमेटी बनेगी। इसको लेकर 22 मार्च को लखनऊ में बैठक होगी। बैठक के बाद हर जनपद में कांग्रेस-सपा गठबंधन बैठक के लिए कोआर्डिनेशन कमेटी बना दी जाएगी।

युवक को गोली मारी, तीन नामजद, दो हुए गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कटरी के गांव नगला बसोला में गोली लगने से घायल युवक के भाई ने तीन भाइयों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो हमलवरों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार रात गंगा कटरी के गांव नगला बसोला में रामशरन राठौर के 19 वर्षीय पुत्र आदेश कुमार हमलावरों की गोली से घायल हो गया था। इस मामले में घायल के भाई रामप्रकाश ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मामले में बताया कि उसका भाई आदेश व शमसाबाद क्षेत्र के गांव मकसूदपुर पट्टी निवासी सुरजीत पुत्र रामदास, सुधीर पुत्र अनिल गन्ना लोड करके घर जा रहा था। तभी रास्ते में नगला बसोला निवासी अहिलकार, उसका भाई सत्यवीर, रामरहीश शराब के नशे में आए। तभी आरोपित अहिलकार गाली गलौज करने लगा। आदेश ने विरोध किया तो आरोपित अहिलकार ने तमंचा निकाल कर गोली मार दी। दूसरा फायर दूसरे भाई सत्यवीर ने कर दिया। फायर की आवाज सुनकर घर व परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। इसी बीच आरोपित तमंचा लहरा कर भाग गए। पुलिस ने गाली गलौज जानलेवा हमले में मामला दर्ज लिया है। सीओ सतेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर रामअवतार, कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी अस्पताल गए।

अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाद दाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अमृतपुर थाना क्षेत्र में रविवार की शाम ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई। अमृतपुर-कोलाघाट पुल बंद होने के बाद से बड़े वाहनों का आवागमन इसी रोड से होता है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आज शाम ढलते ढलते अमृतपुर थाना क्षेत्र के पुराने बस अड्डे के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिडंत मे मोटरसाइकिल सवार गोपाल सिंह सोमवंशी (37) पुत्र अश्वनी सोमवंशी निवासी ग्राम नगलाहूशा की मौके पर मौत हो गई। भिडन्त इतनी जोर थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। जो लोग वहां से गुजर रहे थे उन्होंने जब इस घटना को देखा तो उनके होश उड़ गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। अमृतपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अमृतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्रमित ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी वर्षा दो बच्चे तीन वर्षीय वेदांत एवं 2 वर्षीय बेटी कान्हा और अपनी मां आशा देवी को रोता बिलखता छोड़ गया। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से भाग गया।

गोपाल सिंह।

दुर्घटना में वृद्ध किसान की मौत, एक घायल

- **फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में रविवार को ई-रिक्शा में टैंपो ने टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा सवार किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के गांव माधवगढ़ थाना अल्लाहगंज के रहने वाले राधेश्याम (75) ई-रिक्शा से आलू लेकर राजेपुर शीत गृह में भंडारित करने आ रहे थे। गांव परमपुर के पास टैंपो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा में सवार राधेश्याम और शाहजहांपुर जिले के थाना मिर्जापुर के गांव नगला दूरी के रहने वाले कुलदीप शाक्य घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां राधेश्याम की मौत हो गई और कुलदीप का इलाज जारी है।

हादसों में तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

- कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग स्थानों पर मार्ग दुर्घटना में नगर के लोहाई बाजार निवासी बेबी पांडेय, कंपिल क्षेत्र के गांव रौकरी निवासी सतीश व शशी कपूर घायल हो गए। तीनों को उनके परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज हुआ।

शहीद की पत्नी को किया सम्मानित

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। महिला दिवस के उपलक्ष में शहीद की पत्नी को यूनिट के अधिकारियों ने घर जाकर सम्मानित किया।

नगला विधि दत्तू नगला निवासी सीआरपीएफ के एसआई विनोद कुमार जुलाई 2022 में पुलवामा में शहीद हो गए थे। महिला दिवस के अवसर पर अलीगढ़ 104 आरएएफ यूनिट ने शहीद की पत्नी को सम्मानित किया। अलीगढ़ की यूनिट ने शहीद के घर पहुंचकर पत्नी को उपहार देकर सम्मानित किया। अलीगढ़ से आए एसआई अजय कुमार ने बताया कि बीते महिला दिवस पर शहीद की पत्नियों को सम्मानित करने के लिए अलीगढ़ बुलाया गया था। लेकिन किसी कारण से नगला विधि निवासी शहीद विनोद कुमार की पत्नी सुमन पाल नहीं पहुंच सकीं। यूनिट के कमांडर द्वारा शहीद की पत्नी को घर जाकर सम्मानित करने का निर्देश दिया गया। जिस पर उधम सिंह कांस्टेबल रमेश पचौरी व वाहन चालक धर्मपाल दत्तू नगला पहुंचे और शहीद की पत्नी सुमन पाल को उपहार देकर सम्मानित किया।

शहीद की पत्नी सुमन को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

भाकियू हरपाल गुट ने उठाई किसानों की समस्याएं

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भाकियू हरपाल गुट के पदाधिकारियों ने तहसील में कई समस्याए उठाई। प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखी और कहा फसलों की सिचाई के लिए नहर में टेल तक पानी पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट के दर्जनों पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप अधिक है। छिड़काव कराया जाए। कहा कि शासन ने खेतों में सिचाई के लिए लगे सबमर्सिबल पंप का बिजली का बिल 1 अप्रैल 2023 से माफ किया है फिर भी बिजली विभाग द्वारा आगे का बिल क्यो जमा कराया गया। उनका रुपया वापस किया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि सीएचसी कायमगंज में मरीजों को पूरी दवा नहीं दी जाती, जांच कराई जाए। नहर में पानी टेल तक पहुंचाया जाए ताकि किसान अपने फसलों की सिचाई कर सके। उन्होंने कहा कि कई ग्रामों में तालाब में साफ सफाई का कार्य नहीं हुआ वही अवैध रुप से कब्जा है। हटवाया जाए। किसान नेताओं ने खाद्य विभाग राशन घटतौली पर ध्यान नहीं दे रहा है। किसान नेताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा को सौपा। ज्ञापन के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजपाल सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष डा. प्रेमचंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

कायमगंज फर्रुखाबाद। लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने व्यक्ति और समाज को नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए नशामुक्त भारत अभियान पर रैली निकली। रैली में स्वयंसेवकों ने कसम यह खाएँगे, नशे को दूर भगाएंगे। छोड़ोगे नहीं अगर नशा, बुरी हो जाएगी तुम्हारी दशा। नशे को दूर भगाओ, अपने परिवार की इज्जत बचाओ। नशे का मत करो भोग, इससे होंगे अनेक रोग जैसे नारा लगाकर समाज को नशा मुक्ति का संदेश देते जागरुक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने बाजार के मध्य में नशा मुक्त भारत विषय पर नुक्कड़ नाटक करके नशा मुक्ति का संदेश दिया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशीले पदार्थों का सेवन किस प्रकार व्यक्ति की कार्यक्षमता को क्षीण कर देता उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ कर देता है जिसका खामियाजा उनके परिवार ओर समाज को भोगना पड़ता है। अत: यदि समाज नशा मुक्त हो जाता है तो और अधिक खुशहाल और स्वस्थ होगा। महाविद्यालय के प्राध्यापक अभिषेक कुमार सिंह ने स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं को योग एवं प्राणायाम के दार्शनिक एवं क्रियात्मक पक्ष के बारे में बताया। उन्होंने तनाव दूर करने तथा मानसिक एकाग्रता बढ़ाने हेतु प्राणायाम एवं ध्यान प्रयोग करवाए। सत्र के बाद उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

चकमार्ग नहीं खोलने पर आमरण अनशन की चेतावनी

कायमगंज फर्रुखाबाद। शमसाबाद क्षेत्र के एक किसान ने खेत के रास्ते के लिए चकमार्ग नहीं खोलने पर परिवार समेत आमरण अनशन की चेतावनी दी है। उसने एसडीएम से फरियाद में कहा 10 बार समाधान दिवस में शिकायत कर चुके है लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। इस पर एसडीएम ने बीडीओ शमसाबाद को जांच के निर्देश दिए है। थाना शमसाबाद के नगला मान निवासी प्रभाकर पांडेय ने एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा को तहसील में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पीड़ित किसान ने कहा गांव में कुछ लोगो ने चक मार्ग जोत लिया है। इससे उसके खेत में जाने का रास्ता बंद हो गया है। रास्ते को खुलवाने के लिए 10 बार सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर चुका है। उसने पत्र में समाधान दिवस में शिकायत के रजिस्ट्रेशन के तारीख की डिटेल खोली है। उसका कहना है कई बार शिकायत के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पत्र में पीड़ित ने इस बात का भी जिक्र किया है यदि 6 दिन के अंदर उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अपने परिवार समेत आमरण अनशन करेगा। इस पर एसडीएम ने बीडीओ शमसाबाद को निर्देशित किया और कहा मौके पर चिन्हित चकमार्ग पर मिट्टी डाल कर रास्ता बनवा दे।

जिला आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में उजैर, तनिष्क रहे विजेता

कायमगंज, फर्रुखाबाद। आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में उजैर, तनिष्क शुक्ला विजेता रहे। कई वेट कैटागिरी में प्रतियोगिता हुई। विजेता प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इस दौरान उन्हे मैडल व धनराशि प्रदान की गई। नगर के मोहल्ला पृथीदरवाजा स्थित एक जिम में ओपन डिस्ट्रिक आर्म रेसलिंग चैम्पियन शिप का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ भाजपा नेता देवेंद्र दुबे ने किया। इस दौरान 0 से 50 किलो ग्राम वेट कैटागिरी में प्रथम स्थान उजैर व द्वितीय स्थान युवराज व तृतीय स्थान लक्ष्य गुप्ता रहे। जबकि 50 से 60 वेट कैटागिरी में शिवदीप चतुर्वेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही क्रमश: सूरज शर्मा व शेखर ने द्वितीय व तृतीय प्राप्त किया। 60 ये 70 किलो वेट कैटागिरी में तनिष्क शुक्ला ने प्रथम, द्वितीय कुश कुमार व तृतीय ध्रुव शुक्ला ने प्राप्त किया। 70 से ओवर वेट कैटागिरी में रेशू दीक्षित ने प्रथम, द्वितीय में तरुन शुक्ला व तृतीय में ज्याय रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग सेक्रेटरी डाक्टर प्रवीन जादौन, फर्रुखाबाद से रैफरी डा. मोहित सिंह, टेबल रैफरी ज्योती यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आर्म रेसलिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय पर चयन किया गया है। विजेता प्रतिभागियों को मेडल व धनराशि प्रदान की गई। इस मौके पर आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन सावन शाक्य, ध्रुव शुक्ला, लक्ष्य गुप्ता व सचिन ने किया। प्रतियोगिता में राघव त्रिपाठी, मेहुल गुप्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

चार किलो अफीम के साथ झारखंड का तस्कर गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। थाना नवाबगंज पुलिस ने रात गश्त के दौरान झारखंड के एक मादक पदार्थ के तस्कर को 4 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 72 लाख रुपए आकी गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार नवाबगंज थाने के दरोगा मोहम्मद अकरम लोकसभा चुनाव को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति चार किलो अफीम लेकर जा रहा है। दरोगा अकरम ने घेराबंदी करके विपिन कुमार महतो पुत्र गिरधारी लाल महतो निवासी नई ऊंचा धाना थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग झारखंड को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 4 किलो अफीम 1250 रुपए नगद, आधार कार्ड बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान विपिन ने पुलिस को बताया कि वह झारखंड से अफीम लाकर यहां ऊंचे दामों में बेचता था। जिससे उसे अच्छा मुनाफा होता था। पुलिस ने विपिन का चिकित्सीय परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे14 दिन की रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।

मधुमक्खियों के हमले से एक गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव प्रीतमनगला निवासी राजकुमार के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और उसे बुरी तरह काट लिया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज हुआ।

आबकारी पुलिस ने कच्ची शराब समेत एक को पकड़ा

कायमगंज फर्रुखाबाद। आबकारी व कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब समेत एक को दबोच लिया। आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चैबे व कोतवाली पुलिस ने श्यामनगर स्थित बाग में 15 लीटर कच्ची शराब समेत विशाल पुत्र मनीराम निवासी श्यामनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क दुर्घटना में एक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी हरिकांत मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। जहां उसका इलाज किया गया।

स्वास्थ्य प्रत्येक शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का किया जाता है इलाज

उपलब्धि : शरीर से विकृतियां मिटाकर संवार रहे बचपन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

31 मार्च तक चलेगा विश्व जन्मजात विकृति जागरुकता माह

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग व अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जन्मजात विकृतियों को मिटाने का अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बच्चों का जीवन संवर सके। इसी के तहत डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में शनिवार को जन्मजात विकृति जागरुकता दिवस मनाया। इस अवसर पर जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात आर्थो सर्जन डॉ नीरज वर्मा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) से डीईआईसी प्रबंधक अमित शाक्य, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई उपस्थित रहे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दलवीर सिंह ने बताया जन्मजात दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं।

जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वह शरीर के दिखने वाले अंग, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं।

डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात आर्थो सर्जन डॉ नीरज वर्मा ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है लेकिन इसका उपचार संभव है। अमित ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लबफुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लबफुट जन्म के नौ दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई ने बताया- वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 56 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लबफुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि क्लबफुट का यदि सही समय पर उपचार नहीं कराया जाए तो बच्चा जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकता है। इलाज न किये जाने पर प्रभावित बच्चों में भेदभाव, उपेक्षा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, अशिक्षा, शारीरिक एवं यौन शोषण का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

क्लब फुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस समस्या में माँ अथवा बाप का कोई हाथ नहीं है। यह विकृति न तो ग्रहण की वजह से होती है और न ही माँ से बच्चे को फैलती है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है। अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से हर शनिवार को डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है।

बंदी के दिन खुल रहा है बाजार

कायमगंज फर्रुखाबाद। कायमगंज अचरा मार्ग पर स्थित अनवार कोल्ड स्टोरेज में साप्ताहिक बंदी के बावजूद (शनि बाजार) का आयोजन किया जा रहा है। इसकी किसी प्रकार की कोई स्वीकृति नहीं है और सुरक्षा के लिए किसी प्रकार का कोई भी बंदोबस्त नहीं किया गया है। अवैध शनि बाजार के खुलने की जानकारी जब उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा को हुई तो उन्होंने तत्काल पुलिस को बाजार को बंद करने के लिए निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी के आदेश पर जब पुलिस अवैध शनि बाजार को बंद करने पहुंची तो पुलिस बाजार को बिना बन्द कराए वहां से वापस लौट गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे अवैध बाजार को किसी भी हालत में लगने नहीं दिया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

संपादकीय

लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी , युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े , चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है । उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी , डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर"शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है । प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

प्रसंगवश

कितना निष्पक्ष होगा आयोग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता '।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

सोशल फोरम

नीति में बदलाव की जरूरत

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

चुनाव में आज भी काला धन हावी

डॉ . अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता । कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें , तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

(यः पश्यति स पश्यति)

चारित्रिक दोष

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

धार्मिक स्थलों को चुनाव प्रचार का मंच नहीं बनाने दिया जाएगा

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा-मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं की जाएं चाक -चौबंद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। धार्मिक स्थलों को प्रचार का मंच नही बनाया जाएगा और सार्वजनिक स्थानों तथा बिजली के पोल आदि पर प्रचार नहीं किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाएगा। यह बात डीएम अवनीश कुमार राय ने कही।

रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएम ने कहा की मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। चर्च, मस्जिद, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के जो पोस्टर बैनर सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय स्थानों पर लगे हैं उनको तत्काल हटाए जाने की व्यवस्था अभी से ही सुनिश्चित कर लें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत पोलों पर भी जो की सामग्री लिखी है उसको भी मिटवाया जाए। कोई भी राजनीतिक गतिविधियां मंदिर, मस्जिद व चर्च में नहीं की जाएगी।

बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय व राजनीतिक दलों के पदाधिकारी।

डीएम ने कहा कि प्रत्याशियों के नामांकन के बाद सभाएं रैली जुलूस आदि की परमिशन लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस जमा कराएं और अवैध शराब पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण शत प्रतिशत कर लें कहीं पर अगर कोई समस्या है तो उसको तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस का आयोजन करने वाला दल या अभ्यर्थी जुलूस शुरू करने का स्थान और समय अनुगमन किया जाने वाले मार्गों और जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय करेगा। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा सवाल उठाया गया एलईडी टीवी जो कि जिलाधिकारी आवास के पास लगी हुई है इसका निर्वाचन के अलावा कोई भी पार्टी का प्रचार प्रसार नहीं किया जाएगा इस पर जिलाधिकारी ने बताय कि एलईडी स्क्रीन में निर्वाचन संबंधी मतदाताओं को जागरूक एवं नए वोटर की जानकारी के लिए वीडियो चलेंगे।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि कोई भी धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग नहीं करेगा। शिवाकांत चौधरी महामंत्री भाजपा ,मलखान सिंह जिला अध्यक्ष कांग्रेस , पल्लव दुबे अध्यक्ष कांग्रेस ,उदयभान सिंह सपा ,संजीव शाक्य आप आदि मौजूद रहे।

पुलिस- प्रशासन ने कसी कमर

इटावा । लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के पश्चात देर शाम जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत पूरे जिले में फ्लैग मार्च किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन होगा निर्वाचन शांतिपूर्वक व कानून व्यवस्था के साथ संपन्न होगा ।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की अधिसूचना व आदर्श आचार संहिता की घोषणा के क्रम में जनपद में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के दृष्टिगत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बलों के साथ फ्लैग मार्च कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

मेडिकल छात्रा की हत्या से विवि में दहशत का माहौल

सैफई। सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पैरामेडिकल विज्ञान महाविद्यालय एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा की हत्या से गर्ल्स हॉस्टल में दहशत का माहौल बना हुआ है।

पैरामेडिकल विज्ञान महाविद्यालय में एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया मिश्रा 22 निवासी कुदरकोट औरैया यहां विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। वह गुरुवार को सुबह दस बजे अपनी एक सहेली को मोबाइल देकर 2 मिनट बाद वापस आने की कह कर चली गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। करीब दो बजे साथी छात्राओं ने हॉस्टल वार्डन को जानकारी दी। उन्होंने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी। पिता अनिल अन्य परिजनों के साथ 14 मार्च की शाम करीब 6 बजे सैफई पहुंचे थे। रात करीब 8:30 बजे सैफई विश्वविद्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा- मैनपुरी मार्ग सोनई गांव सेंगर नदी पुल के पास शव पड़ा मिला था। इस घटना के विरोध में दो दिन तक धरना प्रदर्शन भी चला था।

रविवार शाम के समय घटना की विवेचना कर रहे विवेचक द्वारा विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल गये जहां पर छात्राओं में दहशत का माहौल है ।छात्राओं ने गेट बंद कर रखे थे इस घटना के संबंध में कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं था।

समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते छात्र- छात्राएं । अमृत विचार

लिटिल चैम्पियंस ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- डीपीएस और विजकिड्ज की हुई ग्रेजुएशन सेरेमनी

अमृत विचार। दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने लिटिल चैंपियंस की ग्रेजुएशन सेरेमनी में यूकेजी, एलकेजी, प्री प्राइमरी, प्राइमरी सहित विजकिड्ज़ स्कूल के नर्सरी प्री नर्सरी के सैकड़ों बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगारंग मंच पर रंग बिरंगी पोशाकों में सज धजकर आए नन्हें मुन्ने बच्चों ने कई मधुर गीतों पर अपना शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों की तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में डीपीएस चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवं वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने बच्चों और अभिभावकों को मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।एलकेजी (ट्यूलिप ग्रुप) के बच्चों ने शिक्षिका अंजली सिकरवार के निर्देशन में भारतीय संस्कृति की परंपरा में शामिल हनुमान चालीसा प्रस्तुत की। इसके बाद शिक्षिका ऋतु वर्मा के निर्देशन में (डेफोडिल ग्रुप) की ग्रेजुएशन वॉक सम्पन्न हुई। शिक्षिका अंजू त्रिपाठी के निर्देशन में (विजकिड्ज़ नर्सरी) के बच्चों ने घूमर और राम जी की चाल देखो पर धमाल मचाया।

यूकेजी (लोटस ग्रुप) के बच्चों ने शिक्षिका प्रीति सागर के निर्देशन में शानदार अफ्रीकन डांस ओजा अवाके पर अफ्रीकी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद (यूकेजी ट्यूलिप ग्रुप) की ग्रेजुएशन वॉक शिक्षिका रिचा अग्निहोत्री के निर्देशन में सम्पन्न हुई। (विजकिड्ज़ प्री नर्सरी एवम नर्सरी फ्रेंड्स कॉलोनी) की शिक्षिका पूजा ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी है मां के गाने पर बच्चों की शानदार परफॉर्मेंस प्रस्तुत की। प्रिंसिपल भावना सिंह ने अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत संबोधन किया।

समारोह में एडिशनल जज इटावा राजवीर सिंह, डॉ विकास यादव एवं उनकी पत्नी डॉ अमिता यादव, डॉ शशि शेखर त्रिपाठी,डॉ सीमा त्रिपाठी, प्रिंसिपल संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल भिंड गीतू रेड्डू, प्रिंसिपल सेंट वी एन इटावा सोनम सिंह चौहान उपस्थित रही। सफल संचालन डीपीएस की छात्रा आध्या एवं उत्तरा ने किया।

जब पंद्रह दिन बचे शेष तब आई कंपोजिट ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में इसी ग्रांट से कराया जाता है काम

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कामकाज कराए जाने के लिए विभाग की ओर से कंपोजिट ग्रांट दी जाती है। एक साल में इसकी दो किस्तें आती हैं, जिससे विभिन्न कामकाज कराए जाते हैं जिनमें रंगाई पुताई, मरम्मत, स्टेशनरी और खेलकूद सामग्री जैसे काम शामिल है।

इस साल जब वित्तीय वर्ष समाप्त होने में सिर्फ 15 दिन का समय बचा है तब कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त आई है। अब इतने कम समय में इस किस्त से कैसे काम कराया जाएगा और कैसे इसका सदुपयोग किया जाएगा यह एक बड़ा सवाल हैं। इसे लेकर समस्या यह भी है कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदारी करनी है और उसी से भुगतान करना है। इसे लेकर भी शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के सामने समस्याएं हैं। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 1484 विद्यालयों का संचालन किया जाता है जिनके लिए कंपोजिट ग्रांट आती है। अभी एक दिन पहले ही जिले विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट की पहली किस्त आई है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में सिर्फ 15 दिन का समय बचा है । बीएसए डॉ. राजेश कुमार ने कहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक सुयोग्य हैं और वे तेजी से काम करके कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग करेंगे।

दो किशोरियों को किया अगवा

इटावा। अलग अलग स्थान से दो किशोरियों को विश्वास में लेकर अगवा कर लिया गया।

थाना भरथना में इसी क्षेत्र के गांव नगला ठकुरी में रहने वाले इंदल यादव के बेटे नारद यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। कहा गया है कि 14 मार्च को पूरा परिवार खेत पर आलू को खुदाई में लगा हुआ था। घर पर 17 साल की बेटी अकेली थी। नारद उसे विश्वास में लेकर अगवा कर ले गया। दूसरा मामला थाना बढपुरा में दर्ज कराया गया है कि इसमें कहा गया है कि 16 साल की किशोरी घर से 21 फरवरी को उदी मोड़ पर ब्यूटी पार्लर पर जाने की कहकर निकली। काफी तलाश करने के बावजूद अभी तक कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अपने तरीके से इन सभी की खोजबीन शुरू की।

लक्ष्य को आधार बनाकर करें परिश्रम

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। जनता कॉलेज, बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत योग, प्राणायाम एवं प्रार्थना से हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने प्राणायाम के अष्टांगयोग का अर्थ बताया ।उससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ संजय विश्वकर्मा एवं स्वयंसेवक यश दीक्षित के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों को व्यायाम कराया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य डॉ. गोपीनाथ मौर्या ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए किसी लक्ष्य का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि छात्रों को लक्ष्य को आधार बनाकर परिश्रम करना चाहिये। सफलता दृढ़ संकल्प और कठोर अनुशासन के बलबूते ही प्राप्त की जा सकती है । नुक्कड़ नाटक में यश दीक्षित, सुभाष कुमार, अभिनय तिवारी, रति दीक्षित, कोमल, प्रियांशी, खुशबू राठोर, सलोनी, आशीष यादव और अर्पित कुमार आदि की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में डॉ एम पी यादव एवं डॉ पी के राजपूत ने वोट के महत्व एवं अधिकार के बारे में बताते हुए कहा कि आपके एक वोट से ही देश का शासक बनता है। इस मौके पर कॉलेज के राजकुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार, मुकेश कुमार एम स्वयंसेवक रवि कुमार, कोमल, मोनी वर्मा, हिमांशु, जीतू, बृजेश पाल , भूपेंद्र सिंह आदि सहित 42 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं । अमृत विचार

- एनएसएस के स्वयंसेवकों ने चलाया जागरुकता अभियान

सार-संक्षेप

हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आए अधेड़ की मौत

भरथना, इटावा । दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर गांव साम्हों रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर नई दिल्ली से प्रयागराज जा रही हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई जीआरपी ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। मृतक की उम्र 55 साल बताई गई है। आगामी 72 घंटे तक मृतक की पहचान कराने के प्रयास जारी रहेंगे।

ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक घायल

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर जसवंत नगर बलरई रेलवे स्टेशन के मध्य दिल्ली आनंद विहार का रहने वाला अज्ञात 22 साल का युवक अप लाइन पर ट्रेन से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनंद विहार स्पेशल ट्रेन के गार्ड ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। एंबुलेंस से घायल हुए युवक को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक मानते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के पांच छात्र गेट में सफल

इटावा। देश के इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली अहर्ता परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट 2024) का परिणाम शनिवार देर शाम जारी हुआ। जिसमे चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्विद्यालय कानपुर से संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, इटावा संकाय के पांच होनहार छात्रों ने अपनी अपनी सफलता का परचम लहराया है। अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय डॉ. एन के शर्मा ने बताया कि पांचों छात्र आर्यन दुबे, ऋषि सचान, अंकित कुमार, कार्तिकेय सचान एवं नवनीत सिंह कृषि महाविद्यालय के ही छात्र है। कुलपति चन्द्र शेखर आजाद कृषि विवि, कानपुर प्रो डॉ आनंद कुमार सिंह ने भी इन छात्रों की सफलता पर हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी।

कृषि इंजीनियरिंग कालेज के सफल छात्र।

22 अराजकतत्व हुए गिरफ्तार

इटावा। लोकसभा के आम चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अराजकता का प्रदर्शन करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके तहत विभिन्न मामलों में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी संजय वर्मा के नेतृत्व में जिले की पुलिस ने अपराधियों तथा अराजकतत्वों को कानून के घेरे में लेने का दायरा चुनाव के मद्देनजर और अधिक बढ़ा दिया है। इसके तहत सैफई थाना प्रभारी बलराम मिश्र ने आठ लोगों को, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में तीन, लवेदी में दो, चकरनगर, भरथना, चौबिया, सिविल लाइन में एक एक कुल 17 लोगों को समाज में शांतिभंग करने में इसके अलावा थाना पछायगांव में तीन लोगों को अवैध शराब में, चौबिया में एक वारंटी, सिविल लाइन में एक मारपीट हमला करने का वांछित आरोपी सभी मिलाकर कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया व अन्य। अमृत विचार

दूसरे दिन जांची गईं 27,740 से कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मूल्यांकन केंद्रों पर अधिकांश परीक्षक भी पहुंचे, काम ने पकड़ी रफ्तार

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है और रविवार को इस काम में तेजी भी आ गई। मूल्यांकन के दूसरे दिन कुल मिलाकर 27,740 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया जबकि अधिकांश संख्या में परीक्षक भी मूल्यांकन केन्द्रों पर पहुंच गए। मूल्यांकन के लिए 1431 परीक्षक तैनात किए गए हैं जिनमें से दूसरे दिन तक 1338 परीक्षक मूल्यांकन का कार्य करने पहुंचे।

जिले में जो चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं उनमें दो परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल की कॉपियां जांची जा रही है। इनमें राजकीय इंटर कॉलेज में रविवार को 6633 और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को 11040 कांपियों का मूल्यांकन किया गया कुल मिलाकर हाई स्कूल की 17673 कॉपियां जांची गई। इसी तरह इंटर की कॉपियों में सनातन धर्म इंटर कॉलेज में इंटर की 4607 तथा इस्लामिया इंटर कॉलेज में इंटर की परीक्षा की 5460 कॉपियां जांची गई।

इन्हें मिलाकर इंटर की कुल 10067 कापिया का मूल्यांकन दूसरे दिन किया गया। जिले में हाई स्कूल की कुल 191799 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है जबकि इंटर की 106705 कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

इस तरह आई हैं कॉपियां

हाई स्कूल - 191799
इंटरमीडिएट - 106705

आटा चक्की में हुई चोरी, रिपोर्ट दर्ज

भरथना, इटावा। पुलिस की कड़ी चौकसी के बावजूद थाना क्षेत्र में चोरों के बुलंद हौसलों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, इसके चलते गांव नगला जयलाल में चोरों ने शनिवार रात आटा चक्की कारखाना को निशाना बनाकर कांटा बांट सहित अनाज चुरा लिया। आटा चक्की संचालक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उसके घर से एक किमी दूर खेत पर उसका चक्की कारखाना संचालित है। शनिवार की रात चोरों द्वारा ताला काटकर उसमें रखा छह क्विंटल गेहूं-चावल सहित 20-20 किलो के दो व 10-10 किलो के दो बांट चोरी कर लिये गये।

ताला तोड़कर जेवर व नकदी किया पार

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। भरथना कोतवाली कस्बा के मोहल्ला यादव नगर में बीती रात्रि बदमाशों ने कमरे, अलमारी, बक्सों के ताले तोड़कर सोने के जेवरात समेत नकदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। बदमाशों की खटपट सुनकर पड़ोसी जाग गए और चिल्लाने पर चोर मौके से भाग गये।

चोरी की घटना के संबंध में गृहस्वामी नंद किशोर ने पुलिस को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया की बीते दिन कृषि कार्य से वह अपनी पत्नी प्रियंका देवी और दोनों बच्चों के साथ ताला लगाकर अपने गांव गया था। घर में चोरी होने की खबर मिलते ही वह भरथना पहुंचा है। घर की दूसरी मंजिल पर उसकी जेठानी पूजा देवी सोई हुई थीं। रात्रि 12 बजे के बाद बदमाशों ने छत के रास्ते से नीचे घर में प्रवेश कर लिया और कमरों अलमारी बक्सों के ताले तोड़कर सोने के जेवरात पांच हजार की नकदी सहित घर में रखा कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

सियासत

जिलाध्यक्ष मलखान ने कहा- देश को बचाने के लिए कार्य कर रहा है गठबंधन , कांग्रेसियों ने चुनाव पर की चर्चा

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जितायेगी कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कांग्रेस कार्यालय इटावा पर लोकसभा चुनाव से संबंधित बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। सभी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को पूरी ताकत और निष्ठा के साथ चुनाव लड़वाने की बात कही।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। यह चुनाव देश की दिशा और दशा तय करेगा। दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है एक तरफ वह विचारधारा है जो देश को बेचने का काम कर रही है तथा एक वह विचारधारा है जो देश को बचाने का काम कर रही है। इंडिया गठबंधन देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। संचालन करते हुए शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा हम सभी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने का काम करेंगे। प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद खान पीसीसी सदस्य अरुण यादव, कीरत प्रसाद पाल,करन सिंह राजपूत,सुरेंद्र प्रताप सिंह चौहान,जितेंद्र दुबे, सरवर अली,मनोज दीक्षित,आसिफ जादरन सोजिब रिजवी,सतीश शाक्य,कृपाराम राजपूत, पंकज यादव मौजूद रहे।

कार्यालय में बैठक करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

इलेक्ट्रोरल बांड सबसे बड़ा घोटाला : रामगोपाल

संवाददाता सैफई, इटावा।

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मोदी सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा है कि इलेक्ट्रोरल बांड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी और देश में होता तो सरकार चली जाती । यह बात यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

प्रो. रामगोपाल यादव

उन्होंने बताया कि इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया के किसी देश में नहीं हुआ है। लोगों को डरा कर धमका कर ईडी ने रेड किया फिर 400 करोड़ रुपये चंदा दे दिया। टनल कंपनी ने 1500 करोड़ रुपये चंदा दे दिया । चंदा दिया और उन्हें कॉन्ट्रैक्ट मिल गया। उन्होंने कहा कि चीफ इलेक्शन कमीशन कह रहे है कि हमारी मतदाता सूची परफेक्ट है,एक चीज का खतरा रहता है, बेईमान किस्म के प्रोसाइडिंग ऑफीसर मतदाता सूची में डिलीटेड की मुहर लगा देते हैं। वो भी उसी रात में, इसी संबंध में इलेक्शन कमीशन को मैंने एक्स पर पोस्ट किया है, प्रोसाइडिंग ऑफीसर की मतदाता सूची और वोट एजेंट की सूची में फर्क नहीं होना चाहिए। उन्होंने केंद्र की पेयजल योजना पर भी सवाल उठाया।

शिक्षक ही दे सकते हैं समाज को सही दिशा : डॉ. कठेरिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शिक्षक राष्ट्रनिर्माता है और समाज को सही दिशा देने का काम शिक्षक ही कर सकते हैं। यह बात सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया ने कही। भाजपा कार्यालय पर आयोजित शिक्षक संस्थान प्रकोष्ठ एवं शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन में डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए राष्ट्र निर्माता की बड़ी भूमिका चुनाव में भी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षक अच्छे व्यक्ति का निर्माण करता है तो अच्छे राष्ट्र का भी निर्माण करेंगे । शिक्षक देश की ऊर्जा हैं, देश का नेतृत्व अच्छे हाथों में जाए इसके लिए अच्छी दिशा भी वो दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज ने हमेशा से भाजपा का साथ दिया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी प्रबुद्ध शिक्षक समाज के सहयोग की भाजपा को विशेष जरूरत है। शिक्षक संस्थान के प्रदेश सह-संयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है । क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने कहा कि एक शिक्षक द्वारा दी गई शिक्षा के आधार पर ही विद्यार्थी का समूचा भविष्य निर्भर करता है।

सदर विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, महामंत्री अन्नू गुप्ता, लोकसभा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य शिक्षक संस्थान प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रविन्द्र दुबे, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक तरुण तिवारी, अरुण कुमार दूबे, अमित तिवारी मानू, पंकज चौहान, श्रीकृष्ण शाक्य रहे।

खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिये : राकेश सिंह

नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते ग्राम प्रधान राकेश सिंह चौहान व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, बेला, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। ग्राम बेला बस्ती में रविवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन सुरेंद्र कश्यप (अध्यक्ष नेहरू युवा केंद्र) द्वारा कराया गया। जिसमें क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 100 मीटर, 500 मीटर दौड़ वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में आए वरिष्ठ लोगों द्वारा युवा विजेताओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधान राकेश सिंह चौहान ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है वहीं प्रेम सौहार्द की भावना का विकास होता है।

उन्होंने खेलों को खेल भावना के साथ खेलने को कहा। इस प्रतियोगिता में रवि पाल ,जेपी त्रिवेदी, दीपू यादव ,इंद्रेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप (अध्यक्ष नेहरू युवा केंद्र) गगन राजपूत आदि के अलावा खेल प्रेमी मौजूद रहे।

खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों को दी गईं किट

बिधूना, औरैया। जनपद में खेलो इंडिया सेंटर एथेलेटिक्स में विकासखंड क्षेत्र ऐरवाकटरा की ग्राम पंचायत बढिन के स्टेडियम में एसडीएम हरिश्चंद्र, तहसीलदार रणवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय, जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार ने ढाई दर्जन से अधिक खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के तहत किटें प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि खेल किट से खिलाड़ियों को अपनी तैयारी करने एवं खेलों में प्रतिभाग करने में जहां आसानी होगी। वहीं दुर्घटनाओं की संभावना भी नहीं रहेगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित स्टेडियम को क्षेत्र के लिए एक सौगात बताया। इस मौके पर जनपद के विभिन्न विकास खंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के अलावा जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव वर्मा, खेलो इंडिया प्रशिक्षक अमेरिकन यादव, सौरभ यादव, स्वदेश कुमार, प्रेम सिंह, रामप्रवेश, मोहित सिंह, पैरा एथलीट आदि के अलावा भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग द्वारा झांसी में आयोजित 800 मीटर की जोन स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही। शंकरपुर रामगढ़ निवासी काजल शाक्य को भी उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र ने खेल किट प्रदान की।

खिलाड़ियों को किट वितरित करते अधिकारी। अमृत विचार

शार्ट सर्किट से पावर हाउस की मशीन जली

दिबियापुर, औरैया। दिबियापुर सब स्टेशन के अंतर्गत हरचंदपुर पावर हाउस में सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे पावर हाउस में हड़कंप मच गया।

बिजली अधिकारी को फोन पर सूचना दी गई। इसके बाद विद्युत आपूर्ति को बंद कराया गया इसके बाद सुबह से ही 15 से अधिक गांव में सप्लाई बाधित हो गई। उसके बाद पूरे दिन अधिकारी कर्मचारी काम में व्यस्त रहे। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत कर्मचारी की लापरवाही से केबिल बुरी तरह से स्पार्क के कारण आग लग गई। ग्रामीणों ने यह बताया कि आए दिन विद्युत कर्मचारी की लापरवाही से विद्युत आपूर्ति बाधित बनी रहती है।

14 घंटा के बाद भी रामगढ़, धरकनिया, सरायपुख्ता, पुरवा मांधौ सिंह, कमंडलापुर, सिंह माना में आपूर्ति बहस नहीं हो सकी। समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति चालू नहीं हो सकी थी।

बच्चे देश का भविष्य हैं : डॉ. सेंगर

संवाददाता, बिधूना, औरैया

बच्चों को सम्मानित करते विद्यालय के प्रबंधक एके सिंह व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। कस्बे की प्रमुख शिक्षण संस्था ब्राइट माइंड्स स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ. यूपी सिंह सेंगर एवं विद्यालय के प्रबंधक एके सिंह, प्राचार्य दीपिका सिंह चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन सेवानिवृत्त उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समाजसेवी डॉ. उदय प्रताप सिंह सेंगर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य है। बच्चों का भविष्य संवारने में उनके अभिभावकों के साथ शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सबसे उपयुक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं

- **वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल**

बच्चों का बौद्धिक विकास भी तेज गति से होता है। इस अवसर पर ब्राइट माइंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में शैक्षिक माहौल बनाने के साथ बच्चों को आधुनिक एवं संस्कारित शिक्षा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य दीपिका सिंह, रामकिशोर शुक्ला एडवोकेट, अनिल कुमार त्रिपाठी प्रधानाचार्य के.के यादव, अंकित तिवारी, प्रदीप यादव, अनिरुद्ध यादव, पूना अवस्थी, प्रियंका सिंह, रिया अवस्थी, सुरभि यादव, ज्योति यादव मीनाक्षी चौहान आदि मौजूद रहे। नाट्य मंचन में महाभारत काल के दौरान दुशासन द्वारा किए गए चीर हरण का बच्चों द्वारा जीवंत मंचन किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका सिंह चौहान द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। इससे पूर्व शिक्षण संस्था के द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बिधूना, औरैया। रविवार को कोतवाली क्षेत्र के रुरुगंज चौकी प्रभारी मूलेन्द्र सिंह चौहान ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सराय प्रथम गांव के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता राजाबाबू पुत्र राधेश्याम निवासी उद्दतपुरा थाना ऊसराहार जनपद इटावा बताया। उसके कब्जे से एक तमंचा देशी ,12 बोर एक जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक मिस कारतूस बारह बोर का बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि उसके विरुद्ध बिधूना औरैया इटावा के थानों में आपराधिक मुकदमे पंजीकृत बताये जा रहे हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

विकसित भारत चाहते हैं तो मोदी को जिताएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ द्वारा औरैया विधानसभा का विकसित भारत संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव सम्मेलन नगर में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल कुमार मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक

- **भाजापा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ का सम्मेलन**

डा. अजय मोहन शुक्ला, लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी, लोकसभा संयोजक एवं अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने प्रकोष्ठ से जुड़े शिक्षकों, प्रबुद्ध जनों में उत्साह भरते हुए आह्वान किया कि यदि विकसित भारत चाहते हैं तो नरेंद्र मोदी को सफल बनाने के लिए जुट जाएं। कहा कि शिक्षक ही हैं जो विद्यार्थियों को देश की संस्कृति, देश की गरिमा के बारे में बताकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाते हैं। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनंग पाल सिंह तोमर, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश अवस्थी, अवधेश सिंह पिंकी, राहुल गुप्ता, सोनू सोनी, सपना शर्मा, रमन पोरवाल, मनमोहन सिंह सेंगर, भगवती प्रसाद पांडेय, लल्ला शर्मा मौजूद रहे।

सम्मेलन के दौरान मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

पांच बकरियां हुईं चोरी, एफआईआर

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव छछुंद निवासी रामसुंदर ने थाने में दिये शिकायती पत्र में बताया कि घर के बाहर बने कमरे में पांच बकरियां बंधी हुई थी। शनिवार की रात्रि को चोरों द्वारा इनको चोर रात्रि में चुरा लिया गया। सुबह जागने पर जब उन्होंने घर के बाहर बने कमरे का ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए और जब कमरे के अंदर जाकर देखा तो कमरे में एक भी बकरी नहीं थी। चोर सारी बकरियां चुरा ले गये थे । आसपास पता किया तो बकरियों की कोई जानकारी न ही मिल सकी। चोरी की जानकारी होते ही वहां पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसके बाद मैने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक रामनिवास ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जायेगा।

पुलिस ने डॉक्टर से की पूछताछ, जांच जारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पति ने अयाना निवासी पत्नी पर तीन माह के बच्चे को यमुना नदी में फेंकने का आरोप लगाया था। मामले में रविवार को पुलिस ने निजी क्लीनिक के डॉक्टर से जानकारी की। इधर पुलिस ने दूसरे दिन भी यमुना नदी में बच्चे की खोजबीन की। आगरा के रजत सिकरवार ने रविवार को अयाना थाने में पत्नी व ससुरालीजनों के खिलाफ बेटे को नदी में फेंक कर हत्या करने की तहरीर दी थी। वहीं पुलिस ने महिला व निजी अस्पताल के डॉक्टर से पूछताछ की है।

अयाना निवासी बीनू भदौरिया की बेटी गार्गी ने एक बेटे को जन्म दिया था। शनिवार सुबह पति रजत ने 112 पर फोन कर जानकारी दी कि पत्नी ने विवाद के चलते उसके बच्चे को बीझलपुर स्थित यमुना नदी

- **मां द्वारा बच्चे को यमुना नदी में फेंकने का मामला**

में फेंक दिया है। वहीं पत्नी गार्गी ने बताया कि पति उसे अपने साथ नहीं ले जाते थे। इसपर पिता उसको घर ले आये थे। कुछ दिनों से बेटे की तबियत खराब थी। शनिवार सुबह बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से सैफई ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसपर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि मामले में मुरादगंज के एक निजी डॉक्टर से पूछताछ की गई। इसमें डॉक्टर ने बताया कि गार्गी निमोनिया से पीड़ित बच्चा लेकर आई थी। उसने बच्चों का उपचार ना करने की बात कहकर कानपुर या सैफई जाने की सलाह दी थी। जांच एसआई सुरेंद्र कुमार को सौंपी गई है।

सार-संक्षेप

बंजारा समाज के लोगों को मिलेगी पक्की छत

फफूंद, औरैया। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा अब बंजारा समाज के लोगों को पक्की छत देने का कार्य किया जा रहा है। ब्लाक भाग्यनगर में बंजारा समाज के लोग अनेक गांव- मजरों में रहकर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर गुजर बसर कर रहे है। जिन्हें पक्का आवास दिलाने के लिए पहली बार शासन स्तर से सर्वे कराते हुए पात्रों को अलग से सूचीबद्ध किया जा रहा है। जनपद के ब्लाक भाग्यनगर में बंजारा समाज के लोगों को चिह्नित करते हुए पात्र लोगों की सूची तैयार कर जांच की जा रही है। जांच के बाद शासन को भेजा जायेगा। सरकार की योजनाओं से जानकारी के अभाव में वंचित चल रहे बंजारा समाज की आबादी को पक्का मकान देने के लिए विकास भवन स्तर से तकरीबन छह माह पूर्व कवायद शुरू की गई। इसके लिए ब्लाक स्तर पर निर्देश जारी करते हुए कच्चे मकानों में रह रहे बंजारा समाज के लोगों का सर्वे कराया गया। पिछले दिनों ब्लाक की ग्राम पंचायतों से आए डेटा के बाद रिपोर्ट तैयार की गई। जिसमें ब्लाक के लगभग 600 से ऊपर बंजारा समाज के लोगों की सूची तैयार कर पात्र लोगों की जांच की जा रही है। इन पात्रों की सूची को शासन में भेजी जायेगी। बंजारा समाज के लोगों से जानकारी के अनुसार औरैया जिले में 20 से ज्यादा गांव-मजरों में बंजारा समाज की आबादी रहती है। इसमें ब्लाक भाग्यनगर के ग्राम पंचायत रामपुर बैहरी, नगला पाठक, तर्रई, आमपुर, ऊसरारी, चमरौआ, करही, गौरी गंगा प्रसाद, रुरुआ फफूंद, खानपुर फफूंद समेत अन्य गांव शामिल है। वहीं, ग्राम पंचायत आमपुर के मजरा गुलाबपुर में 51 पात्र लाभार्थियों को पक्की छत की सूची तैयार की गई है।



बैठक के बाद एकत्रित भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

फफूंद स्टेशन का नाम बदलने पर देंगे सामूहिक इस्तीफा

फफूंद। दिबियापुर नगर में स्थित रेलवे स्टेशन फफूंद के नाम परिवर्तन को लेकर राजनीति गरमा गई है। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी फफूंद (मंडल) के सभी मोर्चा और भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने ही सांसद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफे की जिलाध्यक्ष से पेशकश की है। कुछ दिन पहले सांसद के एक वायरल वीडियो में वह कह रहे थे कि अगर फफूंद स्टेशन का नाम दिबियापुर नहीं हुआ तो वह हाथ से खुरचकर दिबियापुर लिख देंगे। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जिसको लेकर स्थानीय नेताओं ने फफूंद वासियों का सांसद द्वारा अपमान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि फफूंद स्टेशन के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन दान दी थी और स्टेशन का नाम फफूंद ही रहना चाहिए। सामूहिक इस्तीफे की पेशकश करने वालों में फूल सिंह सेक्टर प्रभारी, अनुराग पाठक मंडल महामंत्री, जीत कुमारी दुबे किसान मोर्चा फफूंद, कंचन श्रीवास्तव जिला मंत्री औरैया, प्रमोद तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष, मानवेंद्र पोरवाल, सुमित पाण्डेय सेक्टर संयोजक, मंगल नायक मंडल मंत्री, सुधांशु अग्निहोत्री मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, मिथिलेश राजपूत मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रेम कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र अग्निहोत्री मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, अजय सिंह चौहान मंडल उपाध्यक्ष, कमलेश कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष, अशोक राजपूत भाजपा सभासद, राजीव राजपूत सभासद भाजपा आदि मौजूद रहे।

प्रधान ने संभाला पौधों को सींचने का जिम्मा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में पौधरोपण में लगने वाले सरकारी धन की कीमत को ग्राम प्रधान ने समझा हैं। जिन्होंने इस बार पौधों को स्वयं सींचने का जिम्मा उठाया है।

ग्राम पंचायत कोठीपुर को कई पुरस्कार मिल चुके हैं। वहीं, प्रधान ने बताया हम अपनी ग्राम पंचायत को साफ सुथरा व हरा भरा बनाना है। प्रधान अमरेश पाण्डेय द्वारा पौधों की प्रति दिन साफ-सफाई के साथ ही उन्हें पानी देते है।

ग्राम प्रधान अमरेश पाण्डेय कहते हैं, कि हरियाली और पर्यावरण को जीवंत रखने के लिए सरकार हर वर्ष पौधे लगाती है लेकिन लोग पौधों की अहमियत नहीं समझते हैं। नतीजा यह होता है पौधे कुछ दिन ही जीवित रहकर सूख जाते हैं। इसीलिए उन्होंने पौधों को सींचने की जिम्मेदारी स्वयं उठाई है।

तीन जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें 15 फाइलें दायर की गईं।

तीन परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे। वह एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गए। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख को पहनाया चांदी का मुकुट

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख की भाजपा में पुनः वापसी पर कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम में उनका चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया।

ब्लॉक प्रमुख डॉ. शरद सिंह राना का विकासखंड की ग्राम पंचायत से ऊपर में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रमुख को चांदी का मुकुट व फूल माला और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत ब्लॉक

ब्लॉक प्रमुख का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

प्रमुख ने गांव ग्राम पंचायत की करीब 3 बीघा भूमि पर ओपन जिम पार्क खोलने के लिये 10 लाख रुपये से कार्य करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आशुतोष सिंह गौर, लालमन यादव, भोले यादव बीडीसी, दिबारी लाल, सलीम खान को भी सम्मानित किया गया।

लोक सभा चुनाव आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन ने अपनाया सख्त रुख

प्रशासन ने उतरवाए बैनर-होर्डिंग्स

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन सख्त हो गया। नगर पंचायत की टीम ने नगर और देहात क्षेत्रों में लगे नेताओं के होर्डिंग, बैनर उतरवाने का अभियान शुरू कर दिया है।

नगर के दिबियापुर रोड, अछल्दा चौराहा, मुरादगंज तिराहे से राजनीतिक पार्टियों के होर्डिंग व बैनर उतरवाए गये। अन्य मार्गों से भी राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को उतारने का काम किया गया। चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के दावेदार क्षेत्र में प्रभावी ढंग से अपनी उपस्थिति दिखा रहे थे। इसको लेकर वह सड़कों के किनारे होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और राजनीतिक दलों के झंडों आदि लगा

होर्डिंग व बैनर उतरवाते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

रहे थे। जिस वजह से सड़कें रंग-बिरंगी नजर आ रही थी। यहां तक कि कई स्थानों पर नेताओं ने दीवारों को भी अपने व पार्टी के नाम से रंगा हुआ था। शनिवार को चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासनिक, पुलिस व निकाय के अधिकारी हरकत में आ गये थे। अधिकारियों ने टीम के साथ शहर व देहात क्षेत्रों में लगे होर्डिंग, बैनर आदि उतरवाने का काम शुरू कर दिया। जहां दीवारों पर- राजनीतिक प्रचार के उद्देश्य से जो स्लोगन आदि लिखे गये थे उन्हें पुतवाने का काम शुरू कर दिया गया है।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी गंगा दास गौतम मय फोर्स के मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है : पुनीत मिश्रा

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। कस्बा के महेवा बस अड्डे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, गोवर्धन पर्वत पूजा, कंस वध, पूतना वध का वर्णन किया गया।

कथावाचक वीरेश माधव ने श्रोताओं से कहा कि श्रीकृष्ण के जन्म होने के बाद कंस उनको मौत के घाट उतारने राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेष बदलकर श्रीकृष्ण को जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। इसके बाद कंस श्रीकृष्ण को मारने के लिए बहुत से उपाए करता है। लेकिन, उसके सारे उपाय असफल हो जाते है और श्रीकृष्ण उन सारे राक्षसों को मार देते हैं। ब्रजवासी प्रभू इंद्र को प्रसन्न करने का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। श्रीकृष्ण द्वारा उनको इंद्र

- **अछल्दा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में माखन चोरी की लीला का किया गया वर्णन**

कथा सुनाते आचार्य ।

की पूजा करने से मना करते हुए गोवर्धन पर्वत का पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र इससे क्रोधित हो जाते हैं और भारी वर्षा करते हैं। भारी वर्षा देख श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे ब्रजवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। ब्रज में श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते है। माखन चोर की कथा

दिबियापुर में कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

सुनकर श्रोता सराबोर हो गये।

दिबियापुर संवाददाता के अनुसार : दिबियापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन धाम के भगवताचार्य पंडित पुनीत मिश्रा ने परीक्षित अरुण तिवारी व नीता तिवारी को आज दूसरे दिन कथा में परीक्षित जन्म व सती अनुसुइया चरित्र का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्षदायिनी है। कहा कि रामकथा मानव को जीवन जीने की कला सिखाती है। व्यक्ति जैसा कर्म करता है उसका फल भोगना पड़ता है। जब महाभारत का युद्ध चल रहा था तब कन्हैया ने पार्थ को दोनो सेनाओं के बीच में गीता का सार सुनाया था। प्रभु ने बताया कि शरीर नश्वर है सभी को इस संसार को छोड़कर जाना पड़ेगा। इसलिए सत्कर्म करो।धर्म आपके शिविर में है अधर्म कौरवों के द्वारा किया जा रहा है। भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य पुनीत मिश्रा ने परीक्षित अरुण तिवारी व नीता तिवारी को बताया जब इंसान बुरे कर्म का नतीजा भलीभांति जानता है फिर भी मन के वशीकरण से गलत काम में लिप्त हो जाता है, जिसका फल उसे भोगना पड़ता है।

एक नजर

योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

वसूली गैंग जेल जाएगा : शाहनवाज़ आलम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि इलेक्टोरल बांड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। हफ़्ता वसूली गैंग जेल जाएगा। रविवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और पूंजीपतियों का जांच के बाद जेल भेजा जाना तय है। उनके अवैध पैसे को किसानी और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा।

शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

अमृत विचार, लखनऊ : अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में ठौर का इंतजार

राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद से हैं बाहर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है। सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

▸▸ भाजपा की सूची में मनोज पांडेय को टिकट का भरोसा, कई अन्य चुनाव बाद होंगे समायोजित

न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इतंजार है।

कांग्रेस में लोस के साथ घोषित होंगे विस उप चुनाव के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। विधानसभा उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर जातीय समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

▸▸ विस संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू

▸▸ अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही लड़ने की चर्चा

कांग्रेस यात्रा के समापन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अखिलेश

अमृत विचार : कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए। रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे।हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं, और इसकी सफलता तभी है जबकि हम भाजपा को पराजित करें। अपने न पहुंच पाने का कारण बताते हुए अखिलेश ने लिखा है कि 20 मार्च से शुरु होने वाले नामांकन की तैयारियों में व्यस्तता चलते मैं कांग्रेस की समापन यात्रा के कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं।

कई पूर्व सैनिक कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार : कई पूर्व सैनिक रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। भारतीय सेना में कैप्टन रहे राजकरन सिंह 'फौजी भैया' के नेतृत्व में पूर्व कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक अखिलेश सिंह, राजेश बहादुर सिंह व अवध राज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में सर्व समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, वाइस चयरमैन दीपक भट्ट, नुसरत अली मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड दिया।

स्वामी प्रसाद कुशी नगर से लड़ सकते हैं लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। बताया जा रहा है इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले दलों को सीटें दी जा सकती हैं। सपा के सीट न देने पर कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी को सीट देने की पहल कर सकती है।

▸▸ स्वामी प्रसाद मौर्य लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

मेरठ, कानपुर व अकबरपुर से बसपा ने घोषित किये प्रत्याशी

अमृत विचार : बसपा ने लोकसभा के तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। मेरठ, अकबरपुर व कानपुर में प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही मंडल प्रभारियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या पांच पहुंच गई है।बसपा ने अकबरपुर सीट पर राजेश द्विवेदी को मैदान में उतारा है, जबकि मेरठ के बुद्धा गार्डन में संपन्न एक दिवसीय सम्मेलन में कोऑर्डिनेटर व मंडल प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेरठ से देववृत त्यागी को प्रत्याशी होने का एलान कर दिया। वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के पाले में रहने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के मंडल प्रभारी नौशाद अली ने ठाकुर जाति के कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन के टिकट की घोषणा कर दी। कुलदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती से हरी झंडी मिलने के बाद उन्नाव से अशोक पाण्डेय और लखीमपुर खीरी में धौरहरा सीट पर भाजपा से आए श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। इन केन्द्रों पर 600 ऐसे सरकारी शिक्षक हैं जो उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि इनकी ड्यूटी पहले दिन से ही लगी है। रविवार को जुबिली कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को जब शिक्षकों की अनुपस्थिति का पता चला तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। यहां करीब 300 शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्होंने पहले दिन से मूल्यांकन नहीं किया। इसी तरह से राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर से भी करीब 300 से शिक्षक अनुपस्थित मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन सभी की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा यदि ये सोमवार को मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं आते हैं तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका दिया जायेगा।

शिक्षकों लापरवाही नहीं तो और चेक होती कॉपी: जिला विद्यायलय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर और गोमती नगर में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इन सभी केन्द्रों पर अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी की गई है। डीआईओएस ने बताया कि ये शिक्षक अगर पहले दिन से कॉपियों का मूल्यांकन करते तो और ज्यादा कॉपी चेक हो सकती थी। अभी तक 60 हजार कॉपी चेक हुई हैं।

▸▸ 600 शिक्षकों का रुकेगा वेतन, शुरू हुई सख्ती दो दिनों में 60 हजार चेक हुई कॉपियां

राजधानी के जुबिली कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस राकेश कुमार।

सचिव ने कहा निर्धारित समय में पूरा होगा मूल्यांकन

रविवार को अमृत विचार से बातचीत में सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि अब तक सभी 260 मूल्यांकन केन्द्रों पर 37,98,967 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि 31 मार्च को मूल्यांकन का अंतिम दिन होगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की निगरानी भी सीसी टीवी कैमरे से की जा रही है।

लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

अमृत विचार, लखनऊ: बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं।

जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी।

सपा ने नियुक्त किए कई पदाधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव निवासी बलिया को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है।

वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट निवासी प्रयागराज को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह 'बागी' निवासी झूंसी को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल निवासी बलिया को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन निवासी सआदतगंज लखनऊ को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव निवासी कानपुर नगर को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

मंडल स्तर पर बनेंगे खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: खाद्य एवं औषधि के लिए गए नमूनों की त्वरित जांच के लिए मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय एवं जिला स्तर पर प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 12 मंडलीय कार्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया है। जिलों में प्रयोगशालाओं के लिए अलग से बजट दिया गा है। लखनऊ में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय व प्रयोगशाला के लिए 18 करोड़ 17 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ एवं अधोमानक दवाओं की रोकथाम के लिए जिले स्तरीय ढांचा मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। उक्त क्रम में ही शासन द्वारा मंडल स्तर पर बनने वाले कार्यालय बरेली को 22 करोड़ 53 लाख, सहारनपुर में 23 करोड़ 32 लाख, मुरादाबाद में 23 करोड़ 21 लाख, अलीगढ़ में 22 करोड़ 58 लाख, कानपुर को 23 करोड़ 20 लाख,सहित अन्य नियंत्रण कार्यालय के लिए 22 करोड़ 45 लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया गया है। पहली किस्त जारी कर दी गई है।

▸▸ होली आदि त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच होगी आसान

भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

मेरठ में 100 एमबीबीएस की व आजमगढ़ में 30 पीजी की बढ़ेंगी सीटें

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

▸▸ मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने के लिए बजट जारी

वर्ग पहेली-13

बाएं से दाएं

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

ऊपर से नीचे

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



वर्ग पहेली -12 का हल

1 क	जा	वा	■	■	2 गँ	■
ला	■	■	3 वै	■	द	■
कं	■	4 अ	ध	5 ज	ला	■
6 द	शा	व	ता	र	■	7 खं
■	■	गा	■	8 क	रं	ड
9 अ	गू	ढ़	■	टी	■	सा
ल	■	■	■	■	■	री

सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				7				3
9		2					8	
	7		8			4		
5			3			8	9	
				6	1			2
		1			2			
						7	5	8
8	4			9				

सुडोकू -91 का हल

9	4	2	5	8	6	7	3	1
6	7	5	3	1	2	4	8	9
3	8	1	4	7	9	2	5	6
4	1	9	2	3	7	5	6	8
8	5	7	9	6	1	3	4	2
2	3	6	8	4	5	9	1	7
1	6	4	7	9	3	8	2	5
7	2	3	6	5	8	1	9	4
5	9	8	1	2	4	6	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

वृष — आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

मिथुन — आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

कर्क — आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

सिंह — आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे,जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

कन्या — आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा,लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

तुला — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है,जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु — आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

मकर — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

कुंभ — आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

मीन — आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
क्यों की — सुबह : 11.00
सरफरोश — रात : 07.00

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 10.43
वाटला हाउस — रात : 07.00

SONY PIX
एनाबेल — सुबह : 10.46
ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सड़क — सुबह : 10.30
फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12.51
भोला शंकर — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

80 लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

10.46 लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

01 लाख 75 हजार बूथ

15 करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

2.5 करोड़ कल लाभार्थी

चुनावी तीर

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

रामगोपाल यादव, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा

राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

अमृत विचार: उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।

उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस क़े टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।

धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निरान्ला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	51	36.4	8.9	1.1
2019 लोस	57.4	24.7	---	15.1
2017 विस	43.5	19.0	24.9	6.4
2014 लोस	43.2	17.4	16.7	16.4

23 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

2014 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	5,18,834
सपा	अरुण शंकर शुक्ल	2,08,661
बसपा	ब्रजेश पाठक	2,00,176
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,97,098

2019 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	7,03,507
सपा	अरुण शंकर शुक्ला	3,02,551
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,85,634

हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

09 लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

1991 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत

अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद जम्मू में पहला लोस चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

यहां होगा कड़ा मुकाबला

उधमपुर : केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

श्रीनगर : नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

अनंतनाग-राजौरी : इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।



1977 में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

1998 व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

2004 में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

2009 में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे

अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी। 1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।

अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद

वर्ष	पार्टी	सांसद
1957	कांग्रेस	जंग बहादुर
1960	कांग्रेस	हरगोविंद पंत
1962-67	कांग्रेस	जंग बहादुर
1971	कांग्रेस	नरेंद्र सिंह
1977	लोक दल	मुरली मनोहर जोशी
1980-84 व 89	कांग्रेस	हरीश रावत
1991	भाजपा	जीवन शर्मा
1996-98,99 व 2004	भाजपा	बच्ची सिंह रावत
2009	कांग्रेस	प्रदीप टम्टा
2014 व 19	भाजपा	अजय टम्टा

लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

न्यायालय से नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली। केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार दिया है।

शुरू हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारी...

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

एक नजर

तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

इंफाल। निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- श्रीलंका-ताजिकिस्तान के एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

राजस्थान में 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार

जालौर, एजेंसी

राजस्थान में जालौर जिले की थाना बागरा एवं बालोतरा जिले की थाना सिणधरी में पुलिस ने 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 500-500 रुपये के कुल 145 जाली नोट बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी सरूपा राम जाट, खेताराम जाट एवं राउराम जाट थाना सिणधरी जिला बालोतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि थाना बागरा इलाके में नकली नोट के संबंध में सूचना मिलने पर नाकाबंदी में बाकरा गांव के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति सरूपा राम एवं खेताराम को रोका गया था। दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास 500-500 के कुल 41 जाली नोट कुल रकम 20 हजार 500 रुपये मिले। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की गई। पूछताछ में इन्होंने जाली मुद्रा की प्राप्ति सिणधरी निवासी राउराम जाट से होना बताया है।

संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

न्याय संकल्प पदयात्रा

- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है

पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

कारोबार/कृषि

एक नजर

अडाणी समूह 2024 25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

नई दिल्ली। अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

नई दिल्ली। देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, ''हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।'' आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है।

आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता

डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

नई दिल्ली। चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

अमृत विचार: पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

मालदीव की निगरानी से बाहरी पक्ष न हों चिंतित

माले, एजेंसी

- हिंद महासागर में पहली बार सुरक्षा के लिए तैनात किए ड्रोन

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि मालदीव के क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए, जिसमें हिंद महासागर द्वीप समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन की पहली तैनाती भी शामिल है। दरअसल, उन्होंने विशाल समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए अपने रक्षा बलों को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है।

राष्ट्रपति कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) एयर कोर और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को लॉन्च करने के लिए एक समारोह में बोलते हुए मुइज्जू की नवीनतम टिप्पणियां आईं। मुइज्जू ने समारोह में मालदीव की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नई पहल की घोषणा की। चीन समर्थक मालदीव के नेता की टिप्पणी मुइज्जू द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी तेज करने के बाद भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले बैच के द्वीप राष्ट्र छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई है।

मुइज्जू ने कहा कि देश अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मालदीव कोई छोटा देश नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह द्वीप राष्ट्र नौ लाख वर्ग किलोमीटर तक फैला है और अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, "मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार तटरक्षक बल की क्षमता को दोगुना करेगी। इसके अलावा, एयर कॉर्प्स बेड़े का विस्तार करेगी और भूमि आधारित वाहनों और प्लेटफार्मों को बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पद संभालने के बाद मुइज्जू ने भारत से द्वीप राष्ट्र से लगभग 90 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था।

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

नई दिल्ली। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।



क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

एक नजर

आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

नई दिल्ली। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

सना। यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

अफगानिस्तानः बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे

रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

व्लादिमीर पुतिन को इन नेताओं ने दी चुनौती

रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी

अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्याक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

लंदन। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

यातायात ठप...

शिमला: हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

पुणे: एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।

खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

शोध अमेरिका के ड्यूक विवि ने किया अध्ययन, पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया बढ़ने की आशंका

पड़ोसी की वजह से दिमाग उम्र से 3 साल हो जाता है बूढ़ा

वाशिंगटन, एजेंसी

आपकी जिंदगी पर दोस्तों और पड़ोसियों का गहरा असर होता है। यही नहीं आप जिस जगह रहते हैं, वहां के हालात से तय होता है कि आपकी याद्दाश्त कैसी होगी। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय में हुई शोध के मुताबिक, अगर आपके पड़ोसी अच्छे नहीं हैं तो आपका दिमाग 3 साल जल्दी बूढ़ा हो जाएगा।

यह शोध करने वाले ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया-सिजोफ्रेनिया जैसी चीजों को भूलने की बीमारी होने की आशंका 43 फीसदी तक बढ़ जाती है। दरअसल 45 साल की उम्र से ही उनका दिमाग पड़ोस के खराब माहौल के दबाव को झेलने की क्षमता खोने लगता है। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोगों के दिमाग में नर्व पूरी सूचना नहीं पहुंचा पाता।

क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबेन कहते हैं- डिमेंशिया से बचने की तैयारी डायग्नोज होने से 20 साल पहले करने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि डिमेंशिया की शुरुआत तभी हो चुकी होती है। डायग्नोज बाद में होता है।

पिछड़े इलाकों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। रोजाना कुछ देर की एक्सरसाइज से आप बॉडी के साथ माइंड को भी फिट एंड फाइन रख सकते हैं। एक्सरसाइज से ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन्स रिलीज होते हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री रखने में मदद करते हैं। इससे अल्जाइमर, डिमेंशिया का खतरा काफी हद तक कम होता है। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे मोटापा, हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर की खतरा बढ़ जाता है और ये दिमाग और तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। जिससे बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया हो सकता है। गौरतलब है कि, इस सर्वे को करने वाले क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबन कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल खराब है, तो सिजोफ्रेनिया-डिमेंशिया जैसी बीमारियों के होने की संभावना 43% तक बढ़ जाती है। ऐसा टॉक्सिक एन्वॉयरमेंट 45 साल की उम्र से ही आपके दिमाग को प्रभावित करने लगता है।

दैनिक जीवन में करें ये जरूरी बदलाव

लगातार बढ़ता वजन और मोटापा ब्लड प्रेशर से लेकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। ये दोनों ही डिमेंशिया से कनेक्टेड हैं, तो इससे बचे रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। डाइट में ताजे फल, सब्जियों, मेवों, बीज, दालें और साबुत अनाज को खासतौर से शामिल करें। इसके साथ ही जंक, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स अवॉयड करें।



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।